जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



It Is The Worship Of The Womb

This type of image has been found in countries around the world, from Egypt to Ireland.

Cooler days & nights at Moon

Lockdowns have been shown to have starkly impacted human activities such as industrial pollution, transportation and fossil fuel burning

# कांग्रेस की जीत इस बात पर निर्भर करेगी कि पार्टी अपने आंतरिक तनाव व मतभेदों से कैसे निपटती है

## पार्टी के प्रति उत्साह बहुत है, 90 सीटों के लिए ढाई हजार गंभीर ''एप्लीकेशन्स'' आई हैं

- हर एस.सी./एस.टी. आवेदक को अपनी एप्लीकेशन के साथ दस हजार रूपये जमा करवाने होते हैं तथा साधारण वर्ग के आवेदक को बीस हजार रूपए जमा करवाने पड़ते हैं।
- पर, हरियाणा में काफी आंतरिक विरोध है पार्टी में, क्योंकि, अधिकांश टिकट भूपेन्द्र हुड्डा के समर्थकों को दिये गये हैं तथा दलित वर्ग काफी कुंठित व कुपित है, इस एकतरफा टिकट वितरण से।
- इसी प्रकार महाराष्ट्र में भी भारी उत्साह है पार्टी के टिकटों के बारे में। अभी हालांकि चुनाव घोषित नहीं हुए हैं, लेकिन, कांग्रेस पार्टी के टिकट पाने के लिये, 110 सीटों के लिए 1830 आवेदन आ चुके हैं और पार्टी का मानना है कि आवेदकों की संख्या कि दृष्टि से महाराष्ट्र हरियाणा को बहुत पीछे छोड़ देगा।
- आवेदकों में भारी उत्साह का कारण यह भी है कि, गत लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी गठबंधन 65 प्रतिशत सीटों पर बढ़त मिली थी।
- अगर महाराष्ट्र अघाड़ी का टिकट पाने के लिये इतना जोश है तो कांग्रेस के इस गठबंधन के विधानसभा चुनाव में जीतने की अच्छी संभावना है।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। महाराष्ट्र कांग्रेस इकाई के पास टिकटार्थियों की भीड़ लग रही है। पूरे राज्य से अब तक 1830 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं, जबकि अभी चुनावों की घोषणा भी नहीं हुई है। इसके अलावा भी, 288 सीटों में से 100-110 सीटों पर ही कांग्रेस के चुनाव लड़ने की संभावना है। इनमें से अधिकांश आवेदन विदर्भ तथा मराठवाड़ा क्षेत्रों से आए हैं।

महाराष्ट्र की स्थिति भी वैसी ही दिखाई दे रही है, जैसी हरियाणा में दिखाई दी थी। हरियाणा में 90 सीटों के लिये 2500 से अधिक आवेदन पत्र कांग्रेस के पास आये थे। महाराष्ट्र में, आवेदकों के लिये आवेदन पत्र के साथ रजिस्ट्रेशन फीस जमा करना अनिवार्य है। यह फीस एस.सी./एस.टी. आशार्थियों के लिये 10,000 रु. तथा सामान्य वर्ग के टिकटार्थियों के लिये 20,000 रु. है। पार्टी के अनुसार, आवेदन पत्रों की संख्या के मामले में महाराष्ट्र राज्य हरियाणा को पीछे छोड़ देने की स्थिति में प्रतीत हो रहा है, क्योंकि आवेदन रोजाना आ रहे हैं, जबकि राज्य के चुनावों की घोषणा अभी हुई भी नहीं है।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने इस प्रगति को लेकर बड़ा उत्साह व्यक्त किया है। वे हाल ही के लोकसभा चुनावों में पार्टी को मिली सफलता का हवाला दे रहे हैं, जहाँ कांग्रेस एक बड़ी ताकत के रुप में उभरी थी तथा उसने 13 लोकसभा सीटें जीती थीं तथा एक निर्दलीय सांसद का समर्थन भी उसे प्राप्त हो गया था। इसके साथ ही, महाविकास अघाड़ी को 65 प्रतिशत विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल हुई थी। उन्होंने आगे कहा कि आवेदन पत्रों का यह ज्वार महाराष्ट्र में पार्टी की संभावनाओं के लिये एक शुभ संकेत है।

पूर्व मंत्री नितिन राउत, जो आवेदकों की स्क्रीनिंग/ इन्टरव्यू सम्बंधी पैनल का हिस्सा हैं, ने कहा कि अधिकांश आवेदन विदर्भ तथा मराठवाड़ा क्षेत्रों से मिले हैं, जहाँ दलित, मुस्लिम तथा मराठा कांग्रेस और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जमवाय माता मंदिर की राह सुगम होगी- दिया कुमारी

जयपुर, 3 अक्टूबर। शारदीय नवरात्रि के पावन मौके पर जमवाय माता मंदिर के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उपमुख्यमंत्री और सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने जमवारामगढ़ क्षेत्र में गुढ़ा (-52) से वाया आंधी, रामगढ़

- गुढ़ा, झिरी, आँधी, रामगढ़, जयपुर की 11 किलोमीटर रोड के दोहरीकरण के लिये उपमुख्यमंत्री ने 15 करोड़ स्वीकृत किये।

होते हुए जयपुर (-8) तक सड़क चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। 15 करोड़ की लागत से इस सड़क के सुदृढ़ीकरण और डबल लेनिंग का काम शीघ्र ही शुरु हो जायेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि बजट में की गयी घोषणा के मुताबिक जमवारामगढ़ में इस मार्ग के विकास से स्थानीय लोगों और श्री जमवाय माताजी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम हो पायेगा। वर्ष 2023-24 में हुई बजट घोषणा के मुताबिक, गुढा से किशोर, सिद्धा का तिबारा, झिरी, आंधी और रामगढ़ होते हुए 11.30 किलोमीटर लंबी सड़क का दोहरीकरण का काम किया जायेगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग जमवारामगढ़ के अधिशासी अभियंता के मुताबिक, इस सड़क के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए वन विभाग को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मिला अप्रत्याशित समर्थन

## जद (एस) के वरिष्ठ विधायक जी.टी. देवेगौड़ा सिद्धारमैया के बचाव में उतरे

- उन्होंने कहा, अगर एफ.आई.आर. दर्ज होने पर इस्तीफा देने की बात है तो क्या केन्द्रीय मंत्री और जद (एस) के चीफ एच.डी. कुमारास्वामी इस्तीफा देंगे, क्योंकि उन पर भी एक मामले में एफ.आई.आर. दर्ज है।
- जी.टी. देवेगौड़ा ने यहाँ तक कहा कि सिद्धारमैया चुनाव जीत कर 136 विधायकों के समर्थन से मुख्यमंत्री बने हैं, मुझे बताइए कौनसा कानून कहता है कि उनसे इस्तीफा मांगा जाए या उन्हें जेल भेजा जाए।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। हर तरफ से घिरे कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया, जो मैसूर अरबन डवलपमैंट अथॉरिटी के साथ एक जमीन घोटाले में आरोपी है, को एक ऐसी जगह से मदद मिली है जहाँ से जरा भी उम्मीद नहीं थी। जनता दल (एस) के एक वरिष्ठ विधायक ने कहा है कि सिद्धारमैया को इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है, उन्होंने इसकी बजाय अपने पार्टी के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री एच.डी. कुमारास्वामी का इस्तीफा मांगा है।

गुरुवार को मैसूर में हुई दशहरा महोत्सव संबंधी बैठक में वरिष्ठ जनता दल (एस) नेता एवं विधायक जी.टी. देवेगौड़ा ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा मांगे जाने की निंदा की और कहा कि अन्य नेताओं जिनके खिलाफ राज्य में एफ.आई.आर. दर्ज हैं, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (एस) प्रमुख कुमारास्वामी भी उनमें से एक है, जिनके खिलाफ एक अलग मामले में एफ.आई.आर. दर्ज है। जी.टी. देवेगौडा के बयान को राजनैतिक हलकों में बहुत दिलचस्पी से देखा जा रहा है। उन्होंने ना केवल सिद्धारमैया का बचाव किया बल्कि अपनी पार्टी और भाजपा के नेताओं, यहाँ तक कि उन सभी नेताओं को इस्तीफा देने की चुनौती दी, जिनके खिलाफ राज्य में एफ.आई.आर. दर्ज है।

अपनी पार्टी के नेता कुमारास्वामी का नाम लिए बिना जी.टी. देवेगौड़ा ने कहा कि राज्य व केन्द्र के जो लोग (केन्द्र में मंत्री बनने के बाद) अपनी जिम्मेवारी और सम्मान को समझे बिना ही सिद्धारमैया के अच्छे कामों की अनदेखी कर रहे हैं और रोज उनसे इस्तीफा मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुमारास्वामी, जो मांडया लोकसभा सीट से 2 लाख वोटों से जीते हैं, क्या इस्तीफा मांगे जाने पर इस्तीफा दे देंगे? सिद्धारमैया चुनाव जीते हैं, 36 विधायकों के समर्थन से मुख्यमंत्री बने हैं। मुझे बताइए कौनसा कानून उन्हें इस्तीफा देने या जेल में डालने को कहता है?

अगर सिद्धारमैया को सिर्फ एफ.आई.आर. दर्ज होने के कारण इस्तीफा देना पड़ता है तो कांग्रेस, भाजपा, जनता दल (एस) का कोई भी नेता नहीं बचेगा। उन्होंने आगे कहा, क्या कोर्ट या गवर्नर ने सिद्धारमैया से कहा, इस्तीफा दो, नहीं तो जेल भेज देंगे?

सिद्धारमैया जिन्होंने दस दिन के दशहरा उत्सव का उद्घाटन किया था, ने कहा कि वे अपनी आत्मा की आवाज़ के अनुसार काम कर रहे हैं। उन्हें यकीन है सत्य की जीत होगी। वे इस्तीफा नहीं देंगे। सिद्धारमैया ने कहा, ''जब तक जनता और माँ चामुंडेश्वरी का आशीर्वाद है, कोई भी कुछ नहीं कर सकता।''

# जेल रजिस्टर का जातिगत कॉलम ''असंवैधानिक'' घोषित

## सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि जेल रजिस्टर से जाति का कॉलम हटा दिया जाए

- सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे और बैरकों के पृथक्करण को संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 21 और 23 का उल्लंघन करार दिया और केन्द्र तथा राज्य की सरकारों से आदेश के अनुरुप जेल मैनुअल में संशोधन करने के निर्देश दिए।
- सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला, पत्रकार सुकन्या शांता की याचिका पर दिया, जिन्होंने जेलों में जातिगत भेदभाव के विरोध में याचिका दायर की थी और आरोप लगाया था कि जेलों में कैदियों के रहने से लेकर काम का वितरण तक मनु की जाति व्यवस्था पर आधारित है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। देश भर की जेलों में काम के आवंटन में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए गुरुवार को कहा कि, जेलों में जाति आधारित भेदभाव नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में बंद आरोपियों व अडंर ट्रायल्स के रजिस्टर से जाति का कॉलम हटाने को कहा है।

चीफ जस्टिस डी.वाय. चंद्रचूड़ ने जेलों में व्याप्त जातिगत भेदभाव व छूआछूत को असंवैधानिक बताया, राज्य जेल मैनुअल के विभिन्न प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 21 और 23 का उल्लंघन करते हैं, इसलिये इन्हें असंवैधानिक करार दिया जाता है। सभी राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया जाता है कि वे इस आदेश के आधार पर तीन माह के भीतर जेल मैनुअल में बदलाव करें। सी.जे.आई. के नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय बैंच में जस्टिस पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केन्द्र सरकार मॉडल प्रिज़न मैनुअल, 2016 और मॉडल प्रिजन्स एण्ड करैक्शनल सर्विस एक्ट 2023 में से जातिगत भेद भाव को हटाने के लिए आवश्यक सुधार करे। सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में जाति, लिंग, दिव्यांगता व अन्य आधारों पर होने वाले भेद भाव पर स्वतः संज्ञान लिया।

कोर्ट ने रजिस्ट्री से स्वतः संज्ञान के तीन माह बाद उठने को कहा और कहा कि तब सुनवाई की पहली तारीख सभी राज्य सरकारे व केन्द्र सरकार इस पर रिपोर्ट देगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला एक पत्रकार सुकन्या शांता की याचिका पर दिया। सुकन्या ने 10 दिसम्बर 2020 का एक लेख लिखा था कि बैरकों पृथक्करण से लेकर काम के बंटवारे तक मनु की जाति व्यवस्था ही भारतीय जेल व्यवस्था को संचालित करती है। भारतीय जेलों में व्याप्त जातिगत भेदभाव को उजागर किया गया था। सुकन्या ने 2023 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी और सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई 2024 को इस पर फैसला रिज़र्व रखा था।

## नड्डा जयपुर नहीं आयेंगे, वी.सी. से बैठक लेंगे

जयपुर, 3 अक्टूबर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जयपुर दौरा स्थगित हो गया है। पहले नड्डा शनिवार को जयपुर आ रहे थे। वे भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक लेने वाले थे। लेकिन अब यह बैठक रविवार को वीसी से होगी।

- भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक अब भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा रविवार को वीडियो कॉन्फ्रैंस के जरिये लेंगे।

प्रदेश भाजपा को 15 अक्टूबर तक 1.25 करोड़ सदस्य बनाने हैं। लेकिन पहले चरण के खत्म होने तक करीब 31 लाख सदस्य ही बने हैं। नड्डा से पहले, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष 26 सितम्बर को प्रदेश भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक ले चुके हैं, जिसमें उन्होंने सदस्यता अभियान की धीमी गति को लेकर नाराज़गी जताई थी। इसके बाद, अभियान में तेजी देखने को मिली थी। इसी सिलसिले में अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को सदस्यता अभियान की बैठक लेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने ईशा योग सैंटर पर पुलिस कार्यवाही रोकी

## सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडू हाई कोर्ट से यह केस अपने अधिकार में ले लिया है

- मामले की शुरुआत, एक व्यक्ति के इस आरोप से हुई कि उसकी दो बेटियों को जबरन ईशा फाउण्डेशन के आश्रम में रखा गया है और उनका ब्रेन वॉश किया जा रहा है।
- पिता ने तमिलनाडू हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, इसके बाद तमिलनाडू पुलिस ने ईशा योग सैंटर पर रेड की थी।
- दोनों महिलाओं ने कोर्ट को बताया कि वे अपनी मर्जी से आश्रम में रह रही हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस कार्यवाही रोकने के आदेश दिए।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को तमिलनाडु पुलिस को ईशा योग सेन्टर के खिलाफ आगे कोई भी कार्यवाही करने से रोक दिया। ज्ञातव्य है कि मद्रास उच्च न्यायालय ने गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा कोयम्बटूर में संचालित ईशा योग सेन्टर के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। सर्वोच्च न्यायालय ने उक्त केस मद्रास उच्च न्यायालय से अपने अधिकार में ले लिया है।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की बैंच ने तमिलनाडु पुलिस से कहा है कि वह उस स्टेटस रिपोर्ट को शीर्ष अदालत में पेश करे, जो इससे पूर्व उच्च न्यायालय ने माँगी थी। बैंच ने निर्देश दिये कि ''उच्च न्यायालय के आदेश के चौथे पैराग्राफ में दिये गये निर्देशों की अनुपालना में, पुलिस आगे कोई कार्यवाही नहीं करेगी।''

शीर्ष अदालत ने यह आदेश ईशा फाउण्डेशन की ओर से प्रस्तुत वरिष्ठ एडवोकेट मुकुल रोहतगी द्वारा त्वरित सुनवाई की माँग के बाद दिया। रोहतगी ने बैंच को बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना में, करीब 15 अधिकारियों की पुलिस टीम जाँच के लिये आश्रम में पहुँच गई।

बैंच ने कहा, ''इस प्रकार के प्रतिष्ठान में पुलिस के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती।'' ईशा फाउण्डेशन के अनुरोध का समर्थन करते हुये, केन्द्र सरकार की ओर से प्रस्तुत सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय को और ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिये थी।

मद्रास उच्च न्यायालय ने 30 सितम्बर, 2024 को एक पिता द्वारा दायर बन्दी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई की, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि उसकी दो बेटियों को ईशा योग सेन्टर में कैद करके रखा हुआ है तथा उनका ब्रेनवॉश किया जा रहा है। इस केस की सुनवाई करते हुये, उच्च न्यायालय ने पुलिस से इस संस्थान के खिलाफ दर्ज सारे क्रिमिनल केसों की रिपोर्ट माँगी थी। सर्वोच्च न्यायालय में रोहतगी ने कहा कि दोनों महिलाएं हाईकोर्ट में उपस्थित हुई थीं और उन्होंने कहा था कि वे अपनी मर्जी से आश्रम में रह रही हैं।

केस की सुनवाई में बैंच ने दोनों पहने से चैम्बर में बात की और उसके बाद चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ ने कहा कि दोनों महिलाओं ने बताया है कि वे अपनी मर्जी से आश्रम में रह रही हैं। कोर्ट ने कहा कि एक महिला ने तो हाल ही में मैराथॉन में भी हिस्सा लिया था।

चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ ने कहा कि उन्हें बताया गया कि पुलिस टीम ने गत रात्रि आश्रम छोड़ दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में दोनों महिलाओं (जो आज 32 व 49 वर्ष की हैं) द्वारा दिए गए वक्तव्यों को भी दर्ज किया, कि वे 2009 से स्वेच्छा से आश्रम में रह रही हैं और उनके माता-पिता कई बार उनसे मिलने आ चुके हैं।

हालांकि, पूर्व में बेटियाँ हाई कोर्ट के समक्ष पेश हुई थीं और कहा था कि वो आश्रम में अपनी मर्जी से रह रही हैं, तथापि, हाईकोर्ट ने यह कहते हुए कि आश्रम के विरुद्ध गंभीर आरोप हैं, ईशा फाउण्डेशन के विरुद्ध चल रहे अपराधिक मुकदमों के जानकारी मांगी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बारां प्रवास के पहले दिन प्रांत प्रचारकों की बैठक ली भागवत ने

बारां, 3 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अपने चार दिवसीय बारां प्रवास में आज पहले दिन बारां की संस्था धर्मादा धर्मशाला में प्रान्त के सभी प्रचारकों के साथ बैठक की।

- उन्होंने कहा कि संगठित, सबल व अनुशासित हिन्दू समाज के स्वप्न को पूर्ण करना शताब्दी वर्ष का ध्येय है।

बारां के विभाग संघचालक रमेश चंद्र मेहता ने बताया कि डॉ. भागवत ने इस बैठक में सभी जिला एवं विभाग प्रचारकों से शताब्दी वर्ष की कार्य योजना और कार्य के दृढ़ीकरण पर चर्चा की। सरसंघचालक ने प्रचारकों से बातचीत में कहा कि हमें शताब्दी वर्ष उत्सव के रूप में नहीं मनाना है, डॉक्टर साहब ने संगठित, सबल और अनुशासित हिन्दू समाज का जो स्वप्न

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इज़रायल, अमेरिका के साथ बैठकर ईरान पर आक्रमण की तैयारी करने में व्यस्त है

## हालांकि, इस प्लानिंग में ईरान के न्यूक्लियर हथियारों के ठिकानों को नष्ट करना लगभग तय हो गया है, पर, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन अभी ऊपरी मन से यह भी कह रहे हैं कि ईरान के न्यूक्लियर प्रतिष्ठान पर आक्रमण इस तैयारी का हिस्सा नहीं हैं।

- पर, प्लानिंग के दौरान इज़रायल बेरुत पर आक्रमण कर हिजबुल्लाह के ठिकानों को नष्ट करने में लगा हुआ है। जैसा कि विदित ही है, इज़रायल के उत्तरी भाग की नागरिक बस्तियाँ लगातार, बैरुत में स्थित हिजबुल्लाह आतंकवादियों के हमले से परेशान रहती हैं और इज़रायल सरकार ढाई'तीन लाख नागरिकों को यहाँ से हटा चुकी है।
- अमेरिका के पूर्व नैशनल सिक्युरिटी सलाहकार, जॉन बोल्टन, बराबर दबाव बना रहे हैं कि ईरान के न्यूक्लियर हथियारों को नष्ट करना जरूरी है, क्योंकि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अगली बार ईरान ने इज़रायल पर मिसाइल दागी तो वे न्यूक्लियर बम से सुसज्ज़ित नहीं होंगी।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। ईरान के हमले का जवाब देने के लिए इज़रायल संभवतया अमेरिका के साथ मिलकर योजना बना रहा है।

अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडन ने वाइट हाउस के पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि आज कुछ नहीं होगा पर बाइडन ने अप्रत्यक्ष रुप से माना कि ईरान के संसाधनों पर इज़रायल के हमले की योजना तैयार की जा रही है।

जो बाइडन ने यद्यपि कहा कि ईरान के परमाणु आयुध प्रोग्राम पर वह इजरायल के हमले में साथ नहीं देगा। अंत चाहे जो हो पर यह तो तय है कि इज़रायल ईरान को माकूल जवाब देगा और ईरान की सुविधाओं पर हमले करेगा। दूसरी ओर अमेरिका के पूर्व नैशनल सिक्योरिटी एडवाइज़र जॉन बोल्टन ने इरानी हमले के जवाब में इज़राइल से बड़ा हमला करने को कहा। बोल्टन ने जो बाइडन द्वारा इज़रायल की प्रतिक्रिया पर अपनाए गए, संयमित नजरिए की आलोचना की। बाइडन ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमले में इज़रायल का साथ नहीं देने को कहा है।

अभी इज़रायल का सारा फोकस ईरान के सबसे बड़े ददगार हिजबुल्लाह को खत्म करने के बारे में है ताकि वह उत्तरी सीमा से चिंता मुक्त हो जाए। हिजबुल्ला इज़रायल की उत्तरी सीमा पर बसे आबादी वाले इलाकों में हमला करता रहता है। गत 24 घंटों में इज़रायल ने बेरुत में हिजबुल्लाह के गुप्तचर केन्द्रों को नष्ट कर दिया है। इस बमबारी के कारण मरने वाले निर्दोष नागरिकों की संख्या बढ़ती जा रही है। हिजबुल्लाह को खत्म करने के बाद इज़राइल ईरान के हमले का माकूल जवाब देगा।

इज़रायल द्वारा नसरल्लाह की हत्या के बाद ईरान ने इज़रायल पर 200 मिसाइले दागी थीं। नसरल्लाह की मौत ईरान और इसके शिया आतंकी नैटवर्क के लिए बड़ा झटका था। खबरे हैं कि नसरल्लाह की मौत के बाद हिजबुल्लाह शांति वार्ता के बारे में विचार कर रहा है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमलों व जवाबी हमले के कारण समूचा क्षेत्र भीषण युद्ध को झेल रहा है। बोल्टन ने कहा कि अब आवश्यक हो गया है कि ईरान के न्यूक्लियर वैपन प्रोग्राम व उसकी क्षमताओं को नष्ट कर दिया जाएं। अगली बार ईरान मिसाइल हमले की हिम्मत न कर सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हो सकता है अगली बार ईरान की मिसाइले परमाणू अस्त्र से सुसज्जित हों। कोई ब्यौरा दिए बिना इज़रायली सूत्रों ने संकेत दिया कि उनका जवाब बहुत जबर्दस्त होगा। ऐसा माना जा रहा है कि इज़रायल ईरान के परमाणू केन्द्रों पर हमला कर सकता है।

ईरान हमेशा इज़रायल को भारी संहार की धमकी देता रहा है। क्षेत्रीय मसलों से निपटने में ईरान का रुख हमेशा आक्रामक रहा है। इसने यमन में हूती लड़ाकों को हथियार दिए जिसका खामियाजा सऊदी अरेबिया ने वर्षों तक उठाया। हूती लड़ाके अक्सर सऊदी अरेबिया पर मिसाइल दाग देते थे। दूसरी ओर हूती लड़ाके अब विश्व के शिपिंग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पॉक्सो प्रकरण आरोपी की जमानत रद्द, सरैन्डर करने के आदेश

जयपुर, 3 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने भरतपुर जिले में नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म से जुड़े मामले में मुख्य आरोपी विश्वेन्द्र उर्फ गोलू को 18 जुलाई, 2023 को पॉक्सो कोर्ट से मिली जमानत को रद्द कर दिया है। इसके

- राजस्थान हाई कोर्ट ने भरतपुर जिले के मामले में पॉक्सो कोर्ट से मुख्य आरोपी को मिली जमानत को रद्द कर दिया और एक सप्ताह में निचली अदालत में सरैन्डर करने को कहा।

साथ ही, अदालत ने आरोपी को निचली अदालत में एक सप्ताह के भीतर सरैंडर करने को कहा है। अदालत ने रजिस्ट्रार जनरल को भी कहा है कि वे इस आदेश की कॉपी चीफ जस्टिस को भिजवाएं। जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की एकलपीठ ने ये आदेश पीड़िता के पिता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

व्यस्त मनुष्य को आंसू बहाने का अवकाश नहीं। –बायरन

# भगवान को तो राजनीति से दूर रखिये : सुप्रीम कोर्ट

तिरूमाला तिरूपति देवस्थानम (टीटीडी) देश का आन्ध्रप्रदेश सरकार द्वारा प्रबन्धित एक स्वतंत्र सरकारी ट्रस्ट है। यह ट्रस्ट तिरूमाला में तिरूपति वैंकटेश्वर मंदिर को मेनेज करता है, उसका प्रबन्धन करता है। तिरूमाला दुनियां का सबसे धनी तीर्थ स्थल है। इसे भगवान वैंकटेश्वर का निवास कहा जाता है। यह शेषचलम पहाडियों के ऊपर है। तिरूमाला मंदिर रोम के वेटिकन शहर के बाद दूसरे स्थान पर है। तिरूपति मंदिर का दूसरा नाम श्री प्रसन्ना वैंकटेश्वर मंदिर है। इसे तिरूमाला मंदिर, तिरूपति मंदिर, तिरूपति बालाजी मंदिर भी कहते हैं।

भगवान वैंकटेश्वर को लड्डूओं (पनयारम) का प्रसार (जिसे प्रसादम कहते हैं चढ़ाया जाता है)। प्रसादम के दूषित होने का मामला केवल आन्ध्रप्रदेश में ही नहीं सारे देश में फैल रहा है। बहुसंख्यक हिन्दू समाज की धार्मिक भावना से यह विवाद जुड चुका है। यह मुद्दा अत्यधिक भावनात्मक बन चुका है। यह कहा जाता है कि प्रसादम (लड्डूओं) में पशु चर्बी मिलाई गई है अत: यह दूषित है, प्रसाद के रूप में ग्रहण नहीं किया जा सकता। प्रसाद एक प्राइवेट कम्पनी बनाती है। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) सुप्रीमो और आन्ध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू द्वारा प्रसाद के दूषित होने के विषय को प्रथम बार उठाया है तथा उनके गठबंधन पार्टनर व उपमुख्यमंत्री फिल्म स्टार पवन कल्याण द्वारा प्रमुखता से शिखर पर पहुंचाया है। कई जांच कमेटियां जांच कर रही हैं। जैसे विवाद में तेजी आ रही है उसमें कई कमियां और कमजोरी दिखाई दे रही हैं। कई परस्पर विरोधी वक्तव्य सुनने को मिल रहे हैं। इस कारण आन्ध्र की नई सरकार विवाद के घेरे में दिखाई देती है। विवाद निपटाने के हेतु इनका सही व स्पष्ट उत्तर मिलना आवश्यक है। प्रथम और मुख्य प्रश्न है कि यदि लैब को भेजे गये सैम्पल का टैस्ट जुलाई 2024 में हुआ तो टैस्ट की रिपोर्ट सितम्बर के उत्तरार्ध में सार्वजनिक क्यों की गई? यह भी प्रश्न उठाया गया है कि सैम्पल केवल एक ही लैब को क्यों भेजे गये हैं। यह भी प्रश्न उठाया गया है कि एक फर्म द्वारा सप्लाई किये गये घी के चार टैंकरों में मिलावट पाई गई और इन टैंकरों के घी का प्रयोग प्रसादम बनाने के लिये काम में नहीं लिया, तो पूर्व मुख्यमंत्री वाय एस जगमोहर रेड्डी को कैसे दोषी कहा जा सकता है। आरोप यह है कि रेड्डी के काल में दूषित घी प्रयुक्त हुआ था तो उस समय किसी ने शिकायत क्यों नहीं की ?

मंदिर के कई नियम हैं, आस्था के लिये घोषणा भी होती है। क्या इनकी पालना सही हो रही है?

मंदिर प्रांगण की शुद्धता की सभी प्रक्रियां भी पूरी हो चुकी है। जांच कमेटी भी बनाई है। एसआईटी का भी गठन है। किन्तु आश्चर्य तो यह है कि सबके होते हुये भी तथा बड़ी पब्लिसिटी के उपरान्त भी भक्तजनों की भीड तथा लड्डूओं की मांग व बिक्री ऊंची ही बनी हुई है। अत: एक वर्ग यह कहता है कि जनता ने तो इसे नकार दिया है। अन्य वर्ग कहता है हिन्दू एकता को जीवित करने के हेतु संभवत: ऐसा हो रहा है।

वर्तमान में यह देखा जा रहा है कि कोई भी घटना हो, लिबर्टी, जीने का अधिकार, समानता का अधिकार अथवा अनुच्छेद 25/26 के तहत् धार्मिक अधिकार बडे–2 एडवोकेट प्रत्येक ऐसे मामलों को सीधे सुप्रीम कोर्ट में ले जाते हैं क्योंकि जनता के मूल अधिकारों का प्रश्न है और सुप्रीम कोर्ट को मूल अधिकारों की रक्षा का अधिकार दिया है। हाँ कुछ समय पूर्व तक सुप्रीम कोर्ट Alternate Remedy के नाम पर हाईकोर्ट में पहले जाने की सलाह देता रहा है। वर्तमान में गिरफ्तारी के विरूद्ध बेल का प्रार्थना पत्र न देकर गिरफ्तारी को स्वतंत्रता के मूल अधिकार के संरक्षण हेतु सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। अनुच्छेद 25/26 के तहत कई याचिकायें सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई हैं, चूंकि इनमें बहुसंख्यक हिन्दू समाज के देवता के प्रति आस्था का प्रश्न है, सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के समझ में स्पष्ट आ रहा है कि राजनेतागण भगवान को भी राजनीति में घसीट रहे हैं, दुखी हैं, किन्तु क्या करें। माननीय न्यायाधीश बी गवई और न्यायाधीश के.बी. विश्वनाथ की बैंच ने चन्द्राबाबू नायडू को डाँट भी लगाई है।

सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ के समक्ष संभवत: 5 पिटीशन्स दूषित प्रसादम (दूषित लड्डूओं) के विषय में पेश की जा चुकी हैं। मामला देश की नागरिकों की धार्मिक आस्था का है। आन्ध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्राबाबू नायडू ने एक लैब की रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुये आरोप लगाया है कि पूर्व की YSRCP सरकार ने तिरूपति मंदिर में बनने वाले लड्डूओं के हेतु उस दूषित घी का प्रयोग किया है, जिसमें foreign fats (including beef and fish oil) थे। जो हिन्दूओं के खाने की वस्तु को भ्रष्ट करते हैं। इन पिटीशन्स में प्रार्थी ने जांच की जावे विशेषकर उन हिन्दू मंदिरों की जो सरकार के अधीन काम करते हैं।

**प्रसाद को दूषित कर देश के प्रसिद्ध सनातनी मंदिर की पवित्रता, विश्वसनीयता व लोक प्रियता को खत्म करने का प्रयास माना जा रहा है। देश में मिलावट के विषयों का कानून भी है, उसे कठोरता से लागू करना आवश्यक है। मंदिरों के प्रसाद, बच्चों के मिड-डे मील, अस्पतालों की केन्टीन का खाना दूषित हो, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।**

इन पांचों पिटीशन्स में प्रसादम में पशु चर्बी की मिलावट की स्वतंत्र जांच की मांग की है। इनमें भाजपा के नेता सुब्रमण्यम स्वामी, राज्यसभा सांसद और तिरूपति तिरूमाला देवस्थान के पूर्व चेयरमेन वाय सुब्बारेडी, इतिहासकार सम्पत, आध्यात्मिक गुरू दुष्यन्त श्रीधर व पत्रकार सुरेश चव्हाण हैं।

इन पांचों पिटीशन्स पर दिनांक 30.9.2024 को सुनवाई हुई थी ओर अब 10 अक्टूबर 2024 को सुनवाई होगी।

जो पिटीशन बाई वी सुब्बारेडी ने की है उसमें उनका कहना है कि जब भी कोई गाडी गाय का घी लेकर आती है, तो उसका सेम्पल लिया जाता है और घी का सेम्पल लेकर टैस्ट किया जता है। यदि घी सही पाया गया तो ही लड्डू बनाये जाते हैं।

यह मंदिर भगवान विष्णु के एक स्वरूप भगवान वैंकटेश्वर को समर्पित है जिसके बारे में माना जाता है कि वे मानव जाति को कलयुग की परीक्षाओं और परेशानियों से बचाने के लिये पृथ्वी पर प्रकट हुये हैं। अत: इस स्थान का नाम कलयुग बैकुण्ठ भी है।

दिनांक 30.09.2024 की बहस जो उपरोक्त पाचों पिटीशनस के संबंध में हुई बहुत गम्भीर थी। खण्डपीठ के दोनों माननीय न्यायाधीश ऐसा लगता था शायद चन्द्राबाबू नायडू के तौर तरीकों से नाराज थे। उन्होंने नायडू को फटकार लगाते हुये कहा कि नायडू ने दूषित घी के लड्डू के मामले में जो सार्वजनिक बयान दिया वह गलत था, क्योंकि बिना जांच की रिपोर्ट के यह कहना कि घी दूषित था, गलत है अनुचित था। बैंच ने कहा, ''हम अपेक्षा रखते हैं कि भगवान को राजनीति से दूर रखा जावे''। खण्डपीठ ने जोर देकर कहा कि ''उच्च संवैधानिक सत्ता (नायडू) के लिये ऐसा बयान देना उचित नही था''। क्योंकि करोडो लोगों की भावना को वह प्रभावित करने वाला था। खण्डपीठ ने सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सहयोग करने का प्रस्ताव किया कि वे केन्द्रीय सराकर से बातकर पता लगावें कि केन्द्र किस प्रकार की जांच कराना चहाता है। क्या केन्द्र अब तक एसआईटी अथवा अन्य जांच से ही सन्तुष्ट है कि ये प्रसादम को दूषित करने वालों को सजा दिला सकते हैं, अथवा जांच के लिये कोई बडी जांच कमेटी आवश्यक है। केन्द्र सरकार की स्पष्ट राय आगामी तारीख तक कोर्ट को पता हो जानी चाहिये।

यह भी खण्डपीठ को जानकारी दी गई है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने लड्डू प्रसादम के लिये घी की आपूर्ति करने वाली कम्पनी को भी कारण बताओ नोटिस दे दिया है।

जस्टिस गवई ने पूछा कि क्या कोइे ठोस सबूत हैं कि प्रसादम लड्डूओं में जानवरों की चर्बी वाला घी इस्तेमाल हुआ था? यदि नहीं तो फिर कैसे आपने प्रेस में वक्तव्य दे दिया? खण्डपीठ ने यह भी पूछा कि जिन लड्डूओं के कारण जांच के आदेश दिये हैं क्या उन्हें जांच के लिये लैब भेजा गया था?

तुषार मेहता ने खण्डपीठ को यह विश्वास दिलया है यह विवाद आस्था का है, अत: यह बर्दास्त नहीं होगा कि पावन मंदिर का प्रसाद दूषित घी से बना हो।

दिनांक 3.10.2024 को सर्व सम्मति से यह स्वीकार किया जा सकता है कि एक हाई पावर कमेटी बनाई जावे जो प्रसादम के लड्डूओं को दूषित पदार्थों (पशु चर्बी) के घी से बनाये गये थे अथवा नहीं इस पर अपनी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करे। यह कमेटी यह भी प्रस्ताव देवेगी कि दोषी व्यक्तियों को क्या सजा दी जावे तथा भविष्य में ऐसी घटना न हो इस पर सुझाव भी देवे। कमेटी यह भी सुझाव देगी कि आस्था के प्रश्न पर कोई राजनीतिक करण नहीं होगा और कम से कम भगवान को राजनीति से दूर ही रखा जावेगा।

सुप्रीम कोर्ट की माननीय खण्डपीठ (बैंचों) ने खुले शब्दों में भगवान के प्रसाद को दूषित किये जाने के प्रसंग को गम्भीरता से लिया है। इस विषय के राजनीति करण के खतरे पर भी अपनी राय अभिव्यक्त की है। दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही होगी इसमें कोई शंका नहीं है।

भगवान का प्रसाद ग्रहण करना और उसके द्वारा भगवान की कृपा का पात्र बनना हमारी संस्कृति की उदारता का लक्षण है। दूसरी ओर देखें तो पायेंगे कि हम भक्ति के नाम पर इतने गिर गये हैं कि प्रसाद को दूषित करने से भी नहीं चूकते। हम यह भी मानते हैं कि भगवान का प्रसाद सात्विक हो। प्रसाद को दूषित कर देश के प्रसिद्ध सनातनी मंदिर की पवित्रता, विश्वसनीयता व लोक प्रियता को खत्म करने का प्रयास माना जा रहा है। प्रसाद में मांसाहारी तत्व मिलाकर दूषित करना आदमी की नीचता व पशुता की सीमा है। देश में मिलावट के विषयों का कानून भी है, उसे कठोरता से लागू करना आवश्यक है। प्रसाद में आद्रता होगी तो फफूंद आना स्वाभाविक है अत: ऐसे प्रसाद का पेकिंग ऐसा हो ताकि कम से कम तीन माह तक शुद्ध खाने योग्य बना रहे। मंदिरों के प्रसाद, बच्चों के मिड–डे मील, अस्पतालों की केन्टीन का खाना दूषित हो, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। अपराधी को कठोरतम दण्ड दिया जावे।

भगवान वैंकटेश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे सबको सन्मति प्रदान करें। दोषी को पापों की सजा दें।

–अतिथि सम्पादक,
पानाचन्द जैन
पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट

# जैव-क्रांति - बायो ई-3 नीति



प्रो. अशोक कुमार

भारत सरकार ने बायोटेक्नॉलॉजी फॉर इकॉनमी, एनवायरनमेंट एंड एंप्लॉयमेंट यानि बायो ई3 नीति के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है । यह फैसला बेहतर बायोमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। बायो ई3 योजना का लक्ष्य रिसर्च, नए बिज़नेस और इनोवेशन को बढ़ावा देना है। यह योजना पर्यावरण के अनुकूल विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिससे रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**बायो ई3 नीति:** एक संक्षिप्त परिचय– बायो ई3 नीति एक ऐसी नीति है जो जैव ईंधन के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। 'ई3' का मतलब है 'तीन ई': ऊर्जा, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था। इस नीति का मुख्य उद्देश्य है:–

**पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता कम करना:** जैव ईंधन को पारंपरिक ईंधन के विकल्प के रूप में विकसित करके, देश की पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता को कम किया जा सकता है।

**पर्यावरण संरक्षण:** जैव ईंधन कार्बन उत्सर्जन को कम करते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना: जैव ईंधन के उत्पादन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और किसानों की आय में वृद्धि होती है।

**बायो ई3 नीति के प्रमुख बिंदु–**

**जैव ईंधन के प्रकार:** इस नीति के तहत विभिन्न प्रकार के जैव ईंधन जैसे कि इथेनॉल, बायोडीजल और जैव सीएनजी को बढ़ावा दिया जाता है।

**उत्पादन और मिश्रण:** जैव ईंधन का उत्पादन कृषि अपशिष्टों, जैविक पदार्थों और अन्य नवीकरणीय स्त्रोतों से किया जाता है। इसे पारंपरिक ईंधन के साथ मिलाकर उपयोग किया जाता है।

**लक्ष्य:** इस नीति का लक्ष्य है कि एक निश्चित समय सीमा तक जैव ईंधन के मिश्रण को एक निश्चित प्रतिशत तक बढ़ाया जाए।

**सब्सिडी और प्रोत्साहन:** सरकार जैव ईंधन उत्पादकों को सब्सिडी और अन्य प्रोत्साहन प्रदान करती है ताकि उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके।

**बायो ई3 नीति के लाभ**

**ऊर्जा सुरक्षा:** पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता कम करके देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाया जाता है।

**पर्यावरण संरक्षण:** कार्बन उत्सर्जन को कम करके जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलती है।

**स्वदेशी उत्पादन:** जैव ईंधन का उत्पादन देश के भीतर ही किया जाता है जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होती है।

**ग्रामीण विकास:** जैव ईंधन के उत्पादन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और किसानों की आय में वृद्धि होती है।

**बायो ई3 नीति और किसान–** बायो ई3 नीति किसानों के जीवन में कई तरह से बदलाव ला सकती है। यह नीति किसानों को कई अवसर प्रदान करती है, साथ ही कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। आइए देखें कि यह नीति किसानों को कैसे प्रभावित कर सकती है:–

**सकारात्मक प्रभाव–** आय में वृद्धि: जैव ईंधन फसलों की खेती से किसानों को पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक आय प्राप्त हो सकती है। सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रोत्साहन और न्यूनतम समर्थन मूल्य भी किसानों की आय में वृद्धि करने मं मदद कर सकते हैं।

**फसल विविधीकरण:** किसान एक ही फसल पर निर्भर रहने के बजाय विभिन्न प्रकार की जैव ईंधन फसलों की खेती कर सकते हैं, जिससे जोखिम कम होगा।

**ग्रामीण विकास:** जैव ईंधन उद्योग के विकास से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**तकनीकी ज्ञान में वृद्धि:** जैव ईंधन फसलों की खेती के लिए किसानों को नई तकनीकों के बारे में सीखना होगा, जिससे उनके ज्ञान में वृद्धि होगी।

**चुनौतियाँ**

**जमीन का सीमित होना:** जैव ईंधन फसलों की खेती के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी, जो कई किसानों के लिए एक चुनौती हो सकती है।

**सिंचाई की समस्या:** कुछ जैव ईंधन फसलों को अधिक पानी की आवश्यकता होती है, जो सूखाग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले किसानों के लिए एक समस्या हो सकती है।

**बाजार की अस्थिरता:** जैव ईंधन के बाजार में अस्थिरता होती है, जिससे किसानों को कीमतों में उतार–चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है।

**तकनीकी ज्ञान की कमी:** कई किसानों के पास जैव ईंधन फसलों की खेती के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान की कमी होती है।

**बायो ई3 नीति के पर्यावरणीय लाभ–** ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी: जैव ईंधन जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित करते हैं। जब जैव ईंधन जलाया जाता है, तो कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होता है, लेकिन पौधे प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं।

**वायु प्रदूषण में कमी:** जैव ईंधन जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम हानिकारक प्रदूषक उत्सर्जित करते हैं।

**नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत:** जैव ईंधन एक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत है, जिसका अर्थ है कि इसे लगातार पुन: उत्पन्न किया जा सकता है।

**बायो ई3 नीति के पर्यावरणीय चुनौतियाँ**

**जंगलों का कटाव:** बड़े पैमाने पर जैव ईंधन उत्पादन के लिए जंगलों को साफ किया जा सकता है, जिससे जैव विविधता कम होती है और कार्बन सिंक कम हो जाता है।

**जल संसाधनों पर दबाव:** जैव ईंधन फसलों की सिंचाई के लिए बड़ी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है, जिससे जल संसाधनों पर दबाव बढ़ सकता है।

**मृदा क्षरण:** लगातार एक ही प्रकार की फसल उगाने से मृदा की गुणवत्ता खराब हो सकती है और मृदा क्षरण हो सकता है।

**रसायनों का उपयोग:** जैव ईंधन उत्पादन में अक्सर रसायनों का उपयोग किया जाता है, जो पर्यावरण को प्रदूषित कर सकते हैं।

**अन्य फसलों के लिए भूमि का कम होना:** जैव ईंधन फसलों के लिए भूमि का उपयोग करने से खाद्य फसलों के लिए उपलब्ध भूमि कम हो सकती है, जिससे खाद्य सुरक्षा पर खतरा पैदा हो सकता है।

**पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के उपायसतत जैव ईंधन उत्पादन:** ऐसे जैव ईंधन का उत्पादन किया जाना चाहिए जो पर्यावरण के लिए हानिकारक न हो।

**गैर–खाद्य फसलों का उपयोग:** खाद्य सुरक्षा को प्रभावित किए बिना जैव ईंधन उत्पादन के लिए गैर–खाद्य फसलों और कृषि अपशिष्टों का उपयोग किया जाना चाहिए।

**जैव विविधता का संरक्षण:** जैव ईंधन उत्पादन के दौरान जैव विविधता का संरक्षण किया जाना चाहिए।

**जल संरक्षण:** जैव ईंधन उत्पादन में पानी के उपयोग को कम करने के लिए नई तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए।

**मृदा संरक्षण:** मृदा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए उचित खेती के तरीकों का उपयोग किया जाना चाहिए।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय**

# पशु-पक्षियों का जीवन बचाकर ''कर्म योगी'' की भूमिका निभा रहे हैं गोविंद भारद्वाज

## वर्ष 2013 से अब तक हजारों पशु-पक्षियों को जीवनदान दे चुके हैं भारद्वाज

**कोटपूतली, (निसं)।** यूं तो वर्तमान समय में सरकारी नौकरी मिलने के बाद लोग अपने आप को किसी खुदा से कम नहीं समझते। किन्तु सरकारी नौकरी मिलने के बाद अपने दायित्वों का पूर्णरूप से निर्वहन करे वह वास्तव में किसी कर्म योगी से कम नहीं होता।

आज विश्व पशु दिवस है और हम बात कर रहे हैं एक ऐसे कर्मयोगी की जिसने नौकरी लगने के बाद अपना संपूर्ण जीवन ही पशु पक्षियों के नाम दान कर दिया। यूं तो एल एस ए के पद पर पशु चिकित्सा विभाग में देश भर में बड़ी संख्या में लोग काम कर रहे हैं, लेकिन पावटा तहसील के ग्राम भांकरी निवासी पंकज भारद्वाज पैसे की कमाई नहीं अपितु जीवों की सेवा कर सच्ची ईश्वरीय कमाई कर रहे हैं। जो दिन हो या फिर रात बस एक फोन की घंटी बजी बिना अपनी और अपने परिवार की परवाह किए उठाई बाइक और चल देते हैं। अपने कर्म पथ पर बेजुबान घायल व बीमार पशु पक्षियों का उपचार करने। इतना ही नहीं भारद्वाज विलुप्त होते जीवों को बचाने मे भी जुटे रहते हैं। इस कार्य में पूरा मार्गदर्शन उनके बड़े भाई प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ. गौरीशंकर शर्मा का है।

**■ बस फोन की घंटी बजी उठाई बाइक और चल देते हैं गोविंद भारद्वाज**

भारद्वाज की नियुक्ति पशुपालन विभाग में 8 अक्टूबर 2013 से पशुधन सहायक के रूप में हुई थी। भारद्वाज ने अब तक के अपने सेवा काल में 27218 गाय, 2666 नील गाय, 2123 मोर, 203 बन्दर, 108 लंगूर, दो जरख, दो हिरण, तीन बाज, दो बिज्जू, एक उल्लू, दो गीदड़, आठ सौ से अधिक छोटे परिन्दों का उपचार किया। इसके अलावा 340 पशुओं के ऐसे बच्चों का निप्पल एवं बोतल से दूध पिलाकर पालन पोषण किया है, जिनकी मां मर गयी या जंगल में छोड़कर चली गई। जब ये बच्चे घास खाने लगते है तो भारद्वाज द्वारा इन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है। इन बच्चों को रोजाना सुबह एवं शाम बोतल तथा निप्पल से दूध पिलाते हैं। इस कार्य में बडे भाई डॉ. गौरीशंकर शर्मा एवं भतीजे मोहित शर्मा एवं भतीजी दिव्या शर्मा भी रोज अपनी सेवा देते हैं।

भारद्वाज ने बताया कि मेरी माता का बचपन में स्वर्गवास हो गया था। अत: इन वन्य जीवों के बिना मां के बच्चों की सेवा करके अपने जीवन को सार्थक बना लूं। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग 248 अत्यधिक व्यस्तम राजमार्ग है जिस पर आये दिन सड़क हादसों मे घायल होकर गायों के पैर टूट जाते हैं तो भारद्वाज उनके प्लास्टर कर उनको चलने योग्य बनाते हैं। इन्होंन `6523 गोवंशों के प्लास्टर कर उनको चलने योग्य बनाया है।

# शारदीय नवरात्र आरंभ, घर–घर हुई घट स्थापना

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर में गुरूवार को शारदीय नवरात्र पर घर–घर में घट स्थापना हुई। इसके साथ ही शारदीय नवरात्र का पर्व आरंभ हो गया। इस बार तिथि बढ़ने से नवरात्र का पर्व दस दिन तक रहेगा। 12 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। मेहरानगढ़ दुर्ग में स्थित मां चामुण्डा माताजी मंदिर में अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। इस बार महिलाओं की संख्या कुछ ज्यादा ही नजर आई।

नवरात्र आरंभ होने के साथ ही शाम से शहर में गरबा महोत्सव की धूम भी शुरू हो गई। शहर के कई गली–मोहल्लों में लोगों ने अपने अपने स्तर पर गरबा–डांडिया महोत्सव का आयोजन रखा है। इसको देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से माकूल बंदोबस्त किये हैं। गरबा स्थलों पर पुलिस की तैनाती भी रहेगी।

गुरुवार को शुभ मुहूर्त में अलग–अलग समय पर लोगों ने अपने अपने घरों एवं व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों में घट स्थापना कर मां की विशेष पूजा अर्चना की। मेहरानगढ़ दुर्ग में दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन भी शुरू हो गया। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतेजामात किए गए है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मंदिर के तौर पर लोग फूल–मालाएं, नारियल के गोटे एवं मीठा प्रसाद लेकर जा सकते हैं। घरों में भी यज्ञ हवन करवाए गए। साथ ही कई लोगों ने अपने नए घर में प्रवेश किया और कई प्रतिष्ठानों का भी शुभ मुहूर्त आज हुआ। जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग में स्थित चामुंडा माता मंदिर में भी विशेष आयोजन हो रहे हैं। यहां पर सुबह 7:30 बजे महाआरती की गई। मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर खुशहाली की मंगल कामना की। यहां पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की गई है।

# टैलेंट आइडेंटिफिकेशन गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन

**जयपुर।** 100 मेडल्स टार्गेटेड फाउंडेशन द्वारा एक टैलेंट आइडेंटिफिकेशन गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन गुरुवार को जयपुर मिलिट्री स्टेशन में किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा बालक–बालिकाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवा गोल्फ खिलाड़ियों के बीच आउटडोर खेलों को बढ़ावा देना रहा। टूर्नामेंट में कैडीज़ और बच्चों ने अपने गोल्फ कौशल का प्रदर्शन करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। दक्षिण पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने विजेताओं को सम्मानित किया और सभी गोल्फ खिलाड़ियों को उनकी खेल भावना और कौशल के लिए बधाई दी। भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिक मेजर डीपी सिंह, भारतीय ब्लेड रनर भी एक विशिष्ट अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए और अपनी अद्भुत कहानी से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया था, पहला वर्ग–17 वर्ष से कम आयु के बालक और 20 वर्ष से कम आयु की बालिकाएं, दूसरा वर्ग 16–25 वर्ष के बीच के कैडी और तीसरा वर्ग 26–29 वर्ष के बीच के सीनियर कैडी। बच्चों के वर्ग की विजेता 81 ग्रॉस स्कोर के साथ शिक्षा जैन रही, जूनियर कैडी वर्ग के विजेता 74 ग्रॉस स्कोर के साथ कैडी शिवम गुप्ता रहे और सीनियर कैडी के विजेता जीशान रहे जिन्होंने 64 ग्रॉस स्कोरअंकित किया। ओवरआल टूर्नामेंट के चैंपियन लखनऊ गोल्फ कोर्स के जीशान रहे।



दक्षिण पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने विजेताओं को सम्मानित किया।

## राशिफल शुक्रवार 4 अक्टूबर, 2024



पंडित अनिल शर्मा


ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, अनुराधा नक्षत्र दिन 10:10 तक, शिव योग दिन 11:21 तक, बालव करण प्रात: 7:24 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मीन, बुध–मेष, गुरू–वृष, शुक्र–वृष, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि दिन 10:10 तक है। आज श्री नारद जयन्ती है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:20 तक, लाभ–अमृत 7:20 से 10:42 तक, शुभ 12:23 से 2:04 तक, चर 5:27 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:08


### मेष

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।


### वृष

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### मिथुन

स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।


### कर्क

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### सिंह

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। पारिवारिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।


### कन्या

परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।


### तुला

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु

घर–परिवार में कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

### मकर

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे।

### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मीन

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# फर्जी कॉल सेंटर चलाकर लोगों से ठगी करने वाले आठ लोग गिरफ्तार

- **आरोपी एक महीने में 400 लोगों से 1 करोड़ रुपए की ठगी कर चुके है।**
- **पुलिस से बचने के लिए ऑफिस बदलते रहते थे।**

**जयपुर।** राजधानी की जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर गुरुवार को मास्टरमाइंड सहित 8 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। स्मार्ट डिजिटल सेवा केंद्र के नाम से फर्जी कॉल सेंटर चलाकर आधार, पैन कार्ड सहित ई-मित्र एजेंसी देने के नाम पर ठगी की जा रही थी। जांच में फर्जी कॉल सेंटर खोलकर करोड़ों रुपए ठगी करना सामने आया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए जयपुर शहर में जगह बदलते रहते थे।

डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर से 7 मोबाइल, 16 मॉनिटर व 16 सीपीयू, 1 लेपटॉप व कॉलिंग डाटा आदि जब्त किया है। पूछताछ में सामने आया है कि सितम्बर महीने में करीब 400 लोगों से 1 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए जयपुर शहर के विभिन्न इलाकों में जगह बदल-बदल कर कॉल सेंटर चलाते थे। पिछले कई सालों से कॉल सेंटर चलाकर लोगों से ठगी कर रहे है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मालवीय नगर स्थित एक बिल्डिंग की थर्ल्ड फ्लोर पर प्रमोद नाम का युवक डिजिटल सीएससी केंद्र के नाम से ऑफिस चलता है। वह अपने स्टाफ के साथ लोगों को डिजीटल जन सेवा केन्द्र की सारी सेवा का केन्द्र खुलवाने के नाम पर ठगी करता है। पुलिस ने सूचना पर दबिश दी। इस दौरान मौके पर एक हॉल में दो टेबलों पर 16 कम्प्यूटर रखे मिले। इसमें 7 कम्प्यूटर पर 7 लोग व एक लैपटॉप पर एक युवक काम करती मिली। ऑनर के बारे में पूछने पर लैपटॉप पर काम करते मिले प्रमोद ने खुद को होना बताया। पूछताछ करने पर बताया कि हम फेसबुक पर स्मार्ट डिजिटल सेवा केन्द्र का ऐड चलाकर लोगों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाकर उसका डाटा नाम, पता व मोबाइल नंबर आदि लेते हैं। जानकारी इकट्ठा करने के बाद कॉल सेंटर से स्मार्ट डिजिटल सेवा केन्द्र कस्टूमर केयर बोलकर लोगों को कॉल करते। स्मार्ट डिजिटल सेवा केन्द्र की सेवाएं उपयोग करने के लिए लोगों से डॉक्यूमेंट लेकर विभिन्न प्रकार की फीस के नाम पर रुपए ऐंठते थे। इस तरह लाखों रुपए की जालसाजल कर ठग चुके है। लोगों को फर्जी सॉफ्टवेयर और डेसबोर्डस भी बेचने का काम किया जाता था।

फर्जी कॉल सेंटर से ठगी करने वाले बदमाश प्रमोद कुमार (27) निवासी जेएलएन मार्ग गांधी नगर, अम्रितम कुमार (23) निवासी गेट नंबर-2 मुहाना मंडी, योगेश जांगिड़ (19) निवासी दुर्गापुरा शिप्रापथ, शुभम सामरिया (18) निवासी राजपूत कॉलोनी मालवीय नगर, राहुल सिंह (21) निवासी हलेना भरतपुर हाल महावीर नगर महेश नगर, सौरभ शर्मा (21) निवासी सैनी नगर गंगापुर सिटी हाल रामपुरा रोड मुहाना, सीताराम (24) निवासी भुसावर भरतपुर हाल रामपुरा रोड मुहाना और रोहित मुराड़िया (20) निवासी झालना डूंगरी गांधी नगर को अरेस्ट किया है।



**नवरात्रा स्थापना पर गुरूवार को पूरे दिन आमेर के शिला माता मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही। दूसरी ओर घर-घर मातारानी की चौकी सजाकर घट स्थापना की गई।**



**हैरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव और आयुक्त अरूण कुमार हसीजा ने गुरूवार शाम परकोटा क्षेत्र का दौरा कर रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता प्रहरियों से संवाद किया और उनका हौंसला बढ़ाया। महापौर कुसुम यादव ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि शहर अलसुबह से ही साफ-सुथरा दिखे।**

# 'कांग्रेसी नेताओं को चुनाव में आरक्षण, दलित, ओबीसी सब याद आ रहे हैं, चुनाव बाद चर्चा तक नहीं करते'

- **पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 5 साल तक कुछ नहीं किया, सीएम भजनलाल शर्मा ने 10 माह में किए संकल्प पत्र के 50 फीसदी वादे पूरे : मदन राठौड़**
- **'कांग्रेसी नेताओं के पास नहीं बचा कोई मुद्दा, अनर्गल बयानबाजी कर आ रहे है सुर्खियों में'**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेसी नेताओं के दोहरे चरित्र को उजागर करते हुए कहा कि एक ओर विपक्ष के नेता है जो विदेश में जाकर आरक्षण को समाप्त करने जैसी बातें करते है और दूसरी ओर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष है जो हरियाणा चुनाव के दौरान ओबीसी आरक्षण को लेकर बयान दे रहे है। कांग्रेस पार्टी ने दशकों तक देश में राज किया और आरक्षण को लेकर एक बड़े वर्ग को उलझाए रखा। चुनाव में कांग्रेस आलाकमान को आरक्षण, गरीब और दलित याद आता है, चुनाव परिणाम आने के बाद ये इन मुद्दों पर चर्चा तक नहीं करते। देश में मंडल कमीशन को सालों तक दबाने का काम कांग्रेस पार्टी ने ही किया था, यह सबको याद है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के नेता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यों पर सवाल कर रहे है, जबकि राजस्थान विधानसभा में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जो वादे किए थे, उनमें से 50 फीसदी वादे तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महज 10 माह में ही पूरे कर दिए। इतना ही नहीं, प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने जल संकट जैसे गंभीर विषय ईआरसीपी और यमुना जल समझौते को भी दशकों तक अटकाने का काम, लेकिन सीएम भजनलाल शर्मा ने सत्ता में आने के बाद प्राथमिकता से इन विषयों पर कार्य शुरू किया। कांग्रेसी नेता शायद भूल गए कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 5 साल तक प्रदेश अपराध के मामलें हो, महिला अत्याचार के मामलें हो या फिर दलितों के साथ अत्याचार के मामलें हो, इन सब में नंबर वन पर था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश एक ओर जहां अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर्स को सलाखों के पीछे पहुंचाया, वहीं कांग्रेस सरकार के राज में धड़ल्ले से चल रही पेपर इंडस्ट्री पर लगाम लगाते हुए पेपरलीक माफियाओं को जेल में पहुंचा दिया। विपक्ष मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यों से बौखला गया। इनके पास जब कोई विषय नहीं बचा तो अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के किसानों के लिए किसान सम्मान निधि बढ़ाने के साथ एमएसपी दरों पर फसल खरीद तय की, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दखपति दीदी जैसी महत्वकांक्षी योजना लागू की और बेरोजगार युवा वर्ग के लिए सरकारी नौकरियों के लिए कार्य किया। ऐसे में विपक्षी नेता झूठ की दुकान चलाकर लोगों को भ्रमित कर रहे है लेकिन आज आमजन कांग्रेस के इरादे समझ चुका है। अब देश और प्रदेश की जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है।

# फ्लैट में दबिश देकर 6 बदमाशों को पकड़ा

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए शातिर बदमाशों की एक बड़ी गैंग को जोधपुर कमिश्नरेट के बोरानाडा इलाके में एक फ्लैट से पकड़ा है। इन बदमाशों का एक संगठित आपराधिक गिरोह है, जो मादक पदार्थों की तस्करी के दौरान पुलिस पर फायरिंग करने से भी नहीं चूकते।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि टीम ने इनके पास से तीन पिस्टल, 4 मैगजीन, 15 कारतूस, नोट गिनने की मशीन, 30 खाली चेक, 40 फर्जी सिम, 15 मोबाइल, 13 एटीएम कार्ड, सात आधार कार्ड, पांच पैन कार्ड एवं पांच ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किये है। पकडे गए बदमाशों में एक 75 हजार व दूसरा 25 हजार रुपये का है इनामी है।

एडीजी एमएन ने बताया कि विनोद विश्नोई (32), दिनेश उर्फ कालू विश्नोई (38), रामस्वरूप विश्नोई (32), महेन्द्र विश्नोई (19) निवासी फींच थाना लुणी जोधपुर तथा गोकला राम जाट (30) निवासी सरली थान सदर बाडमेर व मगा राम जाट (32) निवासी रामदेवरिया थाना सदर जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया है।

एमएन ने बताया कि इनमें दिनेश बिश्नोई जिला बांसवाड़ा से 50 हजार एवं जिला भीलवाड़ा से 25 हजार रुपये का इनामी एवं विनोद बिश्नोई प्रतापगढ़ जिले से 25 हजार का इनामी है। दिनेश बिश्नोई के विरुद्ध कुल 8, विनोद के विरुद्ध दो, रामस्वरूप के विरुद्ध एक, गोकला राम के विरुद्ध तीन, महेंद्र बिश्नोई के विरुद्ध सात एवं मगाराम के विरुद्ध एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है। आरोपी अवैध मादक पदार्थ की तस्करी एवं पुलिस पर फायरिंग करने के मामले में वांछित है।

एडीजी ने बताया कि प्रदेश में वांछित इनामी अपराधियों व गैंगस्टर्स के बारे में सूचना संकलन कर धर पकड़ के लिए एजीटीएफ की टीम को अलग-अलग शहरों में रवाना किया गया है। इस दौरान पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल राकेश जाखड़ को इन बदमाशों के बारे में जानकारी हासिल हुई।

## दिव्यांगों को नहीं किया जाए अधिकारों से वंचित : सुप्रीम कोर्ट

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने दिव्यांगों को कानूनी प्रावधान के अनुसार आरक्षण का लाभ नहीं देने पर सख्त रवैया दिखाते हुए राज्य सरकार को कहा है कि उन्हें उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाए।

अदालत ने वर्ष 1995 के दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की पूरी तरह से पालना नहीं करने पर राज्य सरकार से सवाल किया है कि इस अधिनियम के प्रावधानों की प्रभावी तौर पर क्रियान्विति क्यों नहीं की गई। अदालत ने राज्य के एएजी शिवमंगल शर्मा से पूछा है कि वर्ष 1995 के अधिनियम को साल 2000 तक भी पूरी तरह से क्रियान्वयन करने में राज्य सरकार क्यों विफल रही है।

जस्टिस एएस ओका, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एजी मसीह की वृहद पीठ ने यह आदेश भुवनेश्वर सिंह व दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

# दिया कुमारी ने दशहरा मेले का शुभारंभ किया

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज नवरात्रि स्थापना के पावन अवसर पर जयपुर दशहरा मेला आयोजन समिति द्वारा विद्याधर नगर स्टेडियम में हर वर्ष आयोजित होने वाले दशहरा मेले में विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया और समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्रि एवं दशहरे की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

हर वर्ष इस भव्य आयोजन के माध्यम से समाज को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन मूल्यों से जोड़ते हुए दशहरे वाले दिन रावण दहन का कार्यक्रम किया जाता हैं । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सनातन संस्कृति के परिचायक होने के साथ साथ समाज को एकसूत्र में पिरोने का काम करते हैं।

कार्यक्रम में आयोजन समिति अध्यक्ष राजू मीणा , प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक , भाजपा प्रदेश मंत्री स्टेफी चौहान , रिद्धकारण परसरामपुरीया , राकेश गोयल , नरेंद्र चौधरी , आलोक अग्रवाल , दिनेश , राजन शर्मा , जी.डी. माहेश्वरी , भेरूलाल प्रजापत , राहुल त्रिवेदी , मनोज अग्रवाल , आयोजन समिति के सदस्य, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, कार्यकर्ता बंधु एवं बड़ी संख्या में विद्याधर नगर क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने नवरात्र स्थापना पर पूजा अर्चना की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को शारदीय नवरात्र स्थापना पर मुख्यमंत्री निवास स्थित राज राजेश्वरी मंदिर में सपरिवार विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की। शर्मा ने मां दुर्गा की आराधना करते हुए प्रदेशवासियों के स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की प्रार्थना की।

## 'प्रिंसिपल और व्याख्याता पर कार्रवाई क्यों?'

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने विभागीय मापदंड से कम परीक्षा परिणाम देने पर विभाग की ओर से प्रिंसिपल और व्याख्याता की वेतन वृद्धि रोकने पर प्रमुख शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश प्रिंसिपल महेंद्र तिवाडी व व्याख्याता नेमीचंद की ओर से दायर अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

# ग्रांडर व डेटिंग एप पर पुरुषों से दोस्ती कर लूट करने वाले चार गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी की प्रताप नगर थाना पुलिस ने गुरुवार को ग्रांडर एप व डेटिंग एप पर पुरुषों से दोस्ती कर लूट करने वाली गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं।

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी डीडवाना कुचामन निवासी जितेन्द्र कुमार (24), रविन्द्र सिंह राठौड़ (20) गाजी अलवर निवासी चेतन शर्मा (20) और प्रताप नगर निवासी निखिल गुर्जर (20) हैं। पुलिस ने उनके पास से फर्जी सिम बरामद की है। आरोपी ऑनलाइन समलैंगिगता एप ग्रांडर व डेटिंग पर अपना अकाउंट बनाकर अन्य अकांउट धारक पुरुषों से सम्पर्क करते थे। उनको फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजकर दोस्ती करते है। दोस्ती होने पर उनसे चैट करके पीड़ित से उसके बारे में जानकारी लेते है। पीड़ित व्यक्ति के प्रतिष्ठित होने का गैंग को एहसास हो जाने पर उसको अपना मोबाइल नम्बर शेयर कर देते थे। मोबाइल नंबर फर्जी आईडी या अन्य व्यक्ति की आईडी से लिया हुआ होता था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सके। मोबाइल नम्बर देने के बाद पीड़ित युवक से लगातार बात कर तथा सम्पर्क कर उससे दोस्ती बढ़ा लेते है। फिर उसे कमरे में बुलवाकर गैंग के अन्य व्यक्तियों द्वारा वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर नकद व खाते से रुपए ट्रांसफर कर लेते है। एप के माध्यम से जो भी आरोपी पीड़ित व्यक्ति को अपने स्तर से बुलाता।

# राजस्थान में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं : ऊर्जा मंत्री

- **मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि "राजस्थान में आज लगभग 22 हजार मेगावाट से अधिक सोलर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता है, लेकिन राज्य के लिए जो उपयोग हो रहा है वह लगभग 5000 मेगावाट ही है। बाकी सरप्लस सोलर एनर्जी हम अन्य राज्यों को देने का काम कर रहे हैं।"**

**नई दिल्ली/जयपुर।** राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित "रिन्यूअल एनर्जी इंडिया एक्सपो" के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। एक्सपो में राजस्थान सोलर एसोसिएशन द्वारा आयोजित "अग्रणी राजस्थान" प्रदर्शनी एवं कार्यक्रम का नागर ने उद्घाटन किया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए नागर ने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है, जहां सोलर ऊर्जा उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निवेशकों की पहली पसंद के रूप में हमारे प्रदेश के पास सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त रेडिएशन है और भूमि की पर्याप्त उपलब्धता है। रेगिस्तान के रूप में हमारे पास जमीन है और सोलर प्रोजेक्ट लगाए जाने की बेहतरीन दशाएं मौजूद हैं। नागर ने कहा कि किसी भी देश की जीडीपी को बढ़ाने के लिए बिजली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बिना विकास को गति देना संभव नहीं है।




हीरालाल नागर

नागर ने कहा कि राजस्थान में आज लगभग 22 हजार मेगावाट से अधिक सोलर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता है, लेकिन राज्य के लिए जो उपयोग हो रहा है वह लगभग 5000 मेगावाट ही है। बाकी सरप्लस सोलर एनर्जी हम अन्य राज्यों को देने का काम कर रहे हैं। इस ऊर्जा का उपयोग प्रदेश में हो, इसके लिए प्रसारण क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सौर ऊर्जा से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है। उस लक्ष्य को पूरा करने में राजस्थान बड़ी भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर इस वर्ष दिसंबर माह में आयोजित किए जा रहे "राइजिंग राजस्थान कॉन्क्लेव" में इन्वेस्टर्स को आमंत्रित करते हुए नागर ने कहा कि राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र सहित किसी भी अन्य संभावित क्षेत्र में निवेश के लिए जो भी उद्यमी आगे आना चाहते हैं वह राइजिंग राजस्थान कॉन्क्लेव में आकर सरकार के साथ भागीदारी को आगे बढ़ा सकते हैं। राजस्थान सरकार औद्योगिक प्रोजेक्ट लगाने के लिए निवेशकों को उपयुक्त सभी सुविधाएं, रियायतें प्राथमिकता के साथ देने के लिए तैयार है। राज्य सरकार ने निवेशकों के हित में नीतिगत स्तर पर कई सकारात्मक फैसले लिए हैं। हमारी सरकार ने 9 महीने के कार्यकाल में 32000 मेगावाट बिजली उत्पादन के संयंत्र लगाने के एमओयू साइन किये है।

नागर ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि राजस्थान में सोलर ऊर्जा सहित सम्पूर्ण रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर को और अधिक मजबूत बनाया जाए ताकि राज्य के साथ-साथ देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके।

# आदमखोर पैंथर ने सर्च टीम व ग्रामीण पर हमले का प्रयास किया

## आदमखोर पैंथर का शिकार बनने से हमले में ग्रामीण बाल-बाल बचा, कॉन्स्टेबल ने पैंथर पर दो राउंड फायर किये, पैंथर अंधेरे में भाग निकला

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुंदा में आदमखोर पैंथर का खौफ और हमले की घटना लगातार जारी है। पैंथर ने गुरुवार को भी एक ग्रामीण पर हमला किया। गनीमत रही कि ग्रामीण बच गया। वहीं सर्च टीम को बुधवार रात पैंथर दिखा। टीम ने पैंथर के सामने आते ही फायर किया, लेकिन वह भाग गया।

गोगुंदा थानाधिकारी शैतानसिंह नाथावत ने बताया कि उनके थाने से दो शूटर दिन में और दो रात में वन विभाग की टीम के साथ सर्च अभियान में लगे हैं। थानाधिकारी ने बताया कि वे खुद भी हाथ में पिस्टल लिए पहाड़ी और जंगलों में घूम रहे हैं। पैंथर ने गुरुवार को मोडी ग्राम पंचायत के काकण का गुडा गांव में ग्रामीण मोहनलाल पुत्र कालूलाल पर हमले की कोशिश की। ग्रामीण के पास लकड़ी थी, जिसे घुमाते हुए वह चिल्लाया। इतने में पैंथर भाग गया। नाथावत के अनुसार पैंथर को दिखते शूट करने वाली टीम लगातार जंगल में उसकी तलाश कर रही है। पैंथर का बुधवार रात को टीम से आमना-सामना भी हुआ। इस दौरान कांस्टेबल प्रदीप चौधरी पर हमले की कोशिश की। कॉन्स्टेबल ने पैंथर पर दो राउंड फायर किया। इतने में पैंथर अंधेरे में भाग निकला। सर्च अभियान में शामिल अन्य सदस्यों ने जैसे-तैसे



पैंथर के हमले से बचने के लिए गांववासी लट्ठ व कुल्हाड़ी हाथों में लिए चल रहे हैं।

अपनी जान बचाई।

उन्होंने बताया कि कॉन्स्टेबल ने पैंथर पर जिस जगह फायर किए। वहीं दो दिन पहले एक सितंबर को सुबह आठ बजे पैंथर ने महिला को मार डाला था। बताया जा रहा है कि वन विभाग ने घटना स्थल के आसपास दो पिंजरे लगाए हैं। जिनमें भोजन के रूप में मांस रखा गया है। पैंथर का यहां खासकर रात के समय मूवमेंट देखा जा रहा है। ऐसे में इस एरिए में टीम पूरी तरह से अलर्ट है। इधर लगातार हमलों के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग ने पैंथर को देखते ही मारने का आदेश भी निकाला है। हैदराबाद से आए शूटर शाफत अली खान के साथ ही राजस्थान के 12 अन्य शूटर, सेना के जवान और वनकर्मी जंगल की खाक छान रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि आदमखोर पैंथर के हमले से 9 मौतों के बाद उदयपुर जिले के 3 कस्बों के 15 गांवों में दहशत है। लोग दिन में भी बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। पैंथर बार-बार उन्हीं इलाकों में हमले कर रहा है। अब तक 10 हमलों में सामने आया है कि पैंथर अपने शिकार को गले से दबोचते हुए सीने और हाथ पर वार करता है। इसी से अंदेशा है कि एक सभी हमले करने वाला पैंथर एक ही है।

उदयपुर के डीएफओ अजय चित्तौड़ा का कहना है कि 25 सितंबर को मजावद के कुडाऊ गांव की भील

- **हैदराबाद से आए शूटर शाफत अली खान के साथ ही राजस्थान के 12 अन्य शूटर, सेना के जवान और वनकर्मी जंगल में तलाशी में जुटे**

बस्ती में 5 साल की बच्ची सूरज के शिकार से लेकर अब तक जिसको भी पैंथर ने मारा है,उसको सीधे गले से पकड़ा है। उन्होंने बताया कि इसके बाद गुर्जरों का गडा राठौड़ों का गडा और केलवों का खेड़ा में जिन पर पैंथर ने हमला किया, उन सभी को गले से ही दबोचा है। पैटर्न को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि सभी लोगों का शिकार एक ही पैंथर कर रहा है। वहीं उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलोजिकल पार्क के वरिष्ठ डॉक्टर हिमांशु व्यास कैंप में पहुंचे। उनके साथ वन अधिकारियों की चर्चा हुई और डॉक्टर ने अपनी राय दी। वे साथ में एक मादा पैंथर भी लेकर आए। बताते हैं कि इसके पीछे सोच है कि जरूरत पड़ने पर पैंथर को पिंजरे में रखा जाए ताकि यहां घूम रहे नर पैंथर को आभास हो और वह इस तरफ आए तो उसको शूट कर दें।


# ट्रक-कार भिड़ंत में कार सवार दो युवकों की मौत

**केकड़ी,** (निसं)। केकड़ी में सावर मार्ग पर ट्रक-कार भिड़ंत में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य युवक घायल हो गए। जिनका यहां राजकीय जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है। हादसे में कार चालक बाल-बाल बच गया।

- **हादसे में दो अन्य युवक घायल, राजकीय जिला चिकित्सालय में उपचार जारी**
- **केकड़ी के चार युवक कार में देवली जा रहे थे, कोहड़ा के समीप हादसा हुआ**

प्राप्त जानकारी के अनुसार केकड़ी के चार युवक कार में देवली जा रहे थे। कोहड़ा के समीप सामने से आ रहे ट्रक चालक की लापरवाही से कार व ट्रक में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में अजमेरी गेट केकड़ी निवासी हार्दिक अग्रवाल पुत्र अरविन्द अग्रवाल की मौत हो गई। वहीं अजमेर रोड निवासी अभिजीत कानावत पुत्र हेमराज कानावत, अजमेर रोड निवासी सार्थक जैन पुत्र महेन्द्र जैन एवं जालिया हाल केकड़ी निवासी आदित्य सिंह पुत्र नरेन्द्र





मृतकों की फाइल फोटो।

सिंह राठौड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस 108 की सहायता से राजकीय जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अभिजीत कानावत को अजमेर रेफर कर दिया गया। सार्थक व आदित्य को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। देर शाम अभिजीत कानावत की अजमेर में उपचार के दौरान मौत हो गई।

सूचना पर अस्पताल पहुंचे सिटी थाना पुलिस के हैड कांस्टेबल राकेश मीणा ने हार्दिक अग्रवाल के शव को मोर्चरी में रखवाया। जहां पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। सिटी थाना पुलिस ने जालिया निवासी नरेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

हादसे का पता चलते ही अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक हार्दिक अपने पिता का इकलौता पुत्र है। हार्दिक की एक बड़ी बहन है। बताया जाता है हार्दिक पढ़ाई में बेहद होशियार है तथा कोटा रहकर कोचिंग कर रहा है। हार्दिक के पिता अरविन्द अग्रवाल शारीरिक शिक्षक एवं कुशल मंच संचालक है। गुरुवार को पूरा परिवार अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमों में व्यस्त था और यह हादसा हो गया। हार्दिक के निधन के बाद अग्रवाल समाज ने अग्रसेन जयंती के तहत गुरुवार को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए है। अभिजीत कानावत की मौत के समाचार मिलते ही परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से दो चचेरे भाइयों की मौत

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। घटना बुधवार शाम करीब छह बजे नई मंडी थाना क्षेत्र में महवा मार्ग पर क्यारदा स्थित मुंडरी मोड़ के पास हुई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर फरार हो गया। गुरुवार सुबह दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया।

महू इब्राहिमपुर चौकी प्रभारी प्रेम सिंह ने बताया कि बुधवार शाम को महवा मार्ग स्थित श्यामपुर मुंडरी मोड़ के पास हिंडौन से खिरखियान का पुरा की ओर जा रही बाइक को जयपुर की ओर से आ रही स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार खिरखियान का पुरा निवासी इंद्रजीत जाटव (26) पुत्र भगवान सिंह की जयपुर ले जाते समय दौसा के पास मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक सचिन जाटव (22) पुत्र सोहनलाल ने जिला अस्पताल में रेफर किए जाने से पहले

- **घर का सामान खरीदने के लिए बाइक से निकले थे**
- **एक भाई तीन दिन पहले ही उदयपुर से लौटा था**

ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र कुमार और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को दोनों घायलों के मोबाइल फोन दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मिले, जिसके बाद उनके सिम कार्ड निकालकर अन्य मोबाइल में डालकर उनके परिजनों से संपर्क किया गया। सबसे पहले इंद्रजीत की पहचान हुई, जिसके बाद उनके परिजन अस्पताल पहुंचे और उन्हें जयपुर एसएमएस अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। हालांकि, सचिन ने जिला अस्पताल में ही इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि इंद्रजीत को जयपुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई।

नई मंडी थाना पुलिस ने गुरुवार सुबह जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखे दोनों युवकों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराया। सचिन के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए स्कॉर्पियो चालक पर तेज गति और लापरवाही से टक्कर मारने का आरोप लगाया है। सचिन जाटव और इंद्रजीत जाटव दोनों चचेरे भाई थे। परिजनों ने बताया कि इंद्रजीत उदयपुरमें एक बैंक में फील्ड वर्क का कार्य कर रहा था और नवरात्र से तीन दिन पहले छुट्टी लेकर गांव आया हुआ था। बुधवार को शाम करीब चार बजे, दोनों भाई घरेलू सामान खरीदने बाइक से निकले थे, जिसके बाद उन्हें दुर्घटना की सूचना मिली। इंद्रजीत विवाहित था और उसके एक 4 वर्षीय बेटा दिवेश और 8 महीने की बेटी है।

# पाक सीमा से भारत में घुसा युवक, बी.एस.एफ. ने गिरफ्तार किया

## युवक ने अपना नाम भारमल बताया, प्रथमदृष्टया मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है युवक

**अनूपगढ़,** (निसं)। सीमा सुरक्षा बल ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक पाकिस्तानी युवक को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ ने बताया कि एक पाकिस्तानी युवक जीरो लाइन पार कर राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के गांव 14 के पास शेरपुर पोस्ट पर कंटीले तारों की बाड़ तक आ गया और वहीं लेट गया। इस पर बीएसएफ जवानों ने उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने अपना नाम भारमल बताया है। प्रथमदृष्टया वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है।

स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब युवक से उसके निवास स्थान के बारे में पूछा गया तो वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। उसने पहले बताया कि वह पंजाब का रहने वाला है, फिर लुधियाना और बाद में बताया कि वह जालंधर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी युवक के पास से कोई सामान बरामद नहीं हुआ है। पाकिस्तानी युवक की गिरफ्तारी के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ, पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इससे पहले, मंगलवार को बीकानेर जिले के खाजूवाला क्षेत्र में भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर बीएसएफ की नीलकंठ पोस्ट के गांव 6 बीजीएम के नजदीक एक कैमरों से लैस ड्रोन रेतीले धोरों पर मिला। बीएसएफ ने बताया कि संभवत यह ड्रोन सरहद के उस पार पाकिस्तान की तरफ से आकर गिरा होगा। इस स्थान से बॉर्डर की तारबंदी से सिर्फ एक किमी दूर है। इसके बाद बॉर्डर क्षेत्र में बीएसएफ व पुलिस ने ग्रामीणों के साथ सर्च अभियान चलाया। प्रथमदृष्टया अंदेशा जताया जा रहा है कि ड्रोन से बॉर्डर इलाके में हेरोइन की सप्लाई आई होगी। बीएसएफ ने ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया है और गहनता से जांच की जा रही है।

## दो किसानों की मौत

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के डेठाणी व डोकरिया गांव में कृषि कार्य के दौरान दो किसानों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की दोपहर डोकरिया गांव निवासी 65 वर्षिय किसान रामरतन बैरवा पुत्र छीतरलाल जो कि अपने खेत पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में मूंग की फसल की कडबी भर रहा था।

इसी दौरान संतुलन बिगड़ जाने से नीचे आ गिरा। किसान के गिरने की जानकारी के अभाव में ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को स्टार्ट कर दिया। इस दौरान टायर की चपेट मे आने से किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसी प्रकार डेठाणी गांव मे कृषि कार्य के दौरान किसान मदन पुत्र रामनारायण चौधरी की मौत हो गई। मालपुरा अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गये।

# जोधपुर में नशीली दवाओं की खेप बरामद

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली ब्रांच ने जोधपुर में नशीली दवाओं की खेप बरामद की है। इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, एक कार भी जब्त की गई है। यह पूरी कार्रवाई 30 सितंबर को की गई थी, जिसकी जानकारी अब केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो सीबीएन की ओर से अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर जारी की गई है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली इकाई की ओर से जोधपुर के पास धवा गांव में नशीली दवाइयों को लेकर कार्रवाई की गई। इसके तहत 64,800 टैबलेट जब्त की गई है। कार्रवाई के बाद टीम आरोपी को लेकर दिल्ली रवाना हो गई। हालांकि स्थानीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को इसकी जानकारी नहीं दी गई।

- **इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया, कार भी जब्त की**
- **30 सितंबर को केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली ब्रांच ने कार्रवाई की थी**

जोधपुर में इससे पहले भी सूरसागर और मोगड़ा क्षेत्र में नशीली दवा की खेप बरामद की जा चुकी है। इसके तहत सूरसागर थाना पुलिस ने एक कारखाने से 6 लाख से अधिक नशीली टैबलेट और विवेक विहार पुलिस ने 1500 टैबलेट बरामद की थी।

# स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी का मामला : रेलवे पुलिस टीम पंजाब के फगवाड़ा रवाना

## राज्य के रेलवे स्टेशनों और एमपी के उज्जैन महाकाल मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर जंक्शन रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद से रेलवे पुलिस सक्रिय हो गई है। हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन के अलावा श्रीगंगानगर, बीकानेर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा, बूंदी, जयपुर आदि रेलवे स्टेशनों और मध्य प्रदेश के उज्जैन महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है। बुधवार को जीआरपी बीकानेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाबूलाल मीणा हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने जीआरपी और आरपीएफ पुलिस के साथ जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का निर्देश दिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाबूलाल मीणा ने बताया कि पत्र पर पंजाब के फगवाड़ा शहर के पिन कोड की मोहर लगी हुई है, इसलिए एक पुलिस टीम को पंजाब के फगवाड़ा भेजा गया है। वहीं हनुमानगढ़ पहुंचने पर बाबूलाल मीणा ने रेलवे अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। इससे पहले मंगलवार को हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन अधीक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह को एक पत्र मिला था, जिसमें अपने आपको

- **दूसरे दिन भी खौफ का माहौल रहा, रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की ले रहे तलाशी**

जैश ए मोहम्मद का जम्मू कश्मीर का एरिया कमांडर बताते हुए सलीम अंसारी ने जम्मू कश्मीर में जिहादियों की हत्या का बदला लेने के लिए बम विस्फोट से रेलवे स्टेशन और उज्जैन महाकाल मंदिर को उड़ाने की धमकी दी थी। इसके बाद राज्य के रेलवे स्टेशनों और एमपी के उज्जैन महाकाल मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

गौरतलब है कि मंगलवार को जंक्शन रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिलने से रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मच गया था। जीआरपी, आरपीएफ, जंक्शन पुलिस और एएसपी ने स्टेशन पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों ने रेलवे स्टेशन के चप्पे-चप्पे की जांच की। जीआरपी थाने में दर्ज हुए मुकदमे में स्टेशन अधीक्षक नगेन्द्र प्रताप सिंह ने रिपोर्ट पेश की कि मंगलवार को अपराह्न करीब तीन बजे डाक के जरिए मिले पीले रंग के लिफाफे में जिस पर पांच रुपए की साधारण डाक टिकट लगी हुई थी। इसको खोलकर देखा तो उसमें लिखा हुआ था कि हे खुदा, मुझे माफ कर। जम्मू कश्मीर में मारे जा रहे हमारे जिहादियों की मौत का बदला जरूर लेंगे। हम ठीक 30 अक्टूबर को जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अलवर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बूंदी, उदयपुर सिटी सहित बीकानेर मंडल, जयपुर मंडल सहित राजस्थान और मध्यप्रदेश के रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ा देंगे। हम ठीक दो नवम्बर को महाकाल उज्जैन शिव मंदिर सहित कई धार्मिक स्थान, हवाई अड्डा, मिल्टी कैंपों को बम से उड़ा देंगे। राजस्थान, मध्यप्रदेश को खून से रंग देंगे, खुदा हाफिज। आतंकवादी संगठन (जैश ए मोहम्मद) एरिया कमांडर (सलीम अंसारी) (जम्मू/ कश्मीर जैस ए जिदांबाद, पाकिस्तान जिंदाबाद।

जीआरपी पुलिस ने बीएनएस की धारा 147, 148, 152 व धारा 10, 18, 20, 15/16 यूएपीए एक्ट के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच जीआरपी वृत बीकानेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाबूलाल मीणा कर रहे हैं।

# शिक्षा ही सशक्तिकरण का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है : राष्ट्रपति मुर्मू

## मोहनलाल सुखाड़िया वि.वि. के दीक्षान्त समारोह में 85 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल, 68 को पीएचडी उपाधि प्रदान की

**उदयपुर,** (कासं)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। शिक्षित और सुसंस्कारित व्यक्ति अपने परिवार, समाज और देश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरूवार को उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32 वें दीक्षान्त समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन सिर्फ स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए ही नहीं बल्कि उनके शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी हर्ष और गर्व का है। दीक्षान्त समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ चरित्र का भी विशेष महत्व है। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि चरित्र और विनम्रता के बिना मनुष्य हिंसक पशु के समान



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एयरपोर्ट पर राज्यपाल बागड़े ने स्वागत किया।

है। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्चतम नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए आगे बढ़ने और अपने उच्च आचरण व कर्म से देश को गौरवान्वित करने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने विद्यार्थियों से वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने

- **राज्यपाल बागड़े ने सभी पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी**

का भी आह्वान किया। विवि के विवेकानंद सभागार में समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने की। विशिष्ट अतिथि पंजाब के राज्यपाल व चण्डीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया रहे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

प्रारंभ में विवि की कुलपति प्रो.सुनीता मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विवि की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव व रजिस्ट्रार वृद्धिचंद गर्ग ने किया।

दीक्षान्त समारोह में राष्ट्रपति ने विभिन्न विषयों के 85 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल तथा 68 शोधार्थियों को विद्या वाचस्पति की उपाधि से नवाजा। दीक्षांत समारोह में कुल 85 विद्यार्थियों को 102 गोल्ड मेडल दिए, जिसमें 16 छात्र तथा 69 छात्राएं शामिल है। इन गोल्ड मेडल में 8 चांसलर मेडल भी शामिल है जिसमें दो छात्र व 6 छात्राएं हैं। इसके साथ ही कुल 68 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की ,जिसमें 35 छात्राएं और 33 छात्र शामिल थे। दीक्षान्त समारोह में गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटों की तुलना में बेटियों की अधिक संख्या की जानकारी मिलने पर राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रसन्नता व्यक्त की। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने सभी पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बागड़े ने कहा कि भारत की नई शिक्षा नीति प्राचीन भारत की शिक्षापद्धति से प्रेरित है। इसमें विद्यार्थी को अपने विषय के अतिरिक्त भी अन्य जीवनोपयोगी विषयों के अध्ययन की सुविधा प्रदान की जा रही है। दीक्षान्त समारोह से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उदयपुर आगमन पर गुरुवार सुबह डबोक स्थित महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर अगवानी की गई। राष्ट्रपति मुर्मू विशेष विमान से निर्धारित समय पर डबोक एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा, उदयपुर सांसद डॉ.मन्नालाल रावत, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा, जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल, पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, जिला प्रमुख ममता कुंवर, महापौर गोविन्द सिंह टांक, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली आदि ने अगवानी की और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# पाकिस्तान से आई 11 करोड़ की हेरोइन बरामद

**बीकानेर,** (निसं)। भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर से कुछ दूरी पर भारतीय सीमा में ड्रोन बरामद होने के अगले ही दिन बीएसएफ ने बड़ी सफलता हासिल की। बरामद ड्रोन से ही गिराया गया 2 किलो 100 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद कर लिया गया है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 11 करोड़ रुपए आंकी गई है।

सीमा चौकी नीलकंठ के इलाके में ड्रोन मिला था। यह 9 किलो वजन उठाने वाला क्वार्डकॉप्टर श्रेणी का चीन निर्मित ड्रोन था। ऐसे में साफ हो गया कि ड्रोन से भारतीय सीमा में हेरोइन की डिलीवरी देने का प्रयास किया गया है। बीएसएफ डीआईजी अजय लूथरा के निर्देशन में बीएसएफ कमांडेंट 114वीं वाहिनी महेंद्र सिंह और सामान्य शाखा के निरीक्षक ताराचंद यादव और उनकी टीम ने सर्च अभियान शुरू किया।

बीएसएफ की ओर से दोपहर में शुरू किए सर्च ऑपरेशन को सफलता मिली। सीमावर्ती खेत की रोही में जवानों ने पीले रंग के प्लास्टिक में लिपटे मादक पदार्थ हेरोइन से भरे एक पैकेट को खोज निकाला। बीएसएफ ने हेरोइन को कब्जे में लेकर जांच कर खाजूवाला पुलिस थाना के सुपुर्द कर दिया।

**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**
C-Block 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilk Marg, C-Scheme, Jaipur
RISL invites bids from the eligible bidders for Short Term RFP for Supply, Installation and Maintenance of IT Equipment for Rajasthan Legislative Assembly. The estimated cost is Rs. 4.00 Cr. The details can be seen on the websites : https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in, https://risl.rajasthan.gov.in, https://doitc.rajasthan.gov.in
Raj.Samwad/C/24/6039 Group General Manager, RISL

# रामबाग व त्रिमूर्ति सर्किल पर घटिया मैस्टिक डामर फ्लोरिंग से सड़क हादसों का खतरा बढ़ा

## ठेकेदार ने ना तो सड़क की मोटाई 25 एम.एम. रखी और ना ही चूना पाउडर डालकर तय मोटाई के पत्थर लगाए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के वीआईपी रूट जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर बने त्रिमूर्ति सर्किल और रामबाग चौराहे पर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मैस्टिक डामर फ्लोरिंग की जा रही है। जिस ठेकेदार को यह काम मिला है, वह इसकी गुणवत्ता सुधारने के बजाय घटिया क्वालिटी का काम कर रहा है, इसके बावजूद जे.डी.ए. के इंजीनियर आंखे मूंदकर ठेकेदार के काम को सराहने में लगे हैं।

दरअसल बारिश के पानी से सड़क नहीं टूटे, इसलिए जेडीए द्वारा प्रमुख चौराहों व सर्किल पर मैस्टिक डामर फ्लोरिंग की जाती है। चूंकि इसकी लागत आम डामर सड़क की तुलना में ज्यादा होती है, लेकिन यह इतनी मजबूत होती है कि बरसात में भी नहीं उखड़ती। परंतु जयपुर विकास प्राधिकरण के दफ्तर से चंद कदम दूरी पर त्रिमूर्ति सर्किल और रामबाग चौराहे पर मैस्टिक डामर फ्लोरिंग का यह काम तय मानकों के मुताबिक नहीं हो रहा। ठेकेदार पैसे और समय बचाने के चक्कर में हल्का और घटिया काम कर रहा है, जिससे यहां सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बन गया है।

- बारिश से सड़क बार-बार नहीं टूटे, इसलिए जे.डी.ए. प्रशासन करवा रहा है दोनों जगहों पर मैस्टिक डामर फ्लोरिंग
- जे.डी.ए. जोन-1 के इंजीनियर्स सड़क की खामियां सुधरवाने के बजाय ठेकेदार फर्म के कार्य को सराहने में लगे




जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित त्रिमूर्ति सर्किल पर की गई मैस्टिक डामर फ्लोरिंग में से स्टोन अभी से निकलकर बिखरने लगे हैं।

इस समय रामबाग सर्किल पर जोन-1 द्वारा मैस्टिक डामर फ्लोरिंग का काम चल रहा है। यहां घटिया क्वालिटी के कार्य के कारण वाहन फिसलने लगे हैं। त्रिमूर्ति सर्किल पर यह काम हो चुका है, लेकिन वहां पर भी काफी खामियां छोड़ी हुई है। इन दोनों सड़कों पर जो डामर लगाई गई है, उसकी मोटाई भी निर्धारित 25 एम.एम. नहीं है। सड़क पर लगाए गए स्टोन ढंग से नहीं लगे है, जो डामर में पकड़ बनाने के बजाय अभी से बाहर निकलकर बिखरने लगे हैं। मजेदार बात यह है कि ठेकेदार राकेश अग्रवाल को जेडीए ने यह कार्य 25 प्रतिशत ज्यादा रेट पर दिया है, इसके बावजूद मैस्टिक डामर फ्लोरिंग की गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है।

जानकारों की मानें तो, मैस्टिक डामर की फ्लोरिंग में डामर की मोटाई 25 एम.एम. होती है। इसमें चूने का पाउडर छिड़ककर पत्थर के टुकड़े लगाए जाते हैं, जिससे बरसात में भी तेज स्पीड़ में आने वाले वाहन फिसलते नहीं है। रामबाग सर्किल के आसपास जो काम हो रहा है, उसमें डामर की मात्रा और मोटाई कम की जा रही है। डामर की परत के ऊपर 20 एम.एम. का पत्थर नहीं लगाया जा रहा है, जिसका नुकसान यह होगा कि वाहन फिसलेंगे, खासकर तेज रफ्तार में चलने वाले दुपहिया वाहन चालकों के स्लिप होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है।

### इस तरह होता है मैस्टिक डामर फ्लोरिंग का कार्य



मैस्टिक डामर की फ्लोरिंग में आम सड़कों की तुलना में लागत दोगुनी होती है, इसलिए इसे पुल पर या सड़क पर कम मात्रा में लगाया जाता है। इसकी फ्लोरिंग करने में मेहनत भी अधिक होती है। सड़क निर्माण से जुड़े एम.एन.आई.टी. के एक्सपर्ट बताते है कि सड़क बनाने की प्रक्रिया धीमी तो है ही साथ में लागत भी ज्यादा आती है। इसलिए इन सड़कों का निर्माण जरूरी जगहों पर ही कराया जाता है, जहां वाहनों का दबाव अधिक होता है, वहां इस तरह की सड़कें बनती है। ताकि सड़क मजबूती के साथ टिकी रहें।

ज्ञात रहे कि सड़क पर मैस्टिक का काम मुख्य रूप से सड़क की सतह को सुधारने और उसकी गुणवत्ता में सुधार करने के लिए किया जाता है। मैस्टिक एक प्रकार का तरल या सेमी-सॉलिड पदार्थ होता है जो कि तेल और रबर के मिश्रण से बनाया जाता है। इसका उपयोग सड़क की सतह पर दरारें और गड्ढों को भरने के लिए किया जाता है, जिससे सड़क की सतह चिकनी और मजबूत होती है।

मैस्टिक फ्लोरिंग सड़क की सतह को सुधारता है और दरारें और गड्ढों को भरता है। इससे सड़क की गुणवत्ता सुधरती है और उसकी आयु बढ़ती है। इसके साथ ही वाहनों का आवागमन भी सुरक्षित रहता है।

एक्सपर्ट्स की मानें तो मैस्टिक फ्लोरिंग से पहले सड़क की सतह को साफ किया जाता है। इसके बाद दरारें और गड्ढों को चिह्नित करके उनमें गर्म किया हुआ मैस्टिक भरा जाता है। इसके बाद मैस्टिक को ठंडा होने दिया जाता है। यह कार्य पूरा होने के बाद सड़क की सतह को फिर से साफ किया जाता है।

इस संबंध में जोन-1 के कनिष्ठ अभियंता सऊदी का कहना है कि काम प्रापर तरीके से किया जा रहा है। मैस्टिक में लगने वाली डामर की मोटाई भी 25 एम.एम. ही है। बाकायदा एग्रीगेटर लगाए गए हैं।

# महामांगलिक साधर्मिक वात्सल्य कार्यक्रम संपन्न

**जयपुर (कासं)।** धर्मनगरी जयपुर में गुरूवार को प्रथम नवरात्र को साधर्मिक वात्सल्य महा मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो गया। कार्यक्रम के लाभार्थी स्व देशराज स्व. सीतादेवी एवं स्व. गुणमाला की स्मृति में आयोजित हुआ। ओसवाल सोप ग्रुप के तत्वावधान में श्री जैन श्वेतांबर संघ जवाहर नगर द्वारा आयोजित साधर्मिक वात्सल्य कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से लेकर 3 बजे तक चला। जिसमें मनुष्य के कल्याण की कई विधियां प्रत्यक्ष रूप से करवाई गई। मंत्र उच्चारण के बीच खचाखच भरे पंडाल में महाराज श्री के बताए अनुसार उपस्थित जन समुदाय साधना की क्रियाएं कर रहा था। कार्यक्रम के दौरान ओसवाल परिवार की 4 वर्षीय नन्ही बालिका निरवी ने बहुत ही मधुर भजन गाकर सुनाया। तालियां बजाकर सभी श्रोताओं ने बालिका की हौसला अफजाई की। इस दौरान भजन गायक महाराज श्री के परम शिष्य दीपक ने भजन सुना कर सबको मंत्र मुक्त कर दिया।

- आचार्य नवरत्न सागर सूरीशवर व विश्व रत्नसागर ने दिया आशीर्वाद

साधर्मिक वात्सल्य के लाभार्थी देवेंद्र सुरेंद्र यतेंद्र एवं वीरेंद्र सहित जैन ओसवाल परिवार ने विज्ञिप्त जारी कर बताया कि लाल जैन मंदिर महावीर साधना केंद्र सेक्टर 4 जवाहर नगर में महा मांगलिक कार्यक्रम के दौरान महा मंगलिक आद्या प्रणेता जिन शासन के महानायक तपस्वी सूरिमंत्र समाराधक ब्रह्म स्वरूप मालवभूषण प. पू. आचार्य देव श्री नवरत्न सागर सूरीशवरजी म.सा. एवं महामंगलिक प्रदाता गुरु नवरत्न कृपापात्र युवा हृदय सम्राट जिन शासन हितचिंतक सर्व धर्म दिवाकर सूरीमंत्र आराधक प. पू. आचार्य देव श्री विश्व रत्नसागर सुरिश्वर जी म. सा. आशीर्वाद और मंगल कामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के अंत में आगंतुक अतिथियों और भक्तजनों ने प्रसादी ग्रहण की।

# पांच वर्षीय लापता बालक का शव कार में बंद मिला

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना इलाके में पांच साल के लापता बच्चे का शव 200 मीटर दूरी पर खड़ी एक कार में पड़ा मिला। कार अंदर से लॉक थी। पुलिस ने हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए है। बच्चे के मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही लग जाएगा। प्राथमिक जांच में बच्चे की दम घुटने से मौत सामने आ रही है।

एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया ने बताया कि नूर नगर लूनियावास निवासी शाहिद खान का पांच वर्षीय बेटा अल्फेज बुधवार दोपहर को मामा के घर खेलने की जाने की बात कहकर निकला था। मामा का घर उसके घर से दो गली दूर है। जब वह शाम नहीं तक घर नहीं लौटा तो उसे आस-पास तलाश गया, लेकिन वह नहीं मिला। इस पर परिजन थाने पहुंचे और बच्चे की गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी थी। गुरुवार को परिजनों के साथ आस-पास और गली मोहल्ले के लोग मिलकर बच्चे को तलाश रहे थे, इसी दौरान मामा के घर के सामने खाली मकान में खड़ी कार पर नजर पड़ी। कार में झांककर देखा तो बच्चे का शव पड़ा हुआ था। इस पर पुलिस को सूचना दी। बच्चे का शव पीछे की सीट के बीच पड़ा था और उसमें से दुर्गंध आ रही थी। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद सहित अन्य लोग मौके पर जमा हो गए। एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया ने बताया कि पांच वर्षीय अल्फेज के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। फिलहाल हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही उसकी मौत के कारणों का पता चल पाएगा। बताया जा रहा है कि तोसिफ की कार के दोनों गेट खराब है। लॉक भी काम नहीं कर रहा। इसके चलते उसने घर के पास ही कार खड़ी कर रखी थी।

# प्रथम नवरात्र पर धूमधाम से हुई वेद माता गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा

**जयपुर।** आश्विन शुक्ल प्रतिपदा गुरुवार से शुरू हुए शारदीय नवरात्र के साथ शुभ और मांगलिक कार्यों का भी शुभारंभ हो गया है। इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ में वेदमाता और प्रज्ञेश्वर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शान्तिकुंज हरिद्वार से आए शशि कांत ने विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई।

मुख्य ट्रस्टी धर्म सिंह राजावत ने बताया कि गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओम प्रकाश अग्रवाल, सतीश भाटी, डॉ. प्रशांत भारद्वाज, कालवाड़ सरपंच त्रिवेंद्र सिंह, सुप्रीत यादव ने सप्तनीक पूजा अर्चना की। इससे पूर्व यजमानों ने षट्कर्म, शुद्धि सिंचन, दूध, दही, घी, शहद, गोबर, गोमय, गोमूत्र, भस्म, मृतिका, कुशा से दस विध स्नान कराकर बीज मंत्रों से प्राण आव्हान किया गया। प्राण स्थिरकरण कर सोडसोपचार पूजन किया गया। सभी क्रियाएं मंदिर के गर्भ गृह में पर्दे के अंदर सम्पन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा बाद गायत्री चालीसा पाठ और ॐ नम: शिवाय मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। महाआरती के लिए जैसे ही पर्दा हटा तो खुशी के मारे श्रद्धालुओं की आंखें छल छला उठी। मुख्य ट्रस्टी धर्म सिंह राजावत, प्रहलाद शर्मा, मंगल सैनी सहित अन्य ने एक दूसरे के गले लगकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की बधाई दी। श्रद्धालुओं ने बारी बारी मां गायत्री और शिव परिवार के दर्शन किए।

- कालवाड़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई


गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ में गुरूवार को प्रथम नवरात्र पर वेदमाता गायत्री और प्रज्ञेश्वर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शान्तिकुंज हरिद्वार से आए शशि कांत ने विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न करवाई।

यज्ञशाला में एक अक्टूबर से चल रहे 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ मां दुर्गा और गायत्री मंत्र के साथ आहुतियां अर्पित की। व्यास पीठ से शशि कांत सिंह ने कहा कि समाज में बिना शक्ति संपन्न हुए सम्मान नहीं मिलता। मां दुर्गा की 9 दिन तक आराधना करके हमें आध्यात्मिक रूप से शक्ति संपन्न होना चाहिए। इस शक्ति का उपयोग अन्याय, अत्याचार के विरुद्ध करना चाहिए।

इस मौके पर बड़ी संख्या में नए साधकों ने गुरू दीक्षा ली। यज्ञशाला में बिना दहेज के एक आदर्श विवाह भी संपन्न हुआ। गायत्री परिवार कालवाड़ में शांतिकुंज से पधारी टोली को भावभीनी विदाई दी।

## स्वच्छता सुधार और लंबित प्रकरण निष्पादन 31 तक

**जयपुर।** राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस में 3 से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता सुधार और लंबित प्रकरणों का निष्पादन (इंप्रूविंग स्वच्छता एवं डिस्पोजबल ऑफ पेंडिंग रेफरेंसेज) अभियान शुरु किया गया। आरएसजीएल के एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत यह दूसरा चरण समूचे देश में इंपलिमेंटेशन चरण के रुप में 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि इस अभियान के दौरान कार्य स्थल पर सफाई के साथ ही अनुपयोगी सामग्री का निष्पादन, अनुपयोगी पत्रावलियों का बीड आउट, लंबित प्रकरणों का निष्पादन व नवाचारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर विभाग के जयपुर, कोटा, नीमराणा और कूकस के कार्मिकों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय हिस्सेदारी की शपथ भी दिलाई। डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन, डीजीएम सीएण्डपी विवेक श्रीवास्तव, सीएफओ दीप्तांशु पारीक, रवि अग्रवाल, डीएम आईटी गगनदीप राजोरिया, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र शर्मा के साथ ही कोटा से आनंद आर्य, सीपी चौधरी, अविनाश सिंह, प्रशांत किन्जालका, नीमराना से अतुल शुक्ला ने विश्वास दिलाया कि अभियान में निर्धारित दायित्वों को पूरा किया जाएगा। इस मौके पर लोकेश शर्मा, शुभम, अजय, चेतन, दामोदर, मनोज, मनीष, जय व विनायक ने हिस्सा लिया।

# बदमाशों ने लॉरेंस विश्नोई गैंग की धमकी देकर रेस्तरां मालिक से रंगदारी मांगी

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना इलाके में आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने एक रेस्टोरेट में जमकर तोड़फोड़ की। रेस्टोरेंट मालिक विजेन्द्र मीणा ने सीसीटीवी में बदमाशों को देख कर नामजद मामला दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि उस से रंगदारी मांगने के लिए बदमाशों ने उस की दूकान पर हमला किया जो वहां पर लगे हुए सीसीटीवी में हैं।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित विजेन्द्र मीणा ने बताया कि वह 12 मील के पास टोंक रोड पर चौखा ढाबा रेस्टोरेट चलाता है। सोमवार को रात साढ़े 9 बजे तीन लडके गोलु, रोहिताश्व, उर्फ रोहित व अन्य रेस्टोरेंट में आए। ये लोग 5-6 बार पहले भी खाना खाने के लिए आए थे और पैसा मांगने पर अपनी अपनी धौंस जताते हुए कहते थे कि आजकल तुम्हारा ढाबा युट्यूब पर बहुत फेमस हो गया है अच्छा कमा रहे हो यदि तुम्हें ये ढाबा चलाना है तो हमें हर महीने रंगदारी देनी पडेगी, हम लॉरेन्स विश्नोई गैंग के आदमी है नहीं दोगे तो जान से जाएगा। इन लोगों की धमकी के कारण इन लोगों को पूर्व में तीन बार 20, 25 और 20 हजार रुपए दे चुके है।

इसके बाद ये लोग वापस रेस्टोरेंट में आये और खाने का ऑर्डर देकर बोला कि तुझे अब हर महीने एक लाख रुपए की रंगदारी देनी पडेगी, नहीं देगा तो तुझे में शूटर बुलवाकर गोली मरवा देंगे। विजेन्द्र ने बताया कि उसने पैसा देने से मना कर दिया। जिसके बाद इन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। ये लोग मारपीट करते हुए मौके से निकल गए जिस के बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

- प्रताप नगर के चौखा ढाबा रेस्टोरेंट में इन बदमाशों ने जमकर तोड़फोड़ भी की

देर रात आधा दर्जन से अधिक लोग रेस्टोरेट पर आए और तोड़फोड की शुरू कर दी। इन लोगों ने रेस्टोरेट पर पथराव और डंडो से तोड़फोड की। बदमाश जाते जाते कहकर गए कि अगर 1 लाख महीने की रंगदारी नहीं देगा तो लॉरेन्स भाई (लॉरेन्स विश्नोई) व रोहित गोदारा का फोन आएगा जब पूरे पचास लाख ही देने पड़ेंगे, नहीं तो गोली खाने के लिए तैयार रहना।

पुलिस ने बताया कि खाने को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। मौका नक्शा बना लिया गया हैं, मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही हैं। दो बदमाशों की जानकारी अभी तक मिली है जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### युवक को गोली मारकर घायल किया

**जयपुर।** करधनी इलाके में बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। बीती रात दो बदमाशों ने अचानक से फायरिंग करके युवक को घायल कर दिया और एक राहगीर की मोटरसाइकिल लूट कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने जयपुर शहर में ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई, हालांकि, बदमाशों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। घायल युवक की पहचान प्रदीप सिंह उर्फ मोहन सिंह के रूप में हुई है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार के मुताबिक करधनी इलाके में निवारू रोड पर बुधवार रात को दो बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। युवक के पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। बदमाश एक राहगीर की मोटरसाइकिल लूट कर फरार हुए. घायल युवक को आसपास मौजूद लोगों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर युवक का इलाज जारी है। फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। कई स्थानीय व्यापारी भी अपनी दुकान बंद करके चले गए। डॉक्टरों ने घायल के पेट से गोली निकाल दी है। मामले की सूचना मिलते ही एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप, डीसीपी वेस्ट अमित कुमार, एडिशनल डीसीपी वेस्ट नीरज पाठक समेत पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाली हैं, जिनमें कुछ संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी मिली है। संदिग्ध लोगों के ठिकानों पर सर्च किया जा रहा है।

### छात्र का अपहरण कर फिरौती मांगी

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना इलाके में एक कॉलेज छात्र का अपहरण कर छह लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। कॉलेज छात्र को छोड़ने के बदले पिता को मैसेज कर छह लाख रुपए की फिरौती मांगी। जांच अधिकारी एसआई भवानी सिंह ने बताया कि दूनी टोंक निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि खोह नागोरियान इलाके में उसका 23 वर्षीय बेटा किराए से रहकर कॉलेज में पढ़ रहा है। 30 सितम्बर को शाम को गैस सिलेंडर भरवाने के लिए बाइक पर क्लासमेट के साथ निकला था। इन्द्रा गांधी नगर में पीछे से तेज गति से अल्टो कार ने बाइक को आगे लगाकर रोक लिया। कार में बैठे चार-पांच बदमाशों ने नीचे उतरते ही लोहे के सरिए से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोनों को जमकर मारपीट कर बेहोशी की हालत में कर दिया। क्लासमेट को रोड पर गिरे छोड़कर बेटे को उठाकर कार में पटक लिया। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर बदमाश उसका किडनैप कर ले गए। किडनैपर्स ने बेटे को छोड़ने की एवज में 6 लाख रुपए की फिरौती की डिमांड की। मोबाइल पर मैसेज भेजकर 6 लाख रुपए की फिरौती मांग गई है। थाने में पीड़ित ने किडनैप कर बेटे को छोड़ने की एवज में फिरौती मांगने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अपहरण कॉलेज छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### आर्ट एंड क्रॉफ्ट प्रदर्शनी आज से

**जयपुर।** मास्टर आर्टिस्ट की एकमात्र संस्था शिल्पकार आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन 4 से 7 अक्टूबर तक जयपुर के जवाहर कला केंद्र स्थित गैलरी सुरेख में सुबह 10 से शाम 7 बजे तक होगी। इस अनूठी प्रदर्शनी में राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार विजेता कारीगरों के साथ-साथ शिल्पगुरू, जो भारतीय हस्तशिल्प में सर्वोच्च सम्मान हैं, द्वारा तैयार की गई पारंपरिक भारतीय कला रूपों का प्रदर्शन किया जाएगा। शुक्रवार दोपहर 1 बजे इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद मंजू शर्मा और चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के. एल.जैन द्वारा किया जायेगा। प्रदर्शनी के दौरान आगंतुकों को भारत की समृद्ध कलात्मक धरोहर के विविध शिल्पों का अद्भुत प्रदर्शन देखने का अवसर मिलेगा। इनमें मिनिएचर पेंटिंग, रत्नकला, मीनाकारी, तर्खाशी, संजी आर्ट, फड़ पेंटिंग, टेराकोटा पॉटरी और चंदन की नक्काशी जैसे शिल्प शामिल हैं। इस आयोजन में प्रवेश नि:शुल्क है।

### ग्रेटर-हैरिटेज निगम में अवकाश आज

**जयपुर।** ग्रेटर और हैरिटेज नगर निगम जयपुर में शुक्रवार को सार्वजनिक अवकाश रखा गया है। इस संबंध में आयुक्त रूकमणि रियाड़ और अरूण कुमार हसीजा ने आदेश जारी किये हैं। हालांकि फील्ड में तैनात निगमकर्मी यथावत कार्य करेंगे। शहर में सफाई व्यवस्था सुचारू रहेगी, लेकिन निगम कार्यालय नहीं खुलेंगे।

# बालमुकुंद ओझा व अमर सिंह चौहान को मिलेगा सम्मान

**जयपुर।** पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (प्रसार) का जनसंपर्क सम्मान समारोह बीकानेर में 6 अक्टूबर को सायं 4.15 बजे रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित जिला उद्योग संघ सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रसार की बीकानेर इकाई का श्री घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक और वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा को तथा किशन कुमार व्यास आजाद स्मृति जनसंपर्क रत्न अवार्ड, पूर्व सहायक निदेशक अमर सिंह चौहान को अर्पित किया जाएगा।

प्रसार के प्रदेश उपाध्यक्ष (क्षेत्रीय) हरिशंकर आचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम दिनेश चंद्र सक्सेना को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम के दौरान श्री सक्सेना को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक श्री जेठानंद व्यास होंगे। अध्यक्षता महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार राजेंद्र जोशी तथा जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया मौजूद रहेंगे।


अमर सिंह और बाल मुकुंद ओझा

इस अवसर पर राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार श्री देव किसन राजपुरोहित का विशेष सम्मान किया जाएगा। आचार्य ने बताया कि प्रसार द्वारा वर्ष 2019 से हर साल विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों को जनसंपर्क दिवस (21 अप्रैल) के अवसर पर दिए जाते हैं। इस वर्ष लोकसभा चुनाव की आचार संहिता होने के कारण इस सम्मान समारोह का आयोजन नहीं हो सका था।

## टेक्नो को स्पार्क 30सी स्मार्टफोन 8 को लॉंच होगा

**जयपुर।** स्मार्टफोन की कम भरोसेमंद और निराशाजनक दुनिया में, टेक्नो स्पार्क 30सी पेश कर रहा है। गुणवत्ता और टिकाऊपन में सबसे भरोसेमंद साथी बिल्कुल नए स्पार्क 30सी को 8 अक्टूबर को रोमांचक टैगलाइन क्रेज़ीली रिलायबल के साथ लॉन्च किया जाएगा। स्पार्क 30सी को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह प्रसिद्ध ट्रांसफॉर्मर्स की तरह लंबे समय तक चले। यह ऐसी खूबियों के साथ आएगा, जिन्हें मॉडर्न यूज़र्स अपने स्मार्टफोन में देखना चाहते हैं। टेक्नो स्पार्क 30सी को बेहद कम कीमत पर पेश कर रहा है, जिससे भारत द्वारा अपनाया जा रहा 5जी का सफर और भी अधिक आसान हो जाएगा। रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए इस फोन को उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो अपने फोन को जल्दी बदलना पसंद नहीं करते हैं या फिर महँगे अपग्रेड्स नहीं खरीदते हैं। इसमें 48 मेगा पिक्सेल का सोनी कैमरा फोटोग्राफी के शौकीनों को बेहद आकर्षित करेगा। 120 हट्र्ज़ की प्रभावशाली रिफ्रेश रेट स्पार्क 30सी को भीड़ से अलग करेगी।

# स्वच्छता में हैरिटेज निगम भी सम्मानित


स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन पर हैरिटेज नगर निगम जयपुर को भी अवार्ड मिला। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत मेगा एंड मिलियन प्लस सिटीज़ कैटेगरी में हैरिटेज निगम को प्रथम पुरुस्कार से नवाजा गया है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद मंजू शर्मा और स्वायत्त शासन निदेशक कुमार पाल गौतम ने हैरिटेज निगम की एनयूएलएम उपायुक्त निधि सिंह और जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा को प्रशस्ति पत्र और अवार्ड देकर सम्मानित किया।



### World Animal Day


World Animal Day is an ideal time for humans to speak on behalf of those animals who cannot speak for themselves. This is a great day to get involved with various charitable organizations that fight against treating animals poorly, especially when it comes to big business and industrialized farming. Speak up by arranging to host an event at work in support of animals, attending a group meeting about animal welfare in the community, or sharing about the care for animals on social media to raise awareness.



#COVID LOCKDOWN

## Cooler days & nights at Moon

Lockdowns have been shown to have starkly impacted human activities such as industrial pollution, transportation and fossil fuel burning






Effects of COVID-19 lockdowns on Earth may have reached the Moon, as lunar temperatures were found to have abnormally dipped during April-May 2020, according to a study.

Maximum temperatures on the Earth's natural satellite fell in this period, while nights were found to be cooler by nearly 8-10 degrees Celsius.

The Moon could therefore possibly serve as a "stable platform" to study climate change on Earth, K. Durga Prasad and G. Ambily, researchers from the Physical Research Laboratory, Ahmedabad, said in a study published in the journal, Monthly Notices of the Royal Astronomical Society: Letters.


Brought in to arrest the spread of the COVID-19 disease, lockdowns were first introduced in China and Italy in March 2020. The measures were quickly adopted by other countries and by the following month, about half the world's population were reported to have been under some form of lockdown, including quarantine and stay-at-home orders.


Lockdowns have been shown to have starkly impacted human activities such as industrial pollution, transportation and fossil fuel burning.

The reduced human activity translated into lower greenhouse gas emissions and pollutant levels, and therefore, less heat being released from the Earth's surface during night-time, the researchers said.

Part of this heat is known to reach the Earth-facing side of the Moon at its night-time and warm the lunar surface.

Therefore, to look for lockdown-induced effects, the researchers analysed night-time surface temperatures recorded at six sites on the Earth-facing side of the Moon from 2017-2023.





During April-May 2020, the heat reaching the Moon was found to have significantly reduced, and was, therefore, attributed to the COVID-19 lockdowns.

"A decrease in the maximum temperature is observed at all sites during the global lockdown period of April 2020 and May 2020. We observed a night-time temperature change of nearly 8-10 Kelvin," the authors wrote.


Observations of the Moon, such as night-time temperatures, could possibly support ongoing efforts to study climate change, along with informing Earth's radiation budget, they said.



# It Is The Worship Of The Womb




Lajja Gauri with lotus head.





The Lajja Gauri is a visual form featuring a reclining body with legs spread, representing a yoni or womb, ostensibly at the moment of birth. The form dates to the Harappan period in its most nascent version, with production flourishing during the early Common Era, between the 2nd and 11th century, in parts of India and Pakistan. Based on an examination of private collections, University of Peshawar archaeologist M Nasim Khan has written on the bronze and gold seals excavated in Gandhara's Kashmir Smast in Pakistan, discerning "seven different types".



Nomu420

#LAJJA GAURI

**Kamayani Sharma**

Many readers might be familiar with the facetious pop culture term used to describe men taking up space – manspreading. But fewer might know that there's a long and established global art history involving goddess-spreading. Almost every year, centuries-old sculptures and carvings are discovered in India's fields and by its roadsides, featuring a mysterious female figure with her legs spread wide, as though displaying her genitals.

This type of image has been found in cultures around the world – from the ancient Egyptian face-in-vagina figurine Baubo (characterised as a vulva clown in one tongue-in-cheek article) to the mediaeval Irish labia-flasher called Sheela Na Gig, "the embodiment of big vagina energy".

In the 1930s, Anglo-Indian archaeologist Margaret Alice Murray, in her classification of various "fertility figures", identified Baubo and Sheela Na Gig as examples of "the personified yoni" group. The idols and drawings of women that keep turning up in unexpected places in South Asia are a member of this group, a kind of figure known as the Lajja Gauri.

The Lajja Gauri is a visual form featuring a reclining body with legs spread, representing a yoni or womb, ostensibly at the moment of birth. The form dates to the Harappan period in its most nascent version, with production flourishing during the early Common Era, between the 2nd and 11th century, in parts of India and Pakistan. Based on an examination of private collections, University of Peshawar archaeologist M Nasim Khan has written on the bronze and gold seals excavated in Gandhara's Kashmir Smast in Pakistan, discerning "seven different types".

More information about the Lajja Gauri is provided by Carol Radcliffe Bolon, former Assistant Curator of South and Southeast Asian Art at the Arthur M Sackler Gallery and the Freer Gallery of Art, in her comprehensive art historical study Forms of the Goddess Lajja Gauri in Indian Art. According to her research, relics in India have been found mostly at Karnataka, Andhra Pradesh, Uttar Pradesh, Gujarat, Madhya Pradesh, Rajasthan and Maharashtra, particularly at the sites of Ter, Nagpur, Kondapur, Kausambi and Bhita. Ranging from two inches to larger than life-size, the material used to make the Lajja Gauri in India comprised "moulded or hand-formed terracotta or of stone carved in relief".


What was the purpose of this figure? It most likely had to do with enhancing fertility. In her article Lajja Gauri – Semiotics of the Goddess' Striking Image, researcher Stuti Gandhi substantiates this with historical evidence. She finds support for the "goddess' connection with fertility" through an inscription at Nagarjunakonda from the late 3rd-early 4th century CE which states that a queen's "husband and sons are alive", as well as through contemporary worship at Chalukya-era temples. She underscores this connection between fecundity and the deity by observing that "several examples of Lajja Gauri have been discovered near sources of water", perhaps an act of propitiation for agricultural abundance.

While it's important to be mindful that female-assigned anatomy in ancient art is often too-easily explained by reference to a "mother goddess", the Lajja Gauri's characteristics reasonably lend themselves to at least an association with childbirth.

Given that the prominence of the exposed yoni is its definitive characteristic, how can the South Asian Lajja Gauri be related to similar figures elsewhere, such as Baubo and Sheela Na Gig? Though she does seem to share with them a talismanic aspect related to fertility rites, there are differences. Bolon distinguishes the Lajja Gauri from other yonic figures by pointing out that the former is not shown physically revealing her vagina, rather it is the subtle slit of the vulva and "spread-leg" or uttanapad pose that constitutes the form. Not bearing the ribald connotations of Baubo's lore nor the sexual blatancy of the Sheelas, what does this pose mean?

In her 1956 essay on the Lajja Gauri, An Image of Aditi Uttanapad, American historian of South Asian art Stella Kramrisch described the uttanapad position of the legs being spread out thus: "It lies in the birth position. The broadly spread-out legs are bent at the knees. The soles of the feet are turned upwards. Their modelling and the contraction of the toes show the tension and struggle which attend the process of giving birth."

With the supine posture for both parturition and coitus being the same, it is easy to regard the image as having sexual overtones, but scholars are quick to mention the spiritual allegories the yoni stands for. In his essay A Lajja Gauri in a Buddhist Context at Aurangabad, UCLA professor and Curator in the Department of South and Southeast Asian Art at LACMA Robert L Brown notes, "That the position is a sexual one…is difficult to support from artistic and textual evidence. The Lajja Gauri figure appears frontally and almost without male partners, with the artist's intention being the exposure of the yoni and not the presentation of the sexual act."



An artefact at the Chandraketugarh Archaeological Museum.



As persuasive, and probably accurate, as these interpretations are, we must keep in mind that archaeological and art historical discourse on the eroticised female body sin the South Asian context often has to operate within a field constituted by colonial repression and postcolonial release, as art historian Tapati Guha Thakurta says in What Makes for an Authentic Female Nude? This tension is evident in scholarship on the Lajja Gauri from the 19th century. Bolon cites the reaction of English civil servant, historian and epigraphist John Faithful Fleet encountering a Lajja Gauri in the wild. In his 1881 essay Pali Sanskrit and Old Canarese Inscriptions, he describes stumbling upon "...a somewhat notorious and very indecent headless stone figure of the goddess Parvati under the name Lajja Gauri…" at the Mahakuta temple complex.

Art historian HD Sankalia translated the name Lajja Gauri in the very title of his 1960 essay to mean "shameless woman". Indeed, Lajja Gauri is a name that could mean both that she is shameless and that she is modest – it is this double entendre that sharpens the iconographic pun between brimming pot and pregnant womb in the figure itself. Rejecting the label of Mother Goddess, Bolon positions her as "the elemental source of all life…that she is creative power personified is apparent from the symbols employed in her form and their deep cultural and artistic significance.




Lajja Gauri with uttanpaad position.



A 6th century Lajja Gauri relief from Madhya Pradesh.

Bolon establishes the Lajja Gauri's genealogy with a number of symbols such as the lotus, the brimming pot (purna kumbha) and the srivatsa, an Indic mark of auspiciousness that usually takes the shape of a triangle or flower. In Indian art commentary, the association of the female body with the symbols of fertility and nature is common. In Encyclopaedia of Hinduism, Constance Jones and James D Ryan contextualise the yoni's spiritual meanings: "... seen as the embodiment of the Great Goddess, [it] is worshipped in emblematic form in many Indian traditions…The association of female genitals with the divine female principle, and the correlation of women's reproductive and sexual cycles with the Earth's seasonal and vegetative cycles, have given yoni cosmological significance."



Commenting on the origins and transformation of the iconography over a few centuries, Bolon cites Dutch scholar FDK Bosch's theory of "resemblance-elaboration" to account for it: "Visual elements of entirely different species…are translated into one another over a period of time in a subtle process…images stimulate concepts and concepts stimulate the new conjunctions of images."

Bolon goes on to divide the forms of Lajja Gauri into four variations that, while indicating a progression from a smaller, simpler style to a larger, more elaborate one, arose at similar points in time and coexisted concurrently in different regions. From the basic pot with legs most visible in southern India, to the lotus-headed images (without and, later, including arms) of Maharashtra, Madhya Pradesh, Gujarat, Karnataka and Andhra Pradesh, to the fully anthropomorphised head-and-torso iteration of north India.

The shift from abstract symbolism to direct representational imagery is attributed by Bolon to a process of Brahmanisation, a term first used by the scholar Anncharlott Eschmann to describe the subsumption of the Jagannath cult in Orissa by the high Hindu establishment.

Professor Emerita at York University's Religious Studies Department Johanna H Stuckey, in her essay Ancient Mother Goddess Cults and Fertility Cults, writes of goddess worship: "Scholars classify these as two kinds of religion: official or elite, comprising state or temple worship, and folk or popular, the cultic practices of the common people. Typically women's spiritual devotion falls into the latter category."

These images might have originated among women in indigenous communities and then been appropriated by elite religious patriarchy with highly conventionalised norms of representation. Scholar Raju Kalidos, in his article Yoninilaya – Concept and Application in Southern Art, contends that the pregnant womb is an icon for darsan or reverential viewing, a nearly abstract expression of the process of giving birth that is enlivened by the creation of a sense of motion.

Once the form of the Lajja Gauri became situated in the sphere of the temple, it became available to the gaze and codes of male public space and got arrogated into a regime of fetishisation and ritual. According to Bolon, the Lajja Gauri became, by the 6th century CE, a Shakti of Shiva. At the same time, there is negotiation at play: she speculates that by funding local autochthonous cults or allowing its important deities a place in the royal temple complex, Hindu monarchs might have ingratiated themselves with their subjects and commanded their loyalty and devotion. Aristocratic female patrons – notably the Ikshvaku queens – commissioned Lajja Gauri idols and cave images. Brown explains that they followed Buddhism while their husbands practised Hinduism, ostensibly wielding a certain kind of independence in terms of the circuits and channels of power they would access and the sort of culture they would then promote.

And yet, their personal worship of an indigenous goddess ultimately led to the figure being represented at a temple in a style aimed at the male spectator and not necessarily the female devotee as subject. In one example of an idol of the Form III type commissioned by an Ikshvaku queen, the variety of anklets is carefully carved and bespeaks wealth, as does the elaborate mekhala (belt) with its buckle and ornate straps. A channavira (body jewellery) decorates the upper body. The pouchy layer of belly bulging out slightly above the womb is pierced in the navel, underscoring the erotic pleasure that the rest of the figure hints at.



Mithun dampati and Lajja Gauri.

This is imagery meant to be visually consumed as much as worshipped: in Rethinking Gender Issues in Indian Art, art historian Parul Dave Mukherji asserts the gender of the patron is no indication that the art produced will offer an alternative to dominant modes of representation. Patronage implies resources that are usually accrued in collusion with the dominant order, not at its expense.

By tracing the trajectory of the Lajja Gauri as a ritual image within indigenous folk traditions as well as its worship in the sphere of state religion through the early mediaeval period, we might speculate on the way in which the iconography shifts in response to the gaze determining its production. Challenging the assumption that relating the female body to tropes of prosperity and motherhood meant positive signification, Mukherji states that "the nature-woman equation works more to contain women as objects of representation conforming to the patriarchal expectation of perfection in domesticity, sex and architecture".

The iconographical features of the early form downplay erotic signification by drawing on abstraction to emphasise the experience of pregnant embodiment. However, the adornment of the birthing body in later forms through jewellery and suggestive rendering indicates its objectification. Perhaps the Lajja Gauri's journey from village cults to temples represents the status of the yoni as an object of veneration within a structure of patriarchal control.

According to Gandhi, one of the major collections of the Lajja Gauri is at the Ramlingappa Lamture Museum at Ter, Maharashtra, once a major trading centre in the ancient world. In recent times, the Lajja Gauri has resurfaced in Karnataka, making its way into government museums in the state. The Archaeological Museum, Badami, for instance, lists the Lajja Gauri among its collections on its website.

RN Kumaran, assistant superintending archaeologist, ASI Dharwad Circle, which operates the museum, recalls the case of the 6th century CE idol found lying on a public road at Barkur, Karnataka, in 2020: "The villagers had thrown it out because they considered the nude form of the woman to be inauspicious." The Hindu reported that the sculpture was rescued by an archaeologist from ASI Bengaluru Circle who saw a photograph being circulated online. Given the rejection of extant examples of the Lajja Gauri for being "indecent" by contemporary communities, it is difficult to definitively reconstruct the relationship their forebears might have had with it.


The goddess has an online presence these days: Bolon gifted her collection of images to the American Institute of Indian Studies and in June 2022, the institute's Centre for Art & Archaeology launched an exhibition curated by Gandhi.

What is the continued appeal of this ancient figure? Surely, with advancement in medical technology (though not laws, of course) that enables greater control over reproduction and fertility, there is no longer the need to merely rely on prayer and hope. And yet, as the conversation around bodies, sexuality, gender and power becomes more nuanced and multiperspectival, new ways of looking at the old goddess will emerge, from queer, transfeminist and Adivasi points of view, for example.

Like all talismans, there is a sense of immediacy which anchors the Lajja Gauri eternally in the present, in earthly time, as it gives us a glimpse of the future through the body about to give birth. Maybe it is the metaphor that remains relevant, that doesn't quite age: just as the pregnant body bides its time before its water breaks, so must one wait to complete one's spiritual journey.


rajeshsharma1049@gmail.com

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# झोलाछाप का क्लीनिक सील था, फिर भी बच्चे को इंजेक्शन लगाया, मौत

## बच्चे की मौत के बाद भी माता-पिता सीपीआर देते रहे, लेकिन बच्चे की मौत हो गई

**अलवर, (निसं)।** अवैध तरीके से चल रहे झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक अनियमितताओं के कारण सीएमएचओ ने सीज कर दिया तो फिर भी उसने एक कमरे में मरीज देखना जारी रखा और अपनी अल्प विद्या के तहत इलाज के दौरान एक बच्चे को मौत की नींद सुला दिया। अलवर में 14 महीने के बेटे को डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। उसके बाद भी माता-पिता सीपीआर देते रहे। 10 मिनट तक दंपती बेटे को बचाने के लिए प्रयास करते रहे। हालांकि वे सफल नहीं हो पाए। मामला रैणी का बुधवार शाम पांच बजे का है।

पिता ने मासूम को सबसे पहले जहां दिखाया, वह क्लिनिक सीएमएचओ ने चार दिन पहले ही सील किया था। इसके बाद भी वहां एक कमरे में लोगों का इलाज किया जा रहा है। बच्चे के पिता भीम सिंह ने बताया कि तीन दिन से बेटे देवेंद्र को बुखार हुआ था। बुधवार को तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। उसे दिखाने के लिए कृष्णा क्लिनिक लेकर गए थे। यहां प्रेम शर्मा ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया था। उसके बाद बच्चे को घर लेकर आ गए थे। कुछ ही देर बाद में बच्चे को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। इसके बाद रैणी के सरकारी अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टर ने बच्चे को सीपीआर दिया और थोड़ी देर बाद मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के मृत घोषित करने के बाद बच्चे के माता-पिता 10 मिनट तक सीपीआर देते रहे, लेकिन उसकी सांसें नहीं लौटी।


14 महीने के बच्चे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, उसके बाद भी माता-पिता सीपीआर देते रहे।

■ **सीएमएचओ ने बीसीएमओ को मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया**

रैणी अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीपक शर्मा ने बताया कि शाम को भीम सिंह अपने 14 माह के बेटे को लेकर आए थे। हमने उसे चेक किया तो बच्चे की नब्ज नहीं चल रही थी। पिछली हिस्ट्री के बारे में पूछा तो उन्होंने कृष्णा क्लिनिक में इलाज की बात बताई। चार दिन पहले कृष्णा क्लिनिक को सील कर दिया था। यहां झोलाछाप इलाज करता मिला था। उसके बावजूद इसी जगह पर बिना परमिशन के बच्चे का इलाज किया है, जिसके कारण बच्चे की जान चली गई। सीएमएचओ ने बीसीएमओ को मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया है।

# बाइक सवार की आंखों में मिर्ची डालकर पांच लाख की लूट

## विदेश जाने के लिए वीजा के एवज में रूपए देने के लिए जा रहा था बाइक सवार


पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उसमें तीन आरोपी बाइक पर नजर आये।

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थानान्तर्गत शहर के न्यू कॉलोनी मुख्य डाकघर के पीछे एक बाइक सवार व्यक्ति से अज्ञात बदमाश मिर्ची का पाऊडर डालकर उसका बैग लेकर फरार हो गये जिसमें 5 लाख की राशि भरी हुई थी तथा विदेश जाने के लिए वीजा के एवज में पैसे देने के लिए जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पूरा पुलिस महकमा घटना स्थल पर पहुंच गया तथा सीसीटीवी में फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों की तलाश में जुट गये। आरोपियों के बारे में कोई सुराग नहीं लगा है।

■ **न्यू कॉलोनी कोतवाली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई वारदात, सीसीटीवी में कैद हुए बाइक सवार**

जानकारी के अनुसार कनबा निवासी हितेष पुत्र अमरा पटेल जो कि विदेश जाने के लिए अपनी वीजा लेने के लिए उदयपुर जाने के लिए घर से तीन लाख रूपये लेकर निकला। डूंगरपुर में न्यू कॉलोनी मुख्य डाकघर के पीछे स्थित एक मकान में उसका भाई विपिन जो कि किराये से रहता है। उसका यहां गया जहां उसने दो लाख रूपये ओर लिए तथा पांच लाख लेकर वहां से निकला। जैसे ही वह हॉस्पिटल मोड़ तक पहुंचा उसके भाई का टेलीफोन आया कि सारे दस्तावेज तो लिए नहीं है और आज के बजाए कल जाना। जिस पर वह वहां से वापस मुड़ा तथा अपने भाई के घर जा रहा था कि पोस्ट ऑफिस के पीछे पहुंचा। वैसे ही एक बाइक पर सवार होकर आये तीन युवको में से एक ने मिर्ची का पाउडर उस पर डाला। जिसके कारण वह असंतुलित हो गया और रूपयों से भरा बैग छीन कर आरोपी वहां से भाग छूटे। उसके चिल्लाने पर लोग एकत्रित हो गये।

वहीं उसका भाई भी आ गया। तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक तथा शहर कोतवाल मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी लेने के पश्चात नाकाबंदी प्रारंभ की। वहीं कन्ट्रोल रूप के जरिये सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये तो उसमें तीन आरोपी बाइक पर नजर आये। पुलिस ने तत्काल टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

# सायबर ठगी के आरोप में पांच जने गिरफ्तार

**जुरहरा/भरतपुर, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने साइबर ठगी के आरोप में पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 7 एंड्रॉयड मोबाइल फोन व 7 फर्जी सिम कार्ड जप्त किए हैं। ठगी के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपी भोले-भाले लोगों से सेक्स चेट व वीडियो कॉल कर उनका न्यूड वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर व सोशल मीडिया पर गुप्त रोगों से निजात दिलाने तथा नपुंसकता दूर करने के विज्ञापन डालकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

जुरहरा थानाधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात्रि को रेंज स्पेशल टीम के सदस्य कांस्टेबल अभिमन्यु की सूचना पर नहर की पटरी जंगल कस्बा जुरहरा से साइबर ठगी करने के आरोपी परविन्दर सिंह पुत्र जनरेल सिंह रायसिख निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा जिला डीग, सचिन पुत्र इन्दरसिंह रायसिख निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा जिला डीग, परविन्दर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह रायसिख निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा जिला डीग, तारिफ हुसैन पुत्र छुट्टू खान मेव निवासी ग्राम नगला डूबोकर थाना जुरहरा जिला डीग व तारिफ पुत्र अख्तर हुसैन मेव निवासी ग्राम बामनी थाना जुरहरा जिला डीग को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 7 एण्ड्रोईड मोबाईल फोन व 7 फर्जी सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं।

# बजरी भरे ट्रक व स्लीपर कोच बस में भिड़ंत, सात यात्री घायल

**हलैना/भरतपुर, (निसं)।** जयपुर-आगरा नेशनल हाइवे-21 स्थित नदबई उपखण्ड के गांव हन्तरा के ओवरब्रिज के पास यातायात के निमय के विरूद्ध गलत दिशा में चल रहा क्रेसर की बजरी से भरा एक ट्रक सामने से आ रही एक स्लीपर कोच बस से जा टकराया। इस हादसे में स्लीपर कोच के परिचालक सहित सात यात्री घायल हो गए, जबकि बस में सवार अन्य 35 यात्री बाल-बाल बच गए। हादसा स्थल से ट्रक का चालक व खलासी फरार हो गए।

सूचना पर लखनपुर थाना क्षेत्र की डहरा मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी व एएसआई मुकेश कुमार मय जाप्ता तथा टोल वसूल कम्पनी के परियोजना निदेशक कौशल पनिहार व आमौली टोल प्रबन्धक दीपक कुलश्रेष्ठ मय सुरक्षा व चिकित्सा टीम के घटना स्थल पहुंचे। जिन्होंने क्षतिग्रस्त स्लीपर कोच में फंसे घायल यात्रियों को निकाल कर एम्बूलेंस-1033 एवं एम्बूलेंस-108 से भरतपुर स्थित आरबीएम अस्पताल पहुंचाया और अन्य यात्रियों को दूसरे वाहनों से यथा स्थान को बैठा दिया।

पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे लेकर हादसा स्थल से फरार हुए ट्रक के चालक व खलासी की तलाश की लेकिन वे नहीं पकड़े जा सके। ये ट्रक वैर की ओर से गांव हन्तरा होकर एक क्रेसर से बजरी लेकर भरतपुर तथा स्लीपर कोच लखनऊ से अजमेर की ओर जा रहे थे। ट्रक में क्षमता से अधिक बजरी भरी थी। डहरा मोड पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि हादसे में स्लीपर कोच सवार उत्तरप्रदेश प्रान्त के जादौन निवासी अतेन्दर कुमार यादव पुत्र निर्गम यादव, कासगंज निवासी मंगन पुत्र हेमराज कश्यप, नगरिया कासगंज निवासी ओमवीर सिंह पुत्र शिवराज कश्यप, मथुरा निवासी नूर मोहम्मद पुत्र गफार खान, कासगंज निवासी रिहान पुत्री इस्लाम खान, शातिर खान पुत्र इस्लाम खान, अलीगढ निवासी जीतेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश घायल हो गए।

# शुष्क दिवस पर शराब पकड़ी

**अजमेर, (कासं)।** आबकारी विभाग के द्वारा शुष्क दिवस के अवसर पर शराब की बिक्री रोकने के लिए चलाए गए विशेष अभियान एवं शुष्क दिवस की पालना सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त राधेश्याम डेलू तथा जिला आबकारी अधिकारी महावीर सिंह के निर्देशन में गठित दल द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया। संयुक्त रेड के दौरान टीम ने अर्जुनपुरा जागीर (पड़त दुकान क्षेत्र) एवं ढीमड़ा बेरा भांवता में रेड करके अवैध शराब एवं हथकढ़ शराब बरामद की। मौके से 2 कार्टून में 76 पव्वे सादा देशी मदिरा एवं 70 बोतल हथकढ़ शराब पकड़ी गई।

# कुएं में मां-बेटे के शव तैरते मिले

**टोंक, (निसं)।** पीपलू उपखंड के झिराना थाना क्षेत्र के जंवाली गांव में तीन दिन पहले लापता हुए मां-बेटे के शव गुरुवार सुबह कुएं में तैरते हुए मिले, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। झिराना थाना प्रभारी हरिमन ने बताया माया यादव पत्नी जीतराम निवासी जंवाली, झिराना अपने चार साल के पुत्र विराज के साथ एक अक्टूबर को एक बजे घर से बिना बताए चली गई थी। इसके संबंध में दो अक्टूबर को पुलिस थाना झिराना पर परिजनों द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी।

पुलिस को तीन अक्टूबर गुरुवार को सूचना मिली कि उक्त गुमशुदा की महिला का शव अपने पुत्र के साथ घर के पीछे स्थित कुएं में तैरते मिले। जहां मौके पर एसडीआरएफ एवं एफएसएल, एमआईयू टीम को बुलाकर कुए से मां-बेटे के शव को निकाला, उसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को लेकर सीएचसी पीपलू पहुंचे, जहां पर मेडिकल बोर्ड से शवो का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया। वहीं मृतका के पिता ने दहेज को लेकर प्रताड़ित करने मारपीट कर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। प्रकरण में पुलिस अनुसंधान जारी है।

# फाइनेंसकर्मी ने ऑनलाइन गेम में हारने पर लूट की साजिश रची

## फाइनेंसकर्मी ने बाइक सवारों पर 62 हजार लूटने का आरोप लगाया

**डूंगरपुर, (निसं)।** ऑनलाइन गेम में 62 हजार रुपए हार जाने के बाद एक फाइनेंसकर्मी ने अपने साथ लूट की झूठी कहानी बनाई। पुलिस को दी रिपोर्ट में उसने बाइक सवार तीन बदमाशों पर लूट का आरोप लगा दिया।

■ **पुलिस ने जांच की तो झूठ का भंडाफोड़ हुआ, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है**


ऑनलाइन गेम में हारने पर लूट की साजिश रचने वाले फाईनेंसकर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस ने जांच की तो झूठ का भंडाफोड हुआ। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। मामला डूंगरपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

कोतवाली थाने के सीआई भगवान मेघवाल ने बताया की बांसवाड़ा निवासी एक फाइनेंस कम्पनी के कार्मिक बादर कटारा ने थाने में आकर एक रिपोर्ट में बताया था कि वह सहायता समूहों से 62 हजार की राशि लेकर बाइक पर जा रहा था। इस दौरान शहर के प्रताप सर्किल पर उसे दो लड़के मिले। दोनों लड़कों ने अर्जेंट बांसवाड़ा जाने का कहकर उनसे लिफ्ट ली। इस दौरान कुछ दूरी पर उसकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। दोनों लड़कों ने अपने एक दोस्त से पेट्रोल मंगवाया। वहीं, तीसरे लड़के के आने के बाद तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसके जेब में रखे 62 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट देने वाले बादर कटारा से पूछताछ की तो वह बदल-बदल कर घटना के बारे में बता रहा था। जिस पर पुलिस को संदेह हुआ और उससे पूछताछ की तो उसने लूट की झूठी कहानी बनाना कबूल कर किया। उसने बताया कि वह ऑनलाइन गेम में एकत्रित की गई 62 हजार की राशि हार गया था, जिसके चलते उसने लूट की झूठी साजिश रची। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार पूछताछ शुरू कर दी है।

# आइसक्रीम के गोदाम में आग लगी

**अजमेर, (कासं)।** शास्त्री नगर स्थित आइसक्रीम के गोदाम में गुरुवार को आग लग गई। आग लगने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। शास्त्री नगर निवासी सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि गुरुवार सुबह कालोनी में पोस्ट ऑफिस के पास स्थित अमूल आइसक्रीम की एजेंसी का गोदाम है। शॉर्ट सर्किट के चलते गोदाम में आग लग गई। आग की लपटें देख आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ इकठ्ठी हो गई। क्रिश्चियन गंज थाने के हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह ने बताया कि आईक्रीम का गोदाम प्रकाश गुरनानी नाम के व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था, जिन्होंने अमूल एजेंसी ले रखी है। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। नुकसान कितना हुआ इसे लेकर जांच की जा रही है। क्षेत्रवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गोदाम के पास ही गैस गोदाम भी है। गनीमत रही की आग ने विकराल रूप नहीं लिया। जल्दी आग पर काबू पा लिया क्या। वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# पैदल यात्रियों का झंडा बिजली लाइन के छूने से एक की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद थाने के ईरास पंचायत मुख्यालय पर जोगणिया माता जा रहे पैदल यात्रियों में से कुछ यात्रियों ने झंडा ले रखा था। झंडे की पाइप स्टील की होने के कारण ऊपर से गुजर रही 11 हज़ार केवी की लाइन को छू गया। जिससे मौके पर ही एक जने की मौत हो गई एवं चार जने घायल हो गये, घायलों को रायला सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

■ **चार घायलों को रायला अस्पताल ले जाया गया, जहां से दो को जिला अस्पताल रेफर किया**


घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस ने बताया कि आसींद थाना क्षेत्र के करजालिया ग्राम पंचायत के चेना का खेड़ा के बैरवा समाज के 15 से 20 लोग सुबह खर घर से ग्रुप में निकले जो ईरास बस स्टैंड पर पहुंचे ही थे कि लगभग 11 बजे ऊपर से गुजर रही बिजली के तार को झंडा छू लिया, जिसमें चेना का खेड़ा निवासी ईश्वर (22) पिता सोहन बैरवा की मौत हो गई। वहीं उमेश बैरवा (17), हरफूल बैरवा (18) के साथ ही दो महिलाएं घायल हो गई।

वही तुरंत पुलिस को सूचना दी गई एवं निजी वाहन से रायला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मृतक केशव के शव को रायला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

# बुलेट चोरी मामले में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

## आरोपियों ने शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात कबूली

**अजमेर, (कासं)।** शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसपी वंदिता राणा द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कोतवाली थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में गत दिनों हुई बुलेट चोरी मामले में दो शातिर बदमाशों को देवगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात अंजाम देने कबूला है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड खंगालने के साथ ही पूछताछ जुटी है।

कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 13 सितंबर को प्रभात गली बापूनगर निवासी कौशल सोनी ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। पीड़ित ने शिकायत देकर बताया कि उसके घर के बाहर खड़ी बुलेट बाइक अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए। मामले में मुकदमा दर्ज का टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। टीम सीसीटीवी के आधार पर राजसमंद और देवगढ़ पहुचीं थी। पुलिस टीम ने सूचना मिलने पर देवगढ़ से आरोपी राजसमंद निवासी उमेद पुत्र दलपत सहित कुलदीप पुत्र गौरी शंकर को गिरफ्तार किया है। दोनों ने पूर्व में भी चोरी की वारदातों का अंजाम दिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों का अन्य आपराधिक रिकार्ड को लेकर पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी अपना शौक पूरा करने के लिए वारदातों का अंजाम देते हैं। सुनसान जगहों पर जाकर डुप्लीकेट चाबी से बुलेट चोरी की वारदातें करते थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रूपनगढ़ फायरिंग प्रकरण में मुख्य आरोपी सहित सात गिरफ्तार

## पुलिस अब तक 20 आरोपियों को गिरफ्तार व दो को निरुद्ध कर चुकी है, दो बदमाश अभी फरार

**अजमेर, (कासं)।** रूपनगढ़ में जमीनी विवाद को लेकर हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी सहित सात बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में बंदूक से फायर करने वाला शूटर राजवीर सिंह उर्फ फौजी भी शामिल है। पुलिस के हाथ आए तीन आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम रखा था। मामले में पुलिस अब तक 20 आरोपी गिरफ्तार व दो आरोपियों को निरुद्ध कर चुकी है, जबकि अभी भी दो इनामी बदमाश फरार है। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने गुरुवार को मामले का खुलासा किया। पुलिस आरोपियों से हथियार बरामदगी में जुटी है।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में बताया कि 22 सितंबर को रूपनगढ़ में हुई फायरिंग व हत्या एवं आगजनी की घटना के संबंध में पुलिस उपमहानिरीक्षक अजमेर रेंज ओमप्रकाश के दिशा निर्देशों पर एएसपी (ग्रामीण) डॉ. दीपक कुमार के नेतृत्व व वृताधिकारी वृत किशनगढ़ ग्रामीण सत्यनारायण यादव के सुपरवीजन में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिरी से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पचास हजार के इनामी फरार तीन आरोपियों सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।


पुलिस ने गोलीकांड के मुख्य आरोपी सहित सात बदमाशों को गिरफ्तार किया।

■ **मुख्य आरोपी फौजी ने चलाई थी गोली, पुलिस हथियार बरामदगी के प्रयास कर रही है**

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि फायरिंग मामले में राजवीरसिंह उर्फ फौजी उर्फ भूरिया पुत्र छोगाराम निवासी छोटी ढाणी मोहनपुरा पुलिस थाना गांधीनगर अजमेर, पुखराज पुत्र पोलूराम निवासी नयागांव हरमाड़ा पुलिस थाना बान्दरसिन्दरी अजमेर व नरेश पुत्र हनुमान लाल जाट निवासी हरमाड़ा पुलिस थाना बान्दरसिन्दरी जिला अजमेर पर 50-50 हजार के इनाम की घोषणा की गई थी। इन तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी राणा ने बताया कि मामले में पुलिस ने साथ देने वाले अन्य आरोपी विकास पुत्र नरसिंहराम निवासी त्योद पुलिस थाना रूपनगढ़, दीपेन्द्र पुत्र राजू जाट निवासी गहलोता पुलिस थाना नरेना जिला दूदू, विजेन्द्र पुत्र रामेश्वर जाट निवासी खातौली पुलिस थाना गांधीनगर जिला अजमेर व रामनिवास पुत्र श्योराम जाट निवासी रामनगर पुलिस थाना रूपनगढ़ जिला अजमेर को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि मामले में पांच आरोपियों पर इनाम की घोषणा की गई थी। पुलिस हथियार की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

उल्लेखनीय है कि रूपनगढ़ में एक भूखंड पर हॉस्टल के सामने दुकान बनाने को लेकर शुरू हुए झगड़े में गोलियां चलीं थी। लोगों को गाड़ियों से कुचलने की कोशिश की गई। दहशत के चलते बाजार बंद हो गए थे। लोगों ने बदमाशों की गाडियों में तोड़फोड़ की और एक जेसीबी को आग लगा दी। घटना में गोली लगने से रामसर रूपनगढ़ निवासी शकील लंगा की मौत हो गई थी, वहीं नारायण घायल हो गया था।

## पावटा प्रागपुरा पालिका क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें खराब

**पावटा** प्रागपुरा नगरपालिका की ओर से क्षेत्र में रोड लाइटों की कमी को देखते हुए पावटा प्रागपुरा कस्बे में पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर की अभिशंषा पर लाखों रुपयों की राशि खर्च कर कई जगहों पर लगाई हाई मास्क लाइटें रख रखाव के अभाव में खराब पड़ी है। खराब होने के बाद उन लाइटों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। यहां अब अंधेरे का साम्राज्य है। रात को इन लाईटो के नही जलने से सुरक्षा का खतरा बना रहता है। लाइटों के अभाव में अनेक बार राहगीरों व व्यापारियों व उद्योगों में कामकाज से आने जाने वाले लोगो से लूट पाट तथा मारपीट की घटनाएं भी सामने आ चुकी है। फिर भी जिम्मेदार विभाग लाइट व्यव्यस्था को दुरस्त करने पर ध्यान नहीं दे रहे। जिससे लोगों मे समस्या को लेकर रोष है। उल्लेखनीय है कि पावटा कुनेड मोड पर सघन आबादी ओर आवाजाही वाले स्थानों को रात में दूधिया रोशनी से रोशन करने एवं सुरक्षा के लिहाज से हाई मास्क लाइटें लगाई थी। जब लाइटे लगाई गई तो कुछ दिन तक तो सही जली लेकिन जैसे ही ये खराब हुए इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र मे लगी हाई मास्क लाइट का रखरखाव इतना दयनीय है कि जिम्मेदारों की ओर से जिम्मेदारी नहीं निभाने के चलते हाईमास्क लाइट बंद पड़ी हुई है।

# कलेक्टर ने शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान को लेकर अधिकारियों को व्यवस्था के निर्देश दिए

### मतदान केंद्रों और चेक पोस्ट की स्थिति का जायजा लेकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया

**अलवर**। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने गुरुवार को प्रशासन एवं पुलिस की टीम के साथ रामगढ़ क्षेत्र का सघन दौरा कर विधानसभा उपचुनाव की तैयारी का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अंतर्राज्यीय सीमा व शीतल कट चेकपोस्ट पर संयुक्त चेक पोस्ट लगाई जाए जिससे पूर्णता नजर रखी जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि विधानसभा उपचुनाव शांतिपूर्वक, निष्पक्ष एवं भय मुक्त रूप में संपन्न करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की सख्ती से पालन कराई जाए।

उन्होंने स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को बेहतर तालमेल रखते हुए संयुक्त फ्लेगमार्च व सीएलजी की बैठके आदि करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस विधानसभा क्षेत्रा में कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर निगरानी रखें। उन्होंने निर्देश दिये कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही क्षेत्रा में संयुक्त चेकपोस्ट, एफएसटी व एसएसटी की टीमें अपना कार्य तुरंत प्रारंभ करें। उन्होंने रामगढ, केसरोली, बहाला, बगड मेव, पिपरौली, नाडका, बाड़का, कोटा खुर्द सहित एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर उपखण्ड अधिकारी रामगढ़ को निर्देश दिए कि सभी मतदान केंद्रों पर पानी, विद्युत, रेम्प, फर्नीचर सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करावे। उन्होंने मतदाता जागरूकता की स्वीप गतिविधियां प्रभावी रूप में संचालित कराई जाए। क्षेत्र के बीएलओ को निर्देश दिए मतदाताओं को स्वीप गतिविधियों से जोड़कर ठीन मतदान केंद्र बनाने के उद्देश्य व शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प हेतु मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सहभागिता से पौधारोपण करावे।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, रिटर्निंग अधिकारी व उपखण्ड अधिकारी रामगढ़ नीतू करोल, उपखण्ड अधिकारी गोविन्दगढ़ विनीता स्वामी, पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश विश्नोई, तहसीलदार उमेश चंद, विकास अधिकारी बच्चू सिंह मीणा, जिला निर्वाचन कार्यालय से तेजपाल यादव व सुभाष व्यास सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।




जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने रामगढ़ क्षेत्र का दौरा कर अधिकारियों के साथ मतदान केंद्र व चेक पोस्टों का जायजा लिया।

## विशाल भण्डारे का आयोजन

**श्रीमाधोपुर**। ग्राम मऊ शक्तिपीठ मनसा माता डूंगरी धाम में 10 अक्टूबर को रात्रि जागरण एवं 11 अक्टूबर दोपहर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर ठाम विकास सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच रामू सिंह शेखावत ने भंडारे के पोस्टर का विमोचन किया एवं अधिकाधिक संख्या में पधारने का सभी से आठाह किया हे। मनसा माता शक्तिपीठ के प्रधान सेवक महंत श्यामसुंदर शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के समापन पर डूंगरी धाम मऊ मनसा माता परिसर में 10 अक्टूबर गुरुवार को माता का रात्रि जागरण सवा आठ बजे से शुरू होगा जिसमें आसपास के जाने-माने भजन कलाकार भाग लेंगे। वहीं 11 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर सवा बजे से विशाल भंडारे में पंगत प्रसादी शुरू की जाएगी। सभी भक्तों से आठाह किया गया है कि रात्रि जागरण एवं भंडारे में सपरिवार पधारें व माता के दर्शन का लाभ उठाएं। रात्रि जागरण व भंडारे के पोस्टर विमोचन के अवसर पर महंत श्यामसुंदर शर्मा नागरमल तिवाड़ी दाजी पप्पू सिंह उर्फ लक्ष्मण सिंह ठेकेदार सांवरमल चुलेट एवं पप्पू नायक सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

## जागरण में उमड़े श्रद्धालु

**श्रीमाधोपुर**। जय श्री करणी माता भगवती मंदिर मानासी धाम, नेछवा में नौ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम शुरू हुआ। मां के दरबार को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। हरिराम तीरदिया ने बताया कि गुरुवार को नवरात्र स्थापना दिवस पर बावडी, ठीकरिया, लखानी, सुंदरपुरा मलिकपुर सहित अनेक गांवों में गुरु मां राजल बाईसा के काफी शिष्य व शिष्या, सैंकडों भक्त धाम पर पहुंचकर माता के चरणों में शीश नवा कर मन्नते मांगी।

**कार्यालय उपायुक्त (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
(मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर)
क्रमांक मु. जो./ननिज/2024/3163 दिनांक-30.09.2024

**सार्वजनिक सूचना** भूखण्ड सं. 54 दीप नगर, मुरलीपुरा (भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री महेन्द्र कुमार शर्मा को क्षेत्रफल 248.84 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री परमानन्द शर्मा द्वारा शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य चैन दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री परमानन्द शर्मा के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 248.84 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, मुरलीपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-4043 दिनांक-24.09.2024

**जाहिर आम-सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या MB-1/410 (MIG-B), का आवंटन श्री राय कँवल सिंह बराड पुत्र श्री बलविन्द्र सिंह बराड को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 548 दिनांक 18.04.2016 को जारी किया गया था। श्री राय कँवल सिंह बराड के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 01.06.2016 को उप-पंजीयक (अष्टम) जयपुर में पंजीकृत करवाये गये। श्री राय कँवल सिंह बराड द्वारा उक्त आवास/फ्लैट का विक्रय पत्र 1. श्रीमती शिवांगी कदम पुत्री श्री नरेन्द्र सिंह यादव पत्नी श्री प्रत्युष सिंह (मुख्त्यारआम श्री नरेन्द्र सिंह यादव पुत्र स्व. श्री शंकर लाल यादव) एवं 2. श्रीमती राजकुमारी यादव पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह यादव को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 16.05.2024 को उप पंजीयक (प्रथम) जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती 1. श्रीमती शिवांगी कदम पुत्री श्री नरेन्द्र सिंह यादव पत्नी श्री प्रत्युष सिंह (मुख्त्यारआम श्री नरेन्द्र सिंह यादव पुत्र स्व. श्री शंकर लाल यादव) एवं 2. श्रीमती राजकुमारी यादव पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह यादव द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, 1. श्रीमती शिवांगी कदम पुत्री श्री नरेन्द्र सिंह यादव पत्नी श्री प्रत्युष सिंह (मुख्त्यारआम श्री नरेन्द्र सिंह यादव पुत्र स्व. श्री शंकरलाल यादव) एवं 2. श्रीमती राजकुमारी यादव पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह यादव का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

## गो संवर्धन को लेकर पशु चिकित्सालय में हुई बैठक

**श्रीमाधोपुर।** विश्व पशु कल्याण दिवस पर एक बैठक गो सर्वधन को लेकर पशु चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मोहनलाल अठावाल के नेतृत्व में सामाजिक संगठनों एवं गौ सेवकों के मध्य एक सामूहिक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में गौ संवर्धन के लिए सामूहिक सुझाव मांगे गए और गायों को लेकर कई मुद्दो पर चर्चा हुई और बैठक में निर्णय लिया गया की श्रीमाधोपुर कस्बे गौशाला के बाहर से जितनी भी गाय माता खुली घूम रहीं है उनको गौशाला में भिजवाया जाए और जितने भी नंदी मोजूद है या आवारा पशुओं की तरह खुल्ले में घूम रहे हो उनको मऊ स्थित गौशाला में नंदी शाला बनाई गई है जिसमे भेजा जाए। सभी नंदियो को विशेष अभियान चलाकर इकट्ठे करके एक जगह रखा जायेगा। उन्होंने कहा की आने वाले समय मे विशेष अभियान शुरू कर गौ पालन हेतु सभी को जागरूक करना, कोई भी व्यक्ति गौ माता को गोद ले सकता है, गोशाला में एक फॉर्मेट भरना होगा और उस गाय का दूध भी उसी व्यक्ति को ले जाना होगा सहित गाय माता को लेकर कई मुद्दो पर सहमति बनी राजस्थान सरकार की ओर से पशु चिकित्सालय में आई नई एंबुलेंस 1962 की जानकारी देते हुए बताया की यह सेवा 9 अक्टूबर से आनलाइन शुरू हो जाएगी जिस पर भी पशुओं की सहायता हेतु एंबुलेंस श्रीमाधोपुर इलाके में सभी जगह सूचना पर उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर विहिप जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, बजरंग दल जिला सह संयोजक रवि प्रजापत, विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष एड अमित ठठेरा, गौ रक्षा दल के शिवपाल कलवानिया, विजय कुमावत, अजय नागलका, मनोज लोकनाथका, चेतन बिजारनिया, कष्णा आसीवाल, श्री कृष्ण गोशाला समिति के राहुल शर्मा, डा मुकेश, डा गजानंद सेनी, कालू राम सेनी अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

**सांभरझील,** (निसं)। यहां दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निपुण मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें प्रमुख रूप से म्यूजिकल चेयर, लेमन रेस, जलेबी गेम, ड्राइंग कॉम्पिटिशन, क्ले मोल्डिंग प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की खाने की सामठी के स्टॉल लगाए इनमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओं को पारितोषिक दिया गया। प्रधानाचार्य टीकम चन्द मालाकार ने निपुण मेले के अवसर पर बच्चों से अपने मन की बात कही। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर गांधीजी के सिद्धांतों जैसे सत्य, अहिंसा, ट्रस्टीशिप, सर्वधर्म समभाव आदि विषयों पर अपनी अभिव्यक्ति दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश जांगिड़, नेमीचंद कुमावत, गजानंद कुमावत, अंजना शर्मा, दिनेश यादव, दीपक गोठरवाल, संजय वर्मा, हरिशंकर मीणा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्वस्थ देश के निर्माण के लिए स्वच्छता अनिवार्य : विधायक रामसहाय वर्मा




विधायक रामसहाय वर्मा ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान में श्रमदान किया।

**निवाई**। नगरपालिका में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा व पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी के सानिध्य में स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया।

मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि शहर में नियमित साफ-सफाई हो। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि स्वच्छ व स्वस्थ देश का निर्माण हो जिसके लिए स्वच्छता अनिवार्य है। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने पालिका परिसर में श्रमदान किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट, राजस्व अधिकारी नवरत्न शर्मा, राजस्व निरीक्षक मनीष गौर, सहायक अभियंता चंद्रप्रकाश मीणा, कनिष्ठ अभियंता पप्पूलाल मीणा, राजप्रताप सिंह राणावतए, स्वास्थ्य निरीक्षक गजेंद्र सिंह राजावत, सहायक स्वास्थ्य निरीक्षक बाबूलाल शर्मा, प्रोजेक्ट इंजीनियर रजत बेनीवाल, स्टोर इंचार्ज हरीश मीणा सहित समस्त पालिका के कर्मचारी मौजूद थे।

## नाम परिवर्तन

मै आर्मी नं. 2708630N NK Ramesh Kumar Meena of Unit 24 Grenadiers मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरे पिता का नाम Pokhan Lal Meena है जो कि गलत है मेरे पिता का सही नाम Pokhar Lal है।

मैं निलेश कुमार बंसल पुत्र श्री लीलाधर अग्रवाल निवासी 4/357 मालवीय नगर, जयपुर राजस्थान-302017 मैने सभी उद्देश्य के लिए अपना नाम बदलकर निलेश बसंल रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम निलेश बंसल नाम से जाना जाये।

I have changed my name from Raeesa to Raisa W/o Abdul Aleem for all purpose. Resi. D-72, Shanti Path, Patrakar Colony, Jawahar Nagar, Jaipur

I Guddi Devi W/o Kamal Singh R/o 157, Chaina Pura, Dayeri, Dholpur Rajasthan-328024. have changed my name to Kamalesh

I have changed my name from Aswathy Abraham to Aswathy Kuriakose for all purposes R/o 53 Heera nagar vistaar Near HIA school Heerapura Jaipur

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. /2024
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
सन्तरा बनाम मातादीन उत्तराधिकारी
प्रार्थी सन्तरा पत्नी श्याम सुन्दर जाति धानका निवास स्थान भाबरू तहसील विराटनगर जिला जयपुर हाल कोटपूतली बहरोड़
मृतक मोहरी देवी एवं बबलू उर्फ धीरज कुमार की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 18.10.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम मोहरी देवी पत्नी छोटूराम, बबलू पुत्र श्याम सुन्दर जाति धानका निवासी भाबरू का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 18 माह 10 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 24 माह 09 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-रीडर ग्रेड-प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सं.1,
मोहर शाहपुरा (जयपुर जिला) राज.

## रामलीला में सीता हरण प्रसंग का मंचन बना आकर्षण

**पावटा**। भगवान राम की विभिन्न लीलाओ का मनमोहक मंचन पावटा कस्बे के रामलीला मैदान में आदर्श रामलीला मंडल पावटा के माध्यम से किया जा रहा है। मंगलवार की रात सूर्पणखा का नाक कटना, खर-दूषण, त्रिसरा का श्री राम जी द्वारा वध, बुधवार को रावण द्वारा सीता हरण व गुरुवार को सुठीव मित्रता की लीला का मंचन स्थानीय कलाकारों के द्वारा किया गया। रामलीला मैदान में दर्शकों की भीड़ नजर आई।

मंगलवार को सूर्पणखा का नासिक छेदन से रामलीला मंचन की शुरुआत हुई। इसके बाद खर, दूषण, त्रिसरा वध, सीता हरण व सुठीव मित्रता व बालि वध का आकर्षक मंचन कर कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन मे दिखाया गया कि सोने का मृग देख सीता जी ने उसे पाने की जिद की। भगवान राम ने मृग का पीछा किया। माया रूपी मृग भगवान राम को जंगल की ओर दूर लेकर चला गया। हाय राम-हाय राम की आवाज सुन सीता जी परेशान हो गईं। कहा कि मेरे राम संकट में हैं। उनकी मदद के लिए लक्ष्मण को भेजा। लक्ष्मण ने जाते समय उन्होंने कुटी के चारों ओर लक्ष्मण रेखा खींच दी और माता सीता से उसके पार न जाने को कहा। लक्ष्मण को जाते ही रावण ब्राह्मण का वेश में पहुंचा और भिक्षा के बहाने उनका हरण कर लिया। राम व लक्ष्मण व सीता की खोज में वन-वन भटकते व विलाप करते किष्किंधा पर्वत पहुंचे। इस दौरान राम के किरदार मे लक्की भारद्वाज, लक्ष्मण के किरदार मे शुभम शर्मा, सीता के किरदार मे तनुज शर्मा, शुपर्णखा के किरदार मे ख्याली टांक व महेश पारिख, जीतू कुमावत, खर-दूषण त्रिसरा के किरदार मे सुनील गौड़, दीपक पटेल, मनीष कुमावत, रावण के किरदार मे विकास शर्मा सहित आदर्श रामलीला मंडल पावटा वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरनाथ पटेल, महेश पारिक, संरक्षक उमेश टांक, सुभाष गोयल, वीरेंद्र बंसल, इस दौरान अध्यक्ष योगेश शर्मा, निदेशक मोहन गौड, सचिव चेतन जोशी, उपाध्यक्ष नरेंद्र गौड, रामशरण बोहरा, सोनू अठावाल, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, ललित शर्मा, सदस्य, सुनील गौड, दीपक पटेल, विकास शर्मा, सुभाष टिलावत, नितेश शर्मा, प्रिंस मिश्रा, वाशु पटेल, तनुज, हर्ष, शिवम, सक्षम, धर्मेंद्र बटवाल, सहित वरिष्ठजन, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामलीला का श्रीगणेश

**श्रीमाधोपुर**। पुराने बस स्टैंड पर गुरूवार रात को श्रीरघुनाथ कला केंद्र के कलाकारों द्वारा 44वी आदर्श रामलीला में रावण जन्म, रावण विवाह व राम जन्म की लीला का मंचन हुआ। इससे पहले बुधवार को मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत ने फीता काटकर, दीप प्रज्वलित व आरती कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। महंत ने कहा कि भगवान राम सभी के आराध्य है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में धार्मिकता बढ़ती है। अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश जोशी व बिहारीलाल पारीक ने बताया कि पहले दिन नारद मोह की लीला एवं शिव- पार्वती संवाद का मंचन किया गया। नारद की भूमिका परमेश्वर धोबी ने शिव की भूमिका लक्की जोशी ने व विष्णु की भूमिका मुकेश ने अदा की वहीं ब्रह्मा हरीश जीनगर, इंद्र नीलेश कुदाल, कलियादेव महावीर ठठेरा द्वितीय व कामदेव की भूमिका कुलदीप ने अदा की।

## रावण बाणासुर संवाद आज

**श्रीमाधोपुर**। मुख्य चौपड़ बाजार अजीतगढ़ में वर्ष 1976 से नवयुवक रामलीला नाट्यय कला मंडल के तत्वावधान में अध्यक्ष श्रवण लाल पारीक और कार्यकारी अध्यक्ष पंडित जुगल किशोर जोशी की देखरेख में खेली जा रही गोस्वामी तुलसीदास कृत राम चरित मानस पर आधारित रामलीला में अवध नरेश महाराज दशरथ के चारों राजाकुमारों का गुरु वशिष्ठ ने अपनी मतिनुसार नाम करण किया। गुरुदेव वशिष्ठ के आश्रम पर चारो भाई राम, भरत, शत्रुघ्न और लक्ष्मण ने विद्याध्यन किया। महा प्रभावशाली लंका का राजा रावण ऋषि मुनियों, साधु संतो और ब्राह्मणों पर घोर अत्याचार करता था।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अवतार लेने की सूचना पर मुनि विश्वामित्र ने अयोध्या पहुंचकर राजा दशरथ से अपने यज्ञ की रक्षार्थ राम और लक्ष्मण को मांगा परंतु उम्र के चौथे पड़ाव पर प्राप्त पुत्रो के मोह के कारण महाराज दशरथ ने आनाकानी की। गुरुदेव वशिष्ठ की समझाइश पर चक्रवर्ती सम्राट दशरथ ने दोनो राजकुमारो को सौंपते हुए कहा कि लो हाथ में इनका हाथ नाथ, ये दोनो भोले भाले हैं। ये फिकरा याद रहे भगवन, दोनों मेरी नाजों के पाले है। रामलीला में आज सीता स्वयंवर, रावण बाणासुर संवाद और धनुष यज्ञ की दिव्य लीलाओं का मंचन होगा। ये आयोजन प्रतिदिन रात आठ से ग्यारह बजे तक होगा। सह निदेशक भरत सिंह ने बताया कि नवरतन शर्मा ने प्रभु श्रीराम का, वैभव जोशी ने लक्ष्मण का, गौरव जोशी ने भरत का, जगदीश स्वामी ने गुरु वशिष्ठ का, मोनू सोनी ने विश्वामित्र का, दिनेश गोविंद शर्मा ने महाराज दशरथ का, श्रवण लाल पारीक ने सुमंत का, भोलूराम बडसीवाल ने विदूषक का अभिनय किया।

**आम सूचना:** मैं बनवारी लाल पुत्र श्री सुरजमल सोनी, निवासी: बालाजीधाम सोसायटी, हाथोज- सिरसी लिंक रोड, जयपुर। मैं अपने स्वयं अर्जित मकान में अपने परिवार की 3 संतानों 2 पुत्र एवं 1 पुत्री के साथ निवास करता हूँ एवं मेरा बड़ा पुत्र गौरीशंकर सोनी, उम्र 32 वर्ष विगत 10 वर्षों से मेरे साथ निवास नहीं करता है और अन्यत्र निवास करता है एवं मेरे कहने- सुनने में नहीं है। अत: उसकी गलत आदतों से मैं अपने बड़े पुत्र गौरीशंकर सोनी को अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति, जायदाद, उत्तराधिकार से बेदखल करता हूँ। और उसके पूर्व में और आज के पश्चात् किये गये किसी भी लेनदेन, वादे, लोन, एग्रीमेन्ट की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, सूचित रहे। दिनांक: 03.10.2024, स्थान: जयपुर
भवदीय: बनवारी लाल सोनी, मो. 9001955187

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुधीर गुलाटी पुत्र श्री खेमचन्द गुलाटी निवासी प्लाट नं. 5-घ-6 जवाहर नगर, राम लीला मैदान के सामने जयपुर राजस्थान का हूँ मेरा पुत्र साहिल गुलाटी आयु 31 वर्ष जो कि जनवरी 2024 से किसी भी प्रकार से मेरे कहने में नहीं है मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से माह जनवरी 2024 में मौखिक रूप से बेदखल कर दिया था जिसकी तहरीरी रूप से आज घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र से माह जनवरी 2024 से व भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर सुधीर गुलाटी
दिनांक मो. 8829011454

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य के०एन० सिंह गहलोत पुत्र श्री देवी सिंह निवासी इच्छेवाला रोड, राधा स्वामी डेरा, सिमरन ऐवेन्यु, फिरोजपुर पंजाब के गोदपुत्र रितुराज सिंह को उसके गलत आचरण व अनैतिक व्यवहार तथा अपनी गोदमाता को फोन पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था, जिसके कारण वह सदमें में आ गई और उनकी मृत्यु हो गई, मृत्यु से पूर्व व पश्चात मेरे अभिभाष्य को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया तथा मेरे अभिभाष्य की सामाजिक प्रतिष्ठा को धुमिल किया गया, रितुराज मेरे अभिभाष्य के कहने मे नही है व अपने प्राकृतिक माता पिता के कहने मे हैं जिसके कारण मेरे अभिभाष्य ने गौदपुत्र रितुराज को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, जो कोई व्यक्ति एवं संस्था उससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कोई संव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा, जिससे मेरे अभिभाष्य का कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं होगा। सूचित रहे।
भवदीय, शंकर लाल कुमावत एडवोकेट 9314227945

**सूचना**
मैं सुश्री अभिलाषा पुत्री स्व. श्रीमती कल्पना देवी आयु 22 वर्ष निवासी 65-ए, गणेश नगर, करधनी के पास, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान सुचित करती हूँ कि-
मेरी माताजी का देहान्त दिनांक 21.04.2021 को हो गया है, तथा मै उनकी एक मात्र सन्तान हूँ मेरी माताजी के नाम एक मोटर साईकिल बजाज प्लेटिना है, जिसका नम्बर RJ-14-QS-7414 है, उक्त वाहन को मैं मेरे नाम ट्रांसफर करवा रही हूँ इस सन्दर्भ में किसी को कोई आपत्ती हो तो वो 7 दिवस के अन्दर दर्ज कराये। 9816618798 या RTO जयपुर में सम्पर्क करें।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**संख्या: डब्ल्यू.ए./ई-टेण्डर/19/2024**
**दिनांक: 01.10.2024** मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजीनियरिंग), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा संख्या: 116/2024 कार्य का नाम:** अजमेर मण्डल- मौजूदा 20 नम्बर टी.एम.सी. साइडिगो पर विभिन्न सुविधायों का प्रावधान का कार्य जसे पाथवे अप्रौच रोड, पाथवे के उपर कवरिंग शैड़ रेम्प, पेयजल बूथ, विश्राम सुविधायें और सम्बन्धित विधुत कार्य इत्यादि। **अनुमानित लागत:** रुपये 9,52,37,025.89 **बयाना राशि:** रुपये 6,26,200/- **निविदा की अंतिम दिनांक:** 10.10.2024 **2. निविदा संख्या: 127/2024 कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर लाईन अजमेर उप मण्डल: में कचरा हटाकर ट्रेक की सफाई करना एवं मूरम, मलवा एवं अपशिष्ट पदार्थो का डिसपोजल करने का कार्य। **अनुमानित लागत:** रुपये 26,69,520.00 **बयाना राशि:** रुपये 53,400/- **निविदा की अंतिम दिनांक:** 10.10.2024 **3. निविदा संख्या: 128/2024 कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर भीलवाडा उप मण्डल: अजमेर-चित्तौड़गढ़ खण्ड (लम्बाई 31.5 ट्रेक कि.मी.) में विभिन्न स्थानों पर डब्ल्यू - बीम क्रेश बैरियर सुरक्षा बाड लगाने का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रुपये 11,61,29,152.16 **बयाना राशि:** रुपये 7,30,700/- **निविदा की अंतिम दिनांक:** 10.10.2024 **4. निविदा संख्या: 129/2024 कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर (मुख्यालय) अजमेर उपमण्डल: बंगलो के संम्पर्क मार्ग और सरक्यूलेटिंग एरिया की विशेष मरम्मत और एसएसई कार्य उत्तर के क्षेत्राधिकार के तहत रेलवे कोलोनी में अजमेर विविध मरम्मत का कार्य। **अनुमानित लागत:** रुपये 2,18,26,478.42 **बयाना राशि:** रुपये 2,59,100/- **निविदा की अंतिम दिनांक:** 18.10.2024 उक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाईट www.ireps.gov.in पर तथा मण्डल कार्यालय उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर के निविदा नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। 1138-AJ/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करे

## निवाई स्वच्छता अभियान में द्वितीय

**निवाई**। स्वच्छता ही सेवा अभियान में राज्य स्तर पर नगर पालिका निवाई को बेहतरीन कार्य करने पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिसको लेकर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में नगरीय विकास मंत्री झाबरसिंह खर्रा एवं मेयर नगर निगम ठोटर सौम्या गुर्जर ने अधिशाषी अधिकारी निवाई मनोहरलाल जाट को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान में राज्य स्तर पर निवाई नगर पालिका बेहतरीन कार्य किया है। इस पर राज्य सरकार ने नगरपालिका निवाई को स्वच्छता मे द्वितीय स्थान के लिए चुना है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# क्रिकेट का पहला मुकाबला 'साइबर योद्धा' ने 29 रनों से जीता

**दौसा**। जिला पुलिस प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित दौसा पुलिस लीग के दूसरे दिन पहला क्रिकेट मैच साईबर योद्धा एवं सदर सनराईज के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये साईबर योद्धा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आतिशी बल्लेबाजी करते हुये 148 रन बनाये, इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी सदर सनराईज 119 रन पर ढेर हो गई, जिसके चलते साईबर योद्धा ने 29 रनों से शानदार जीत दर्ज की। साईबर योद्धा की ओर से बल्लेबाजी करते हुये न्यायाधीश रवि कुमार ने 47 बॉल पर 51 रन बनाये। जिला प्रशासन के तत्वावधान में स्थानीय श्री राजेश पायलट स्टेडियम में आयोजित दौसा पुलिस लीग के दूसरे दिन पहला मैच साइबर योद्धा एवं सदर सनराईज के मध्य खेला गया। साइबर योद्धा ने टॉस जीतने के पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 148 रनो का विशाल स्कोर बनाया। साइबर योद्धा से खेलते हुये एसीजेएम न्यायाधीश रवि कुमार ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुये 47 बॉल पर 51 रन बनाये, बल्लेबाल नरेन्द्र हरिपुरा, राजेन्द्र नागाडा ने 27 रन, सुरेश सिहरा ने 21 रनों का योगदान दिया। वही सदर सनराईज के गेंदबाज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकश सोनवाल ने सर्वाधिक 3 विकेट, मीठालाल एवं हीरालाल ने एक-एक विकेट लिया। वही दूसरी ओर लक्ष्य का पीछा करने उतरी सदर सनराईज की शुरुआत काफी खराब रही, ओपनिंग करने आये मनीष मीणा 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गये, इसके बाद मीणा लाल एवं हीरालाल ने पारी को संालने की कोशिश की लेकिन दोनो बल्लेबाज 11-11 रन बनाकर आउट हो गये। वही राकेश सैनी 17 रन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल मात्र 9 बनाकर आउट हो गये तथा पूरी टीम 18 ओवर में 119 पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार पहला मुकाबला साइबर योद्धा ने 29 रनों से जीत लिया।

महिला टीम ने दर्शको का दिल जीता

राजेश पायलट स्टेडियम में आयोजित दौसा पुलिस लीग का दूसरा क्रिकेट मैच महिला माइडिएस एवं सीटी वॉरिरर्य के मध्य खेला गया। महिला माइडिएस ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया तथा महिला टीम ने 19.05 ओवर में 96 में रन बनाये, महिला माइडिएस की ओर से बल्लेबाजी करते हुये कमल गुर्जर ने 10, खुशी जैन ने 37 रन तथा अल्का भाटी ने 9 रनों का योगदान दिया। सीटी वॉरियर्र की ओर से गेंदबाजी करते हुये हैप्पी राजावत ने 4 विकेट, मुकेश सैनी ने 2 तथा विद्यासागर पाराशर एवं संदीप खंडेलवाल ने एक-एक विकेट लिया। उधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीटी वॉरिर्र की शुरुआत खराब रही।




दौसा जिला पुलिस प्रशासन के तत्वावधान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, देवली (टोंक) राज.**
क्रमांक- न.पा.दे./कृषि भूमि/2024-25/6971 दिनांक-01.10.2024

**आम सूचना**
एतद द्वारा यह कि सहायक नगर नियोजक, जिला नगर नियोजक ईकाई टोंक के पत्रांक एसपी-1/अजमेर दिनांक 01.07.2015 द्वारा राजस्व ग्राम हनुमाननगर ऊंचा खसरा सं. 652 रकबा 5.00 बीघा एवं 652/1 रकबा 2.18 बीघा कुल 07.18 बीघा भूमि का आवासीय ले-आऊट प्लान स्वीकृत किया गया था। वर्तमान पट्टाधारक द्वारा पूर्व में जारी पट्टा को समर्पित कर संशोधित ले-आऊट प्लान अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने पर श्रीमान वरिष्ठ नगर नियोजक, अजमेर जोन अजमेर के पत्रांक एजेजेड/1631/देवली/24/897 दिनांक 04.09.2024 द्वारा राजस्व ग्राम हनुमाननगर, ऊंचा के खसरा सं. 652 रकबा 5.00 बीघा एवं 652/1 रकबा 2.18 बीघा कुल 07.18 बीघा भूमि का संशोधित आवासीय ले-आऊट प्लान स्वीकृत किया गया है। उक्त योजना के पूर्व में जारी एकल पट्टे के आवेदक द्वारा समर्पित किये जाने पर नगरपालिका द्वारा पट्टा निरस्त कर दिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| पट्टाधारक का नाम | खसरा सं. एवं क्षेत्रफल | पट्टा क्रमांक/दिनांक | पंजीबद्ध सं. मय दिनांक |
| --- | --- | --- | --- |
| ओम मेटल्स इन्फ्राप्रोजेक्ट लि. जुपीटर मेटल प्रा.लि. जरिये अधिकृत हस्ताक्षरी श्री बालमुकून्द शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा | खसरा सं. 652 रकबा 5.00 बीघा एवं 652/1रकबा 2.18 बीघा कुल 07.18 बीघा | 3174 दिनांक 23.07.2015 | 20150204700184 6 दिनांक 29.07.2015 |

उक्त निरस्त पट्टे के संबंध में कोई भी व्यक्ति/फर्म/बैंक/संस्था आदि क्रय/विक्रय/दान/वसीयत आदि व्यवहार करते है तो नगरपालिका की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। यदि कोई किसी भी प्रकार से व्यवहार करता है तो स्वयं जिम्मेदार होंगे। सूचित रहे।
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका देवली

## सरपंच के बेटे से मारपीट कर पैर तोड़े

**अलवर**। महिला सरपंच के 52 साल के बेटे पर पूर्व सरंपच के परिवार ने हमला कर दिया। मारपीट कर पैर तोड़ दिए। घायल और उसके परिजनों ने गोली मारने का भी आरोप लगाया है। घायल को अलवर से जयपुर रैफर किया गया है। घटना अलवर के कठूमर के बहतूकला थाना क्षेत्र के टोडा गांव की है।

बहतूकला थाना क्षेत्र के ्रस्द्ध सहजाद ने बताया- टोडा गांव में बुधवार रात करीब साढे 8 बजे सरपंच के बेटे से मारपीट करने का मामला सामने आया है। सरपंच का बेटा केदार बुधवार रात को गोपालपुरा की तरफ आ रहा था। रास्ते में उसकी गाड़ी को रोककर मारपीट की गई। उसके बाद केदार को हरीपुरा की तरफ ले गए। वहां ले जाकर पैर तोड़ दिए। इसके बाद गोली भी मारी है। आरोपी परिवार पूर्व सरपंच सुरेश का बताया गया है। घायल केदार को अलवर रैफर किया गया था लेकिन रात को ही उसे जयपुर भेज दिया गया। अब जयपुर में जाकर पर्चा बयान लिया जाएगा। अब पुलिस मामले की जांच में लगी है।

# आमजन की परिवेदनाओं पर संबंधित अधिकारियों पर निर्देश

**अलवर**। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने गुरुवार को अलवर में अपने निज निवास पर जनसुनवाई की ओर पेयजल, विद्युत, सडक आदि से संबंधित परिवेदनाओं के त्वरित निदान को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के पहले ही बजट में अलवर जिले के लिए पेयजल, स्वास्थ्य, सडक, पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक अभूतपूर्व घोषणाएं की है जिनको धरातल पर लाने के लिए कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। यह प्रयास है कि इन योजनाओं का यथाशीघ्र आमजन को लाभ मिलेगा। उन्होंने जनसुनवाई में आए आमजन की परिवेदनाओं पर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए हैं मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है। कि प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की सूचना फरियादियों को दी जाए। यदि परिवेदना का निराकरण उनके स्तर पर संभव नहीं है। तो उसकी पूरी जानकारी फरियादी को दी जाए। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने नवरात्र प्रथम दिन अलवर करणी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर अलवर सहित प्रदेश की खुशी के लिए प्रार्थना की।


अलवर निज निवास पर मंत्री संजय शर्मा ( बीच में ) ने लोगों की समस्याएं सुनी ।

- नवरात्र प्रथम दिन मंत्री संजय शर्मा ने करणी माता मंदिर में पूजा अर्चना की व अलवर सहित प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

## 'मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें'

- संत मनीषदास महाराज ने कहा कि रामायण में त्याग की भावना थी जिसको लेकर भगवान श्रीरामजी ने अपने भाई भरतजी के लिए राज्य का त्याग करके वनवास चले गए। वहीं भरतजी ने अपने भाई श्रीराम जी के राजभिषेक का त्याग कर दिया।
- 14 दिवसीय दशहरा मेला महोत्सव का हुआ आगाज

**निवाई**। नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित 14 दिवसीय दशहरा मेला महोत्सव का शुभारम्भ गुरूवार को प्रताप स्टेडियम में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, संत मनीषदास महाराज व अध्यक्षता कर रहे नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने रामलीला मंचन का समारोह पूर्वक फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें।

मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम ने अहंकार के प्रतीक रावण का वध करके असत्य पर सत्य की जीत का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि सत्य कभी परास्त नहीं होता है। सत्य सदेव विजय ही रहता है।

संत मनीषदास महाराज ने कहा कि रामायण में त्याग की भावना थी जिसको लेकर भगवान श्रीरामजी ने अपने भाई भरतजी के लिए राज्य का त्याग करके वनवास चले गए। वहीं भरतजी ने अपने भाई श्रीराम जी के लिए राजभिषेक का त्याग कर दिया। वहीं महाभारत में दुर्योधन ने अपने पांच पांडव भाईयों को पूरे साम्राज्य में से 5 गांव देने से भी इंकार कर दिया था। जिसकों लेकर महाभारत का युद्ध हुआ।

इस दौरान पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने अतिथियों का दुप्पटा व शॉल ओढाकर सम्मानित किया। पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने बताया कि जागृति रंगमंच के कलाकारों द्वारा श्री गणेश जी की वंदना करके रामलीला के मंचन का शुभारंभ किया। जिसमें गुरूवार को नारद मोह, रावण जन्म, रावण द्विग्विजय एवं रावण-मंदोदरी विवाह का मंचन किया गया। उन्होंने बताया कि नगरपालिका द्वारा आयोजित रामलीला में भगवान श्रीरामजी की लीलाओं को प्रदर्शन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में पार्षद नितिन छाबडा, परसराम कुमावत, दयाराम चौधरी, कमलेश किराड, विजय शर्मा, मदनलाल वर्मा, विनोद जायसवाल, संजय रैगर, रमेश सैनी, पवन गुरूजी, राम शर्मा व छत्रधारी शर्मा सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## शारदीय नवरात्र पर पूजा अर्चना का दौर शुरू

- नवरात्रि का शुभारंभ होने के साथ ही पूजा अर्चना की

**सांभरझील**, (निस)। आज से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ होने के साथ ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हुआ। . इस बार शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर तक रहेगी. आज प्रतिपदा तिथि पर घटस्थापना के साथ ही नवरात्रि का महापर्व शुरू हो गया। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना का विशेष महत्व बताया गया है. इस दिन देवी की चौकी के पास विधिवत पूजा के साथ कलश स्थापित कर मां दुर्गा का आ ान किया गया। शाकम्भरी झील के अंदर पहाड़ी पर विराजमान माँ शाकम्भरी देवी जिसे शक्तिपीठ के नाम से भी जाना जाता है का यह दूसरा प्रसिद्ध मंदिर है।

मुख्य मंदिर का निर्माण लगभग आठवीं शताब्दी के काल का माना जाता है। यहाँ माता को चौहानों की कुलदेवी के रूप मे पूजा जाता है। शाकंभरी के नामकरण के विषय में यह कहा जाता है कि एक बार इस भू-भाग में भीषण अकाल पड़ने पर देवी ने शाक वनस्पति के रूप में अंकुरित होकर जन-जन का भरण पोषण किया। तभी से देवी का नाम मां शाकंभरी पड़ गया। शाकंभरी देवी का मंदिर सांभर से लगभग 25 किलोमीटर दूर सांभर झील के पास स्थित है। जहां पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

## कोटपुतली में कल्याण सप्ताह के अंतर्गत अपराधी सुधार दिवस मनाया

**कोटपूतली**। उप कारागृह कोटपुतली में कल्याण सप्ताह के अंतर्गत अपराधी सुधार दिवस के मौके पर जिला कलेक्टर एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कोटपुतली बहरोड़ जिलाधिकारी रमेश कुमार दहमीवाल के निर्देशन में अपराधी सुधार दिवस का आयोजन किया गया। समाज कल्याण अधिकारी गजराज यादव ने बंदियों को डाकू रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बनकर जीवन सुधार का अद्वितीय उदाहरण देते हुए जीवन में प्रेरणा हासिल कर और सुधार कर आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया। साथ ही बंदियों से कुशलक्षेम पूछी। वहीं शिव कुमार शर्मा ने बताया कि अपने अतीत को भूलकर वर्तमान से सीखते हुए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए हौसला अफजाई की। मोनू शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर उप कारापाल प्रेम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी, प्रहरी एवम जेल स्टाफ उपस्थित रहे।


कोटपूतली में बंदियों को जानकारी देते समाज कल्याण अधिकारी गजराज यादव ( खडे हुए )।

## अखंड णमोकार जाप अनुष्ठान में उमडे श्रद्धालु

**निवाई**। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अठावाल मंदिर में बालयोगी अनुसरण सागर महाराज के सानिध्य में गुरूवार को दश दिवसीय श्री णमोकार मंत्र विधान एवं अखंड णमोकार जाप अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। चातुर्मास कमेठी के अध्यक्ष सुनिल भाणजा व हितेश छाबडा ने बताया कि 3 से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले अनादि-निधन, सर्वरोग-शोक-भयनाशक महामंत्र महानुष्ठान का आयोजन धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव को लेकर प्रातकाल में श्रद्धालुओं द्वारा अभिषेक व शांतिधारा, मंगलाष्टक, दिग्बंधनए सकलीकरण किया गया उसके पश्चात कलश स्थापना, अखण्ड दीप स्थापना करने का सौभाग्य नरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार भांजा को प्राप्त हुआ। अखण्ड जाप के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। भाणजा ने बताया कि 24 घंटे चलने वाले अखण्ड णमोकार जाप अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि मुनि अनुसरणसागर महाराज सानिध्य में प्रतिदिन शाम को विशेष जाप अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**खैरथल**। आदिवासी धानका जन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश बावलिया ने कहा है कि पाँच वर्ष पूर्व धानका जनजाति के संबंध में राजस्थान सरकार की ओर से जारी किये गये विवादास्पद पत्र को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री से निर्णायक वार्ता की जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष बावलिया ने समाज के लोगों के सामने संकल्प लेते हुए घोषणा की कि वे भविष्य में तब तक समाज के मंच पर साफा एवं माला का सम्मान स्वीकार नहीं करेंगे जब तक 9 अगस्त 2019 को राजस्थान सरकार की ओर से धानका समाज के बारे में जारी विवादास्पद एवं अपमानजनक गैर वाजिब पत्र प्रभावहीन घोषित नहीं कर दिया जाता है ।

गुरुवार को धानका समाज के प्रदेशाध्यक्ष मुकेश बावलिया ने क्षेत्र की मुंडावर तहसील के ग्राम नंगली ओझा में आयोजित समाज के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा की धानका जनजाति को लेकर 9 अगस्त 2019 को जारी विवादास्पद पत्र राज्य में हमारे समाज के अस्तित्व को चुनौती देने वाला एवं अपमानजनक है। उन्होंने कहा सरकारी अधिकारियों ने करीब 50-60 साल तक संवैधानिक गजट में उल्लेखित शब्द धाणका के स्थान पर स्वयं ने जाति प्रमाण पत्र में धानका शब्द का प्रयोग किया है । यहाँ तक की सरकारी पत्र व्यवहार में मुख्यमंत्री, मंत्री, अधिकारियों, पुलिस और न्यायालयों ने भी सरकारी दस्तावेजों में ज्यादातर धाणका जाति को धानका ही अंकित किया है । सरकारी अधिकारियों ने करीब 50-60 साल तक धानका जाति के नाम को लिखने में संवैधानिक और शासन की भाषा में अंतर रखा है। वर्ष 2019 में सरकार ने अपनी नींद खोल कर अचानक पत्र जारी करके केवल धाणका को ही सही वर्तनी मानने की घोषणा तो कर दी है लेकिन वह यह स्पष्ट नहीं कर रही है कि उसके प्रशासनिक अधिकारियों ने पिछले 50-60 साल में जो धानका लिख कर जनजाति के प्रमाण पत्र जारी किए हैं, उनका क्या समाधान किया जाएगा। बावलिया ने कहा कि राज्य सरकार अपनी गलती को छिपाकर एक समाज के संवैधानिक अधिकारियों पर कुठाराघात नहीं कर सकती है। संविधान और शासन की भाषा के अंतर का खामियाजा प्रदेश का धानका जनजाति समाज नहीं भुगतेगा। और धानका एवं धाणका दोनों एक ही जाति के लिए लिखे जाते हैं।दोनों की अंठोजी वर्तनी एक ही है।

इसलिए राज्य सरकार को अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ेगी। इस संबंध में जल्दी ही समाज के प्रतिनिधियों का एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर अपना पक्ष रखेगा तथा इस संबंध में निर्णयात्मक वार्ता करेगा। समरोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इससे पूर्व समारोह आयोजक खैरथल तिजारा धानका समाज के जिला अध्यक्ष वीर सिंह धानका एवं उनके सहयोगियों ने अतिथियों का माला साफा पहना कर स्वागत किया।

## जगह-जगह राम बारात का स्वागत

**फुलेरा**। श्री रेलवे रामलीला रंगमंच पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा पिछले कई दिनों लगातार जारी रामलीला का मंचन शुरू किया जा रहा है। इसके चलते मंचन के दौरान शिव पार्वती संवाद, नारद मोह के साथ रावण कुंभकरण जन्म, पृथ्वी का गोरूप धारण करना, श्री विष्णु का पृथ्वी को अभय दान, श्रीराम जन्म, ताडका वध, सीता स्वयंवर, रावण बाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, सीता का स्वयंवर आदि मंचन के बाद बुधवार को दोपहर 3 बजे रामलीला रंगमंच से श्रीराम बारात भारी लवाजमें, गाजे बाजे, घोडा बग्गी पर शाही सवारी एवं विशेष जीवंत झांकियों के साथ श्रीराम बारात मायला बाजार में आयोजित जनकपुरी पहुंची। जहां पर बारात का भव्य स्वागत करते हुए आज जनकपुरी के रूप में श्री रेलवे रामलीला कमेटी के पूर्व निदेशक स्व. रामेश्वर लाल भवण की स्मृति में उनके अनुज भागचंद भवण एवं उनके परिवार की ओर से श्री राम जानकी विवाह के उपलक्ष में कलाकारों एवं सदस्यों को आमंत्रित कर श्री राम बारात के रूप में स्वागत अभिनन्दन किया।

जबकि इसके पूर्व राम बारात का जगह-जगह माला, हार पहनाकर एवं पुष्प वर्षा करने के साथ ही जलपान करवाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## भव्य शोभायात्रा निकाली

**निवाई**। अग्रवाल समाज द्वारा अग्रवंश शिरोमणि महाराज अग्रसेन की 5178 वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज के रवि अग्रवाल ने बताया कि जयंती की पूर्व संध्या पर दिगम्बर जैन नसिंया में रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढाओ नाटक सहित कई धार्मिक गानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। नाटक का मंचन सीमा भाणजा, मोना पहाडी, निक्की पराणा, हेमा बनेठा, सँगीता झिलाय द्वारा किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में रितु सारसोप, मोनिका गिन्दोडी, मीना नोहट्टा, दीक्षा माधोराजपुरा, सुरभि सिरस, अंजू जैन, मीनाक्षी जैन, कनिका जैन, अनितमा झिराना, मैना मंडावर, राजुल भाणजा, सपना भाणजा, प्रियंका बोहरा, अनु जैन, रिना जगतपुरा, सरिता जैन, नीलम जैन, मीना जैन, सुनीता जैन, दीपिका जैन, कीर्ति जैन, प्रियंका जैन, हेमा जैन, शांतिसागर पाठशाला एवं मैथिली ग्रुप व आवा ग्रुप ने प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का चित्र अनावरण चेतन जैन, दीप प्रज्वलन महावीरप्रसाद पहाडी व कार्यक्रम का उद्घाटन महावीर जैन लावा ने किया। जयंती के अवसर पर गुरूवार की सुबह अठावाल धर्मशाला से मुख्य बाजार होते हुए जैन नसिया मन्दिर तक भव्य गाजे बाजे के साथ महाराज अठासेनजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाओं ने बाइक रैली निकालकर एकता का संदेश दिया। शोभायात्रा में महिलाएं-पुरूष महाराज अग्रसेन के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। महाराज अग्रसेन के रथ सारथी पारसमल, महावीर प्रसाद, प्रकाश चन्द, विमल कुमार व दीपक जैन पराणा बने। शोभायात्रा में विधायक रामसहाय वर्मा, पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने भी शिरकत की। इस दौरान ओमप्रकाश गुप्ता टोंक, भंवरलाल अग्रवाल, राकेश अठावाल, देवेंद्र जैन, जितेंद्र जैन, ताराचन्द बोहरा, दिनेश मंगल, संतोष मोदी, हुकुमचंद जैन, पवन बोहरा, शैलेन्द्र जैन, विकास गिन्दोडी, आशीष जैन, आशीष मंगल, राकेश चँवरिया, अक्षय जैन, अठावाल महिला मण्डल अध्यक्ष पिंकी जैन कठमाणा, सीमा जैन, रितु चँवरिया, एडवोकेट सरोज अग्रवाल, ममता, दीपमाला जैन, मुन्नी भाणजा व अंतिमा झिराना सहित अठावाल समाज के सैंकडों लोग मौजूद थे।

## घर-घर में हुई घट स्थापना

**निवाई**। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूवार को मंदिरों व घरों में विधिवत रूप से शारदीय नवरात्र पर घट स्थापना की गई। मंदिरों में देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए श्रृद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। नवरात्र के प्रथम दिन पार्वती मां के शैलपुत्री रूप की पूजा हुई। नवरात्रा के चलते गुरूवार को मंदिरों में देवी-देवताओं की झांकियां सजाकर मुहुर्त के अनुसार विधिवत रूप से घट स्थापना की गई। घटस्थापना को लेकर शहर के एतिहासिक बावडी वाले बालाजी के मंदिर, कंकाली माता के मंदिर, संतोषी माता के मंदिर, दादूदयाल आश्रम, कुंज बिहारी आश्रम, विश्वशांति आश्रम, बस स्टेण्ड बालाजी, मोरिया वाले बालाजी, पेट्रोल पम्प के सामने वीर बालाजी, दुर्गामाता मंदिर, भगवान गौरीशंकर महादेव मंदिर, श्री चिंताहरण गणेश मंदिर, कृषि मंडी स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर एवं खाटू श्यामजी मन्दिर सहित जयसिंहपुरा बालाजी, बंजारी माता मूण्डिया, पहाडी खण्डवा व नला सहित कई गांवों में स्थित मंदिरों पर दिन भर कई धार्मिक अनुष्ठानों की धूम मची रही तथा मंदिरों में दर्शनों के लिए श्रद्घालुओं का तांता लगा रहा।

# पावटा में अग्रवाल महासभा ने धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**पावटा**। अग्रवाल महासभा पावटा के तत्त्वाधान में गुरुवार को अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज के कुलप्रवर्तक समाजवाद के प्रणेता महाराज अग्रसेन की 5148वीं जयंती प्रात 5 बजे घंटाघर चौक से प्रभात फेरी शुरू हुई जो कस्बे के प्रमुख बाजारों से होती हुई पुन घंटाघर चौक पर विसर्जित हुई। वही सांय को घोडियों की शाही लवाजमें के साथ शोभायात्रा के साथ धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई गई। कस्बे के मोदी मंदिर से कार्यक्रम की शुरूआत महाराज अग्रसेन व माँ लक्ष्मी की सजीव झांकी के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद महाराज अग्रसेन की लवाजमे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई कैलाश जी की बगीची कार्यक्रम स्थल पहुँची जहाँ अठासेन जी की सजीव झांकी के आगे महाआरती का आयोजन हुआ। इस मौके पर आतिशबाजी का भव्य प्रदर्शन भी किया गया। शोभायात्रा में घोड़ा बग्गी व रथ रूपी वाहन में महाराज अठासेन की झांकी, माँ लक्ष्मी की सजीव झांकी सहित अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गई। वहीं झाकियों के आगे बैंड की धुन पर अठा बन्धु व घडों पर गुडसवार चल रहे थे। जगह जगह तोरण द्वार लगाये गये व रास्ते में जगह जगह आरती उतारकर व पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। वही तहसील व नगर समाज के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा व जलपान करवाकर स्वागत किया गया। इसके बाद शाम को कैलाश जी की बगीची में भामाशाह व छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित भी किया गया। वही प्रिंस ग्रुप जयपुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम का आयोजन पावटा अग्रवाल महासभा संरक्षक सियाराम, कैलाश गर्ग, दौलतपुरा अग्रवाल, अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, उपाध्यक्ष रवि शंकर मंगल, महामंत्री पंकज गुप्ता, कोषाध्यक्ष निहील मंगल, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, गोपाल अठावाल, पूर्व अध्यक्ष महेश गोयल, सांवर बंसल, गणेश मोदी, नवीन गर्ग, मनोज मित्तल, संतोष गुप्ता सहित अठा बंधुओ ने महाराजा अठासेन व कुलदेवी महालक्ष्मी की सजीव झांकियां की आरती उतारकर व पूजा अर्चना कर रवाना किया। इस मौके पर अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामज को एकजुटता के साथ समय-समय पर रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए, जिससे समाज में एकरूपता बनी रहती है।


पावटा मे अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभयात्रा का लोगों ने स्वागत किया।

## सार-समाचार

### बालाजी धाम के लिये पदयात्रा रवाना


मालपुरा आदश हनुमान मंदिर से ध्वज यात्रा निकाली गईं।

**मालपुरा** (निस) आदर्श नगर हनुमान मंदिर से ध्वज पूजा के साथ घाटी बालाजी धाम के लिये पदयात्रा हुई रवाना। यात्रा संयोजक रामअवतार जैन कडीला सहित भैरू लाल गुर्जर, रामअवतार जैन सहित गणमान्य नागरिको ने पूजा अर्चना कर हाथो मे बालाजी का ध्वज लिये मनमोहक झांकी के साथ पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। जगह-जगह पुष्वर्षा से स्वागत किया गया। पुरानी तहसील नसियां बालाजी मंदिर पर पदयात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। तो वही चिन्ताहरण बालाजी मंदिर से हनुतिये हनुमान मंदिर जयसिंहपुरा के लिये पदयात्रा रवाना हुई। मधुसुदन पारीक व गोपाल गुर्जर ने पदयात्रा को ध्वज दिखाकर किया रवाना। बडी संख्या मे युवा पदयात्री शामिल हुये।

### घरों व मन्दिरों में हुई घट स्थापना

**मानपुरा माचेड़ी**। क्षेत्र के कस्बे गांवों के घरों व मन्दिरो में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन घट स्थापना हुई।लोगो ने मुहर्त अनुसार घट स्थापना की वही मानपुरा माचेड़ी में एक्सप्रेस हाइवे पर स्थित क्षेत्र की आराध्य देवी सेवड माता मंदिर में पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना की।सुबह से ही श्रदालुओ की भीड़ नजर आई। यहाँ नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन माता की अनुपम मनमोहक झांकियां सजाई जाएगी।नवरात्र प्रतिपदा को माता शैलपुत्री की पूजा की गई।क्षेत्र के मानपुरा माचेडी, अचरोल, चंदवाजी, बिलोची, रुण्डल, घटवाड़ा, जाटावाली सहित कस्बे गांवों में लोगो ने मां भगवती की उपासना के पर्व नवरात्रि के प्रथम दिन घरों में घट स्थापना की। लोगों ने उपवास रखा और सुख समृद्धि की कामना की।

### फुलेरा में अग्रसेन जयंती मनाई


महाराज अग्रसेन के चित्र पर मुख्य अतिथि जी.डी.अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन किया।

**फुलेरा**। कस्बे में अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान समाज के लोगों ने बुधवार को प्रात: 11 बजे क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। उक्त शोभायात्रा न्यू कॉलोनी स्थित अग्रवाल भवन परिसर से रवाना होकर बस स्टैंड, गांधी चौक, गणगौरी बाजार, हलवाई बाजार इंदिरा बाजार ज्योतिबा फूले सर्किल होते हुए पुन: अग्रवाल भवन परिसर पहुंची जहां पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मुख्य अतिथि जी.डी. अग्रवाल, चित्रा गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, जितेन्द्र अग्रवाल, गोपाल बंसल, भगवान सहाय अग्रवाल, तारा चन्द गर्ग, विनोद बंसल, कमल किशोर कयाल, दिनेश अग्रवाल, सुरेश गोयल, नरेन्द्र बंसल, गिरिराज गर्ग, मनमोहन मंगल, अनिल बंसल श्याम सुंदर अग्रवाल भगवान सहाय अग्रवाल जयंती प्रसाद गुप्ता अनुज अग्रवाल लोकेश चेतन एस मंगल दीपक गर्ग सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### 'बाल विवाह सामाजिक कुरीति'

**निवाई**। विद्या भारती शिक्षा संस्थान के उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के पांचजन्य सभागार में बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा ने बताया कि सिकोईडिकान संस्था की सदस्य सोनू चौधरी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह के कानूनी पहलुओं को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति होने के साथ ही समाज के लिए अभिशाप भी है। बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष होने पर ही विवाह किया जाना चाहिए। बाल विवाह करने पर दोनों ही परिवारों व विवाह में शामिल होने वाले पंडित, नाई, हलवाई, बैंड बाजा व बारातियों सहित हर उस व्यक्ति को सजा का प्रावधान है जो बाल विवाह की किसी भी गतिविधि में शामिल होता है। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रधानाचार्य मोहनलाल शर्मा, राधेश्याम बारेठ, रामजीलाल गुर्जर, मुकेश पारीक, गिर्राज चौधरी, सत्यप्रकाश शर्मा, सुरेशचंद गौतम, अवधेश राजवंशी व महेशकुमार शर्मा सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**मालपुरा** (निस) मालपुरा व टोडारायसिंह कस्बे में अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंति के अवसर पर जैन समाज के आराध्य देव भगवान अग्रसेन महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मालपुरा मे गांधीपार्क से शुरू हुई शोभायात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुये आदर्श नगर पाण्डुक शिला पहुंची। मार्ग मे जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।



ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में किसी और फ्रेंचाइजी टीम के लिए खेल सकते हैं। पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं। लेकिन अब दिल्ली कैपिटल्स के ओ-ओनर पार्थ जिंदल ने साफ कर दिया है। - ऋषभ पंत

भारतीय क्रिकेटर, आईपीएल 2025 में भी दिल्ली कैपिटल्स का ही हिस्सा रहेंगे और उनकी फ्रेंचाइजी टीम उनको रिटेन करेगी।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## मोहम्मद अजहरुद्दीन



**पूर्व** भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को समन भेजा है। अजहर पर हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार करने के आरोप हैं। हालांकि, अजहर ने आरोपों को पूरी तरह नकार दिया है। अजहर को आज ही पूछताछ के लिए बुलाया है। टीम में अनियमितताओं की जांच कर रही है। उप्पल पुलिस स्टेशन में पहले से दर्ज मामले के आधार पर अजहर को समन भेजा है। 61 साल के पूर्व क्रिकेटर पर पहले मैच फिक्सिंग के आरोप भी लग चुके हैं। इस वजह से उन पर बैन भी लगाया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# आईपीएल 2025 : मो. शमी को गुजरात टाइटंस नहीं करेगी रिटेन

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस समय अपनी इंजरी से उबर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से वो टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। शमी अपनी फिटनेस पर जमकर काम कर रहे हैं और कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक वो न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के जरिए।



क्रिकेट के मैदान पर कर सकते हैं। इन सारी बातों के बीच टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने शमी को लेकर बड़ी बात कही है। दरअसल, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि गुजरात टाइटंस चोट के कारण आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले तेज गेंदबाज शमी को रिटेन नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि गुजरात की टीम सिर्फ 3 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। सभी खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है। शमी ने आईपीएल 2023 में पर्पल कैप जीता था और 28 विकेट अपने नाम किए थे। उनकी टीम गुजरात उप विजेता रही थी।

आईपीएल 2024 में घुटने की सर्जरी के कारण से शमी खेलने से चूक गए थे। आकाश के मुताबिक गुजरात कप्तान शुभमन गिल, राशिद खान और साई सुदर्शन को रिटेन कर सकती है।

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि एक बहुत ही सीधा रिटेंशन होगा कि आपको शुभमन गिल को रखना होगा। दूसरा कोई दिमाग लगाने वाली बात नहीं है, वह राशिद खान हैं। आपको उन्हें भी रिटेन करना चाहिए। मुझे लगता है कि साई सुदर्शन तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें रिटेन किया जाना चाहिए। इसके बाद उनके पास कोई ऐसा खिलाड़ी नहीं है जिसकी कीमत 18 करोड़ हो, जिसे आप रिलीज करने पर 18 करोड़ में बेच सकें, चाहे वह केन विलियमसन हो, शमी हो, डेविड मिलर हों या कोई और नाम हो।

# मेहदी हसन मिराज को रोहित शर्मा से पंगा लेना पड़ा महंगा

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीनस्वीप किया। भारत ने सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 1 अक्टूबर को अपने नाम कर सीरीज पर कब्जा जमाया था। मैच के चौथे और पांचवें दिन कुछ ऐसा हुआ था, जिस पर ज्यादा लोगों की नजर नहीं गई थी। बता दें कि, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को मैदान पर विरोधी टीम के खिलाड़ियों से पंगा लेते हुए आपने कम ही देखा होगा, लेकिन अगर कोई पंगा ले तो ऐसे में रोहित उसे जल्दी छोड़ते भी नहीं है। ऐसा ही कुछ भारत और बांग्लादेश के बीच भी देखने को मिला।



इंडिया वर्सेस बांग्लादेश टेस्ट मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, पहले दिन महज 35 ओवर का खेल हो पाया था और इसके बाद दूसरे और तीसरे दिन बारिश और गीली आउटफील्ड के चलते एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकती थी। चौथे दिन बांग्लादेश ने 107 रनों पर तीन विकेट से आगे खेलना शुरू किया।

भारतीय गेंदबाजों और फील्डर्स ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया और बांग्लादेश की पूरी टीम पहली पारी में 233 रनों पर सिमट गई। जवाब में टीम इंडिय जब बैटिंग करने उतरी तो पहली ही गेंद से अपना इरादा साफ कर दिया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने मिलकर बांग्लादेशी गेंदबाजों की खटिया खड़ी करना शुरू कर दिया। रोहित ने दो छक्के के साथ अपनी पारी का आगाज किया। इसके बाद मेहदी हसन मिराज बांग्लादेश की ओर से चौथा औवर करने आए।

चौथी गेंद पर रोहित के खिलाफ मेहदी हसन ने एलबीडब्ल्यू की जोरदार अपील की और फील्ड अंपायर रिचर्ड केटलबर्ग ने उन्हें आउट भी दे दिया, रोहित ने तुरंत रिव्यू लिया और वह नॉटआउट रहे, लेकिन अगली ही गेंद पर उनका ध्यान भंग हुआ और वह बोल्ड हो गए।

मेहदी हसन मिराज ने रोहित को हाथ हवा में घुमाकर सेंड ऑफ दिया। रोहित उस समय तो गुस्से में मैदान से लौट गए, लेकिन जब मैच के पांचवें मिराज बांग्लादेश की दूसरी पारी में आउट हुए, रोहित ने उन्हें उन्हीं के अंदाज में सेंड ऑफ दिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल भी हो रहा है। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर मिराज का कैच ऋषभ पंत ने लपका था, रोहित वैसे ही हाथ हवा में घुमाकर मिराज को सेंड ऑफ देते दिखे।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के दौरे के लिए 14 सदस्यीय टीम घोषणा की

लंदन, 3 अक्टूबर। इंग्लैंड ने जोस बटलर की अगुवाई में वेस्टइंडीज के दौरे के लिए अपनी सीमित ओवरों के लिये 14 सदस्यीय टीम घोषणा की है। बटलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर रहे थे। इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में बराबरी की थी और



एकदिवसीय सीरीज में मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। बटलर की अनुपस्थिति में फिल साल्ट और हैरी ब्रुक ने क्रमश: टी-20 और एकदिवसीय टीमों की अगुआई की थी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज दौरे के लिए इंग्लैड की टीम में लेग स्पिनर जाफर चौहान, जॉन टर्नर और डैन मूसली अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। जॉन टर्नर और डैन मूसली ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई सीरीज का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें मैच नहीं खेलने का मौका मिला। इंग्लैंड 31 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच खेलेगा। वेस्टइंडीज दौरे के लिए घोषित की गई इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम इस प्रकार है: जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, सैम करन, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपली और जॉन टर्नर।

## पाक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का किया फैसला

शारजाह, 3 अक्टूबर। पाकिस्तान ने गुरुवार को महिला टी-20 विश्वकप के दूसरे मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आज यहां पाकिस्तान टीम की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतने के बाद कहा कि पिच थोड़ी धीमी लग रही है, इसलिए वे एक अच्छा स्कोर बनाकर उसका बचाव करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कप्तान के रुप में यह उनका पहला मैच है इसलिए थोड़ी नर्वस हैं, लेकिन फिर भी सभी ने सहयोग से वह उत्साहित है। वहीं श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने कहा कि हाल ही में उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद वे किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे टॉस जीतते तो निश्चित रूप से पहले गेंदबाजी करते, क्योंकि उन्हें अपने गेंदबाजों पर पूरा भरोसा है।

**दोनों टीमें इस प्रकार है:-**

**पाकिस्तान महिला टीम:-** मुनीबा अली (विकेटकीपर), गुल फिरोजा, सिदरा अमीन, निदा डार, आलिया रियाज, फातिमा सना (कप्तान), तुबा हसन, नाशरा संधू, डायना बेग, सादिया इकबाल और ओमिमा सोहेल।

**श्रीलंका टीम:-** विशमी गुणरत्ने, चमारी अटापट्टू (कप्तान), हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षिका सिल्वा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी, सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी, सचिनी निसानसाला और उदेशिका प्रबोधनी।

## क्राईसिल पोलो ने जयपुर यूएसपीए को हराया

जयपुर, 3 अक्टूबर। राजस्थान पोलो मैदान पर खेले जा रहे सवाई मान गार्ड 6 गोल टूर्नामेंट में आज क्राईसिल पोलो ने जयपुर यूएसपीए को 5 के मुकाबले 6 गोलों से पराजित किया। क्राईसिल पोलो की ओर से शमशीर अली ने तीन गोल, अल बेरदी ने दो गोल और कुलदीप सिंह ने एक गोल किया। वहीं जयपुर यूएसपीए की ओर से महाराज पदमनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल दागे, लास वॉटसन ने भी 2 गोल और हिम्मत सिंह बेदला ने 1 गोल किया।

## खुशी ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन निशानेबाजी में जीता कांस्य पदक

लीमा, 3 अक्टूबर। खुशी ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक हासिल किया। पेरू की राजधानी लीमा में बुधवार को हुये स्पर्धा में खुशी ने 447.3 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित भारत के पदकों की संख्या 15 हो गई है। भारत पदक तालिका में शीर्ष पर है।

खुशी ने क्वालिफिकेशन राउंड में 585-29 स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई। साथी भारतीय निशानेबाज अनुष्का थोकुर, 585-26 के साथ 11वें, साक्षी पाडेकर, 581-28 के साथ 24वें, मेल्विना एंजेलिन जोएल ग्लैडसन, 580-18 के साथ 32वें, और प्राची गायकवाड़, 575-23 के स्कोर के साथ 41वें पर रहीं और शीर्ष आठ से बाहर रहते हुए पदक राउंड में जगह बनाने में असफल रहीं। फाइनल में खुशी 447.3 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहीं।

## आईसीसी ने श्रीलंकाई क्रिकेटर जयविक्रमा के खिलाफ की सख्त कार्रवाई, एक साल का बैन

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। श्रीलंका के क्रिकेटर प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी ने एंटी करप्शन कोड के उल्लघंन में एक साल का बैन लगाया है। इस दौरान वह 6 महीने के लिए सस्पेंड रहेंगे। जयविक्रमा पर ये प्रतिबंधा आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन की बात स्वीकार करने के बाद लगाया गया है। जयविक्रमा ने संहिता के अनुच्छेद 2.4.7 के उल्लंघन की बात स्वीकार की है।



द्वारा की जा रही किसी भी जांच में बाधा डालना या देरी करना जिसमें किसी भी दस्तावेज या अन्य जानकारी को छिपाना, छेड़छाड़ करना या नष्ट करना शामिल है, जो उस जांच के लिए प्रासंगिक हो सकता है और या जो सबूत हो सकता है या भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण के सबूत की खोच का कारण बन सकता है।जयविक्रमा ने आखिरी बार 2022 में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पांच टेस्ट, पांच वनडे और इतने ही टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

इन 15 मैचों में उन्होंने कुल 32 विकेट चटकाए हैं।जयविक्रमा पर लगे आरोप अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और लंका प्रीमियर लीग से संबंधित हैं। आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट के साथ समझौते में भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुच्छेद 1.7.4.1 और 1.8.1 के अनुसार काम किया।

### 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2024

## महाराष्ट्र, चंड़ीगढ़, उत्तराखंड और आंध्रप्रदेश ने जीते मैच

रांची, 3 अक्टूबर। महाराष्ट्र, चंडीगढ़, उत्तराखंड और आंध्र प्रदेश ने 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन गुरुवार को अपने-अपने मैच जीते। आज यहां दिन के पहले मैच में महाराष्ट्र ने अरुणाचल को 9-0 से रौंदा। महाराष्ट्र की ओर से तनुश्री दिनेश कड़ू (15वें, 26वें, 40वें, 41वें, 54वें, 60वें) मिनट में छह गोल करके शीर्ष गोल स्कोरर रहीं। जबकि सानिका चंद्रकांत माने ने (14वें, 35वें) मिनट में भी दो गोल किए। सुकन्या धावरे ने (38वें) मिनट एक गोल किया। अगले मैच में चंडीगढ़ ने दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव को 7-0 से हराया। चंडीगढ़ के लिए खुशी (पांचवे, 21वें, 22वें, 26वें, 34वें, 41वें) मिनट सबसे अधिक गोल किए। शालू सोनकर ने (पांचवें) मिनट में चंडीगो के लिए एक गोल किया।

# हिमाचल की कुसुम ने 200 मीटर की दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

शिमला, 3 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश की कुसुम ठाकुर ने चौथी ऑल इंडिया ओपन एथलेटिक मीट में 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। पटना में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुसुम ने 24.19 सेकंड में दौड़ पूरी की और हिमाचल प्रदेश के लिए पहला महिला वर्ग का 200 मीटर स्वर्ण पदक जीता।

महाराष्ट्र की सुधेशना हनमंत शिवांकर ने 24.24 सेकंड के साथ रजत, जबकि हिमाचल प्रदेश की ही समृति जम्वाल ने 24.49 सेकंड में कांस्य पदक अपने नाम किया। कुसुम ठाकुर की यह उपलब्धि किसी चमत्कार से कम नहीं है। करीब ढाई साल पहले उनके दोनों फेफड़ों में पानी भर गया था और डॉक्टरों ने उन्हें सलाह दी थी कि



वह दौड़ने की उम्मीद तक छोड़ दें। लेकिन कुसुम ने इस असंभव स्थिति को चुनौती मानकर खुद को साबित किया। उनके अदम्य साहस और संघर्ष ने उन्हें आज उस मुकाम पर पहुंचाया है, जहां वह राष्ट्रीय स्तर पर चमक रही हैं।

कुसुम ठाकुर इससे पहले भी कई बार राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा चुकी हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में इंटर कॉलेज एथलेटिक्स चौंपियनशिप में नए कीर्तिमान स्थापित किए थे और इसके बाद ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी पदक हासिल किए थे। कुसुम वर्तमान में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी में कला संकाय की तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने भाई हरीश चन्द्र, माता-पिता, कोच अंकित चंबयाल और गुरुजनों को देती हैं। मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखने वाली कुसुम का सपना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना है।



# बांग्लादेश ने स्कॉटलैंट को 16 रनों से हराया

शारजाह, 3 अक्टूबर। शोबना मोस्तारी ने (36), शाति रानी (29) की जूझारू पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने गुरुवार को महिला टी-20 विश्वकप के पहले मुकाबले में स्कॉटलैंड को 16 रनों हरा दिया है।

120 रनों के लक्ष्य का पीछा स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सस्किया हार्ले (आठ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान कैथरीन ब्राइस (11) और एयलसा लिस्टर (11) बनाकर आउट हुई। बांग्लादेशी गेंदबाजों के आगे स्कॉटलैंड के लगातार विकेट गिरते रहे। सेरा ब्राइस के अलावा उनका कोई भी बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक सका। सेरा ब्राइस ने 52 गेंदों में (नाबाद 49) रनों की जूझारू पारी खेली। प्रियानाज चटर्जी (5), डार्सी कार्टर (2), लॉरना जैक (नौ) और कैथरीन फ्रेजर (2) रन बनाकर आउट हुई। अब्ताहा मकसूद (2)रन बनाकर नाबाद रही। स्कॉटलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 103 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई।

बांग्लादेश की ओर से ऋतु मोनी ने दो विकेट लिये। मारुफ अख्तर, नाहिदा अख्तर, फाहिमा खातून और राबेया खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले स्कॉटलैंड महिला क्रिकेट टीम ने सस्किया हॉर्ले की घातक गेंदबाजी (13 रन पर तीन विकेट) की बदौलत बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम को 119 रन के स्कोर पर रोक दिया था।

आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की सलामी बल्लेबाजों शाति रानी और मुर्शीदा खातून की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 26 जोड़े। कैथरीन ब्राइस ने मुर्शीदा खातून को फ्रेजर के हाथों के कैच आउट कराकर स्कॉटलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद फ्रेजर ने साथी रानी (28) को हॉर्ले के हाथों कैच कराकर बांग्लादेश को दूसरा झटका दी। शोबना मोस्तारी ने सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेल। सास्किया होर्ले ने अपने दो ओवर में घातक गेंदबाजी का मुजाहिर करते हुए हुए 13 रनों पर तीन विकेट लेकर बंगलादेश को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। हॉर्ले ने पहले निगार सुल्ताना (18) को ब्राइस के हाथों, इसके बाद शोर्णा अख्तर (पांच) को चटर्जी के हाथों एवं ऋतु मोनी (पांच) को ब्राइस के हाथों स्टम्प आउट कराकर बांग्लादेश का 119 रनों के स्कोर पर रोक दिया। स्कॉटलैंड को यह मुकाबला जीतने के लिए 120 रन बनाने है। स्कॉटलैंड की ओर से सास्किया होर्ले ने तीन विकेट लिये। कैथरीन ब्राइस, ओलिविया बेल एवं कैथरीन फ्रेजर को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ईरानी कप में अभिमन्यु ईश्वरन का शतक



लखनऊ, 3 अक्टूबर। ईरानी कप मुकाबले के तीसरे दिन रेस्ट ऑफ इंडिया से अभिमन्यु ईश्वरन ने सेंचुरी जड़ दीं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दिन का खेल खत्म होने तक वह 151 रन बनाकर ध्रुव जुरेल के साथ नॉटआउट लौटे। टीम ने 4 विकेट खोकर 289 रन बना लिए हैं। मुंबई से मोहित अवस्थी ने 2 विकेट लिए। ईरानी कप में रणजी चैंपियन मुंबई का सामना रेस्ट ऑफ इंडिया टीम से हो रहा है। मुंबई ने बुधवार को टॉस हारकर पहले बैटिंग की। टीम ने तीसरे दिन के पहले सेशन तक बैटिंग की और 537 रन बनाए। सरफराज खान 222 रन बनाकर नॉटआउट रहे। मुकेश कुमार ने 5 विकेट लिए तीसरे दिन मुंबई ने 536/9 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई, टीम अपने स्कोर में एक ही रन जोड़ सकी।

## फुटबाल दिल्ली प्रीमियर लीग गढ़वाल ने तरुण सांघा की लगातार तीसरी जीत

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। डीएसए प्रीमियर लीग में गुरुवार को गढ़वाल हीरोज ने तरुण सांघा को 2-1 से हरा कर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में विजेता गढ़वाल हीरोज के लिए मैन ऑफ द मैच निर्मल सिंह बिष्ट और मुस्तफा शैख ने गोल किए। साकिर अली ने तरुण सांघा का इकलौता गोल किया।

कल देर शाम खेले गए एक अन्य मैच में नेशनल यूनाइटेड एससी ने हिंदुस्तान एफसी को 3-1 से परास्त किया। विजेता नेशनल यूनाइटेड के लिए टोंगलेनलाल, सिंगटे जॉर्ज और मैन ऑफ द मैच धनचंद्रा ने गोल किए। पराजित हिंदुस्तान का गोल सूरज मंडल के नाम रहा। प्रीमियर लीग दो की विजेता गढ़वाल हीरोज ने भले ही मध्यांतर के बाद रफ्तार पकड़ी लेकिन एक समय अंक तालिका में पीछे चल रहे तरुण सांघा ने गढ़वाल पर दबदबा बना लिया था। 37वें मिनट में गढ़वाल के निर्मल ने साथी खिलाड़ियों के साथ तालमेल के बाद गोल जमाया लेकिन तीन मिनट बाद साकिर अली ने गढ़वाल की रक्षा पंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए हिसाब चुकता कर दिया।

# ईरानी कप मैच में क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर की तबीयत बिगड़ी

## लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती होना पड़ा



नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर ईरानी कप के मैच के दौरान बीमार पड़ गए हैं। बुधवार रात उन्हें तेज बुखार आया है। जिसके बाद शार्दूल को मेदांता में भर्ती करवाया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर है और उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। अस्पताल में उनका मलेरिया और डेंगू टेस्ट करवाया गया है, जिसकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। शार्दूल बुधवार को इकाना स्टेडियम में मुंबई की ओर से बल्लेबाज करने उतरे थे। उन्होंने 59 गेदों पर 4 चौके और एक छक्के के सहारे 36 रन बनाए। उन्होंने सरफराज खान के साथ 9वें विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी भी की।

मलेरिया और डेंगू टेस्ट हुआ, रिपोर्ट का इंतजार जानकारी के अनुसार, शार्दूल पूरे दिन अच्छा महसूस नहीं कर रहे थे, उन्हें तेज बुखार था। इसके चलते वे देर से बल्लेबाजी करने उतरे थे। उन्होंने 2 घंटे बल्लेबाजी की। इस दौरान उन्होंने 2 बार ब्रेक लिया। रात में उनकी तबीयत बिगड़ गई।

मुंबई पहली पारी में 537 रन पर ऑलआउट, रेस्ट ऑफ इंडिया 126/1 ईरानी कप का मुकाबला रणजी चैंपियन मुंबई और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 537 रन बनाए। सरफराज खान ने दोहरा शतक जड़ा।

## क्रिकेट फैंस के लिए बुरी खबर एशियन गेम्स 2026 में शामिल नहीं होगा क्रिकेट

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट फैंस कुछ समय पहले बड़ी खुशखबरी आई जब देश के सबसे लोकप्रिय खेल को 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया था। ये पहला मौका है जब ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया। इस खुशखबरी के साथ फैंस के लिए बुरी खबर भी है। दरअसल, एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है। 2026 के एशियन गेम्स जापान में होने हैं। जापान के हेड ऑफ क्रिकेट ऑपरेशंस एलन कर ने बताया है कि एशियाड 2026 में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है। एलन कर से सवाल किया गया था कि क्या 2026 एशियाड में नागोया में मौजूदा बेसबॉल स्टेडियम का इस्तेमाल क्रिकेट मैच के लिए किया जाएगा। कर ने एमर्जंग क्रिकेट से कर ने कहा कि, देखों अगर क्रिकेट को शामिल किया जाता है तो ये शानदार होगा। हालांकि हमारी आयोजन समिति से बात हुई है जो कि साफ कर चुके हैं कि ऐसा नहीं है। एशियाड में 41 खेल होंगे लेकिन क्रिकेट अभी उस स्तर पर नहीं है। जब तक वह हमें कुछ और न कहे हम कोई प्लान तैयार नहीं करेंगे।

## महिला ट्वंटी-20 विश्वकप के लिये आईसीसी ने शुरू किया एआई उपकरण

दुबई, 3 अक्टूबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को महिला टी-20 विश्व कप में क्रिकेट समुदाय, खिलाड़ियों और प्रशंसकों को विषाक्त सामग्री से बचाने, एक सुरक्षित और समावेशी ऑनलाइन वातावरण बनाने के लिये एक 'सोशल मीडिया मॉडरेशन' कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरण युक्त कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की शुरुआत की है। आईसीसी की आज जारी विज्ञिप्त के अनुसार ब्रिटेन की सॉफ्टवेयर कंपनी 'गो बबल' के सहयोग से यह एआई संचालित उपकरण खिलाड़ियों के सोशल मीडिया चैनलों पर अभद्र भाषा और उत्पीड़न जैसी विषाक्त सामग्री की निगरानी करता है, इसका उद्देश्य टीम और खिलाड़ियों की मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा कर सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देना है। पहले ही 60 से अधिक खिलाड़ी सोशल मीडिया सुरक्षा सेवा के इस विकल्प का चयन कर चुके हैं।

## पाक क्रिकेटर उस्मान ने लिया संन्यास



नई दिल्ली, 3 अक्टूबर। पाकिस्तान के 31 वर्षीय लेग स्पिनर उस्मान कादिर ने क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उस्मान ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए दी। उस्मान कादिर पाकिस्तान के लीजेंड्री स्पिनर अब्दुल कादिर के बेटे हैं। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 25 टी20 और 1 वनडे मुकाबला खेला है। 25 टी20 में उन्होंने कुल 31 विकेट अपनेन नाम किए हैं। पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी मैच 7 अक्टूबर 2023 को बांग्लादेश के खिलाफ था।उस्मान कादिर ने अपने सोशल मीडिया पर संन्यास का ऐलान करते हुए लिखा कि, मैं आज पाकिस्तान क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा कर रहा हूं।

# कांग्रेस राज में जमीन, आकाश और पाताल में हुए घोटाले- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा कि भाजपा हरियाणा संकल्प पत्र के सारे वादे पूरे करेगी

लोहारू (हरियाणा), 3 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियाणा के लुहारु विधानसभा क्षेत्र के कुड़ल गांव में भाजपा प्रत्याशी जे.पी. दलाल के समर्थन के जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा जवान और किसान की धरती है और हमारी सरकार के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में यहां विकास कार्यों से बड़ा परिवर्तन आया है। हरियाणा में 8 अक्टूबर को आने वाले चुनाव नतीजों में एक बार फिर डबल इंजन की सरकार बनाकर भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी घोषणा पत्र के वायदों को पूरा नहीं किया, और तो और, चुनावी नतीजों के बाद कांग्रेसी ढूंढने से भी नहीं मिलते। कांग्रेस की फितरत रही है कि वह हमेशा चुनावों में जनता को सपने दिखाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने झूठ और लूट की दुकान खोल रखी है। जनता को यह याद रखना चाहिए कि किस प्रकार 2014 से पहले हरियाणा में युवाओं को धोखा देकर कांग्रेस ने नौकरियों में भ्रष्टाचार किया और जमीनों में घोटाले किए। असल मायनों में, कांग्रेस भ्रष्टाचार की जड़ों में है, इसलिए यह देश में भ्रष्टाचार की जननी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में जमीन, आकाश और पाताल में घोटाले हुए, जो हरियाणा की जनता को आज भी याद हैं।

शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कभी किसानों को सम्मान निधि नहीं मिली। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद सम्मान निधि मिलने लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बैंकों की चौखट पर कभी नहीं चढ़ने वाले गरीबों के खाते खोले और उनका बीमा भी किया। माताओं-बहनों का सम्मान बढ़ाते हुए, उन्हें धूएं से निजात दिलाई और गैस सिलेण्डर दिया तथा गरीबों को आवास, शौचालय और बिजली के कनेक्शन भी दिए।



*हरियाणा दौरे पर गए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोहारु विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पी. दयाल के समर्थन में कुड़ल गांव में जनसभा को संबोधित किया।*

- **लोहारू के पास कुडल गाँव में चुनाव सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद गरीब कल्याण, विकास योजनाएं, आतंकवाद-नक्सलवाद का खात्मा तथा विश्व में बढ़ता देश का मान सबने देखा है।**
- **उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार के नेतृत्व में हरियाणा में विकास कार्यों में बड़ा परिवर्तन आया है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार में 24 फसलों पर एम.एस.पी. मिल रही है। जब हरियाणा में बाजरा 2400 रुपये में खरीदा जा रहा था, तब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार में किसान को 1200 रुपये ही मिले। उन्होंने कहा कि राजस्थान और हरियाणा के युवा देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री जी ने सैनिकों का सम्मान बढ़ाते हुए, "वन रैंक-वन पेंशन" दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टियां वंशवाद की पार्टियां हैं। कांग्रेस ने तो 70 सालों में हमेशा भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण के आधार पर ही राजनीति की है। हरियाणा में भाजपा की सरकार अपने संकल्प पत्र के सभी वायदों को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल ने आमजन से दलाल को सबसे अधिक मतों से जिताकर विधानसभा भेजने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा पार्टी पदाधिकारियों सहित, बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## हरियाणा में "आप" का उम्मीदवार कांग्रेस में शामिल

चंडीगढ़ , 03 अक्टूबर। हरियाणा में शनिवार को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को कांग्रेस ने तगड़ा झटका दिया है। नीलोखेड़ी (सुरक्षित) सीट से आप उम्मीदवार अमर सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा की मौजूदगी में अमर सिंह कांग्रेस में शामिल हुए। इस दौरान बाजवा ने कहा कि कांग्रेस में अमर सिंह का स्वागत है। वे बिना शर्त पार्टी में शामिल हुए हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद अमरसिंह ने कहा कि केवल कांग्रेस ही भाजपा सरकार को हरा सकती है। प्रदेश में भाजपा किसानों, महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय कर रही है। भाजपा को हराने के लिए वे कांग्रेस में शामिल हुए हैं। बाजवा ने बताया कि अमर सिंह ने नीलोखेड़ी से कांग्रेस उम्मीदवार धर्मपाल गोंदर का समर्थन दिया है।

## बारां प्रवास के पहले...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

देखा था, उसे शताब्दी वर्ष तक पूर्ण करना हमारा ध्येय है। इस निमित्त प्रत्येक ग्राम और नगरीय क्षेत्र में उप-बस्ती तक कार्य का विस्तार करना है। समाज को स्वावलंबी और अनुशासित बनाने के लिए हर ग्राम तक पहुँचना होगा। उन्होंने कहा कि इन सब कार्यों के लिए समय देने वाले कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ानी होगी। डॉ. भागवत के धर्मदा धर्मशाला परिसर में पहुंचने पर संस्था के सदस्यों द्वारा तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। आज की बैठक में प्रांत के सभी जिला,विभाग प्रचारकों के साथ वरिष्ठ प्रचारक अरुण जैन, सुरेशचंद, बलिराम एवं निम्बाराम भी उपस्थित थे।

## इज़रायल, अमेरिका...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सैक्टर के लिए खतरा बन गए है। रैड सी से गुजरने वाले जहाजो पर वे अक्सर मिसाइल हमला करते है। रैड सी कभी बेहद व्यस्त शिपिंग रुट था। तेल के जहाज यहां से गुजरते थे पर ईरान की मदद से हूती इस मार्ग के लिए खतरा बन गए हैं। इसलिए रणनीतिक विशेषज्ञ कह रहे हैं कि ईरान के परमाणू संयंत्रों पर इज़रायल का हमला स्वागत योग्य कदम होगा। इज़रायल के आलोचक भी ऐसा चाहते है।

# रेलवे कर्मियों को 78 दिन का बोनस

- **केन्द्र सरकार के फैसले से 12 लाख रेल कर्मचारियों को दिवाली से पहले यह राशि मिलेगी।**
- **रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों को यह भुगतान पी.एल.बी. के रूप में दिया जाता है तथा इससे प्रदर्शन में सुधार करने के लिये प्रोत्साहन मिलता है।**

नई दिल्ली, 03 अक्टूबर। रेलवे कर्मचारियों को केन्द्र सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। केन्द्र की तरफ से आने वाले त्योहारों में कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस देने का ऐलान किया गया है। जानकारी के अनुसार, सरकार के इस फैसले से करीब 12 लाख कर्मचारियों को लाभ होगा। बोनस का भुगतान दशहरा और दीवाली की छुट्टी से पहले किया जाएगा।

यह राशि रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अन्य ग्रुप'सी' स्टाफ को भुगतान की जाएगी। पी.एल.बी. का भुगतान रेलवे कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में किया जाता है।

पात्र रेलवे कर्मचारियों को पी.एल.बी. का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा/दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है। इस वर्ष भी लगभग 11.72 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर पी.एल.बी. राशि का भुगतान किया जा रहा है। प्रति पात्र रेलवे कर्मचारी को देय अधिकतम राशि 78 दिनों के लिए 17,951/- रुपये है। उपरोक्त राशि रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अन्य ग्रुप सी स्टाफ को भुगतान की जाएगी। साल 2023-2024 में रेलवे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। रेलवे ने 1588 मिलियन टन का रिकॉर्ड माल लोड किया और लगभग 6.7 बिलियन यात्रियों को ले जाया गया।

## 'पराली जलाने से वायु प्रदूषण मामले में क्या कार्यवाही हुई'

नयी दिल्ली, 3 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों में से एक पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग विफल रहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक बार फिर सख्त टिप्पणियां कीं। पीठ ने पंजाब और हरियाणा की सरकारों को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करके सी.ए.क्यू.एम. द्वारा जारी निर्देशों के कार्यान्वयन का खुलासा करने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा, "हर साल सर्दियों में पड़ोसी राज्यों हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने से दिल्ली-एन.सी.आर. में गंभीर वायु प्रदूषण होता है।

## पॉक्सो प्रकरण आरोपी की जमानत रद्द...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की ओर से मुख्य आरोपी को मिली जमानत को रद्द कराने के लिए पेश प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने मुख्य आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र निस्तारित करते हुए कहा था कि उसका मामला अन्य आरोपी राहुल से अलग नहीं है, जबकि दोनों आरोपियों के कृत्य अलग-अलग रहे हैं। आरोपी विश्वेन्द्र का पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का साक्ष्य स्पष्ट तौर पर है। ऐसे में पीठासीन अधिकारी ने खेत सिंह बनाम राजस्थान राज्य मामले में दिए गए फैसले की गलत व्याख्या कर आरोपी को अनुचित तरीके से जमानत दी है। ऐसे में आरोपी को मिली जमानत को रद्द करना उचित रहेगा। मामले से जुड़े अधिवक्ता आर.बी. बंसल ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 30 मार्च 2023 को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें पीड़िता ने अपने बयानों में कहा था कि राहुल व अनिल ने उसके साथ दुष्कर्म नहीं किया है और मुख्य आरोपी विश्वेन्द्र ने उसके साथ गलत काम किया था। इसके बावजूद, पॉक्सो कोर्ट ने राहुल को मिली जमानत के आधार पर ही मुख्य आरोपी को भी जमानत दी है, जबकि उनका कृत्य अलग-अलग था। इसलिए मुख्य आरोपी को दी गई जमानत को रद्द किया जाए। मामले की सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने आरोपी को मिली जमानत को रद्द कर उसे एक सप्ताह में सरैंडर करने को कहा है।

## एयर मार्शल धारकर ने वायुसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली, 03 अक्टूबर। एयर मार्शल एस पी धारकर ने गुरुवार को यहां वायुसेना मुख्यालय में वायुसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला। वायु सेना के अनुसार, एयर मार्शल धारकर ने वर्ष 1985 में वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। वे राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और यू एस एयर वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। वे अग्रिम मोर्चे की लड़ाकू इकाई की कमान संभाल चुके हैं। उन्होंने रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के पहले महानिदेशक के रूप में कार्य किया है। वायु सेना उप प्रमुख बनने से पहले वह वायु सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

थी। रिटायर्ड प्रोफेसर, कोयंबटूर के एस. कामराज ने हाईकोर्ट में पेश बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी दो बेटियाँ ईशा योग सैंटर एण्ड फाउण्डेशन में रह रही हैं और उन्हें परिवार के साथ सम्पर्क बनाने की अनुमति नहीं दी जा रही हैं। ईशा फाउण्डेशन ने इस आरोप से इन्कार किया है।

## नड्डा जयपुर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अब रविवार को वीसी के जरिए सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में सांसद, पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख, मेयर, उप महापौर के साथ प्रदेश सदस्यता अभियान की टोली, प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ-साथ आगामी रूपरेखा पर चर्चा होगी।

## कांग्रेस की जीत इस बात पर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

एम.वी.ए. की जड़ें जमा रहे हैं। महाराष्ट्र के नेताओं का मानना है कि जहाँ यह स्थिति यग दर्शाती है कि आसन्न चुनावों के लिये कांग्रेस और एम.वी.ए. जनता को विशेष प्रिय हैं।

वहीं यह स्थिति पार्टी नेतृत्व के लिये एक चुनौती भी प्रस्तुत कर रही है क्योंकि नेतृत्व को पार्टी की अन्दरुनी हलचल को सावधानीपूर्वक संभालना तथा सही उम्मीदवारों का चयन करना होगा।

पार्टी की ऐसा कर पाने की दक्षता आसन्न चुनावों में उसकी सफलता निर्धारित करने में बहुत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक होगी। हरियाणा में चुनावों से पहले बड़ी संख्या में आवेदनों के आने, बागी उम्मीदवारों के निर्दलीय उम्मीदवारों के रुप में खड़े होने तथा ज्यादातर टिकटें पूर्व मुख्यमंत्री भूपिन्दर सिंह हूडा के समर्थकों को दिये जाने के कारण सैलजा जैसे असंतुष्ट नेताओं को शान्त करने के लिये पार्टी को पूरा जोर लगाना पड़ा, तब जाकर पार्टी चुनावी खेल में शीर्ष पर दिखाई दे रही है।





72198 21111 | BAJAJ SECURE | pine labs PAY LATER | HDFC BANK

*नियम और शर्तें लागू. *ऑफ़र्स केवल चुनिंदा वैरिएंट्स पर ही उपलब्ध. ऑफ़र 15 नवंबर 2024 तक ही वैध. बजाज ऑटो को पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. मॉडल पर निर्भर करते हुए ₹10,000 तक की *बचत में ₹5000* तक का कैशबैक और ₹5000* एचडीएफसी कार्ड कैशबैक शामिल है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है. कैशबैक ऑफ़र एचडीएफ़सी क्रेडिट कार्ड्स के ईएमआई ट्रांजेक्शन्स पर केवल पाइन लैब्स मशीन्स पर ही 15 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध है. ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म्स पर ऑफ़र्स उनके नियम और शर्तों के अधीन हैं.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jaipur: • Ajmer Road, Purani Chungi** PL BAJAJ 7374003036/35 • **Govind Marg Tiraha, Rajapark** J M Bajaj 8233900581 • **Tonk Phatak, Tonk Road** J M Bajaj 8233700581 • **Sikar Road, Opp Road No.3** ML BAJAJ 9057097777 • **Behror** VIJAY BAJAJ **9694093176** • **Alwar** DHONKARIA BAJAJ 9358757111 • **Bhiwadi:** SUN BAJAJ 7023003330 • **Chomu** LAXMI BAJAJ 9829210417 • **Tonk** EMN Motors 7413000574 • **Dausa** DHONKARIA BAJAJ 9414035435• **Kotputli:** SANU BAJAJ 9982391391. **Authorised Service Centre: Jorawar Singh Gate** 9828111129 • **Hatoj** 9928119199 • **Jhotwara** 9928047234 • **Kalwar** 9829523816 • **Jagatpura** 9928488510 • **Narayanpur** 9694973216 • **Viratnagar** 9694973216 • **Sanganer** 9950872222 • **Goliyawas** 9772472000 • **Bagru** 9413341967 • **Dudu** 9982198893 • **Phulera** 9829945021• **Chowki** 9928869454 • **Shahpura** 9928715230 • **Pawta** 9414409634 • **Manoharpur** 9462604900 • **Govindgarh** 9829517764 • **Achrol** 9414335864 • **Jamwaramgarh** 9929018108 • **Chaksu** 9314935690 • **Tunga** 9828860106 • **Renwal Manjhi** 9928024951 • **Khejroli** 9414782766 • **Kaladera** 8741015036 • **Daulatpura** 9928370983 • **Sikandra** 9414035814 • **Nangal** 9462511511 • **Lalsot** 9414035651 • **Mahwa** 9413381450 • **Bandikui** 9460331449 • **Gangapur City** 9530160777 • **Nadoti** 9414860708 • **Hindaun City** 9829169239 • **Karauli** 9414033941• **Kurgaon** 9828341946 • **Bonli** 9783903813 • **Khandar** 9414552677 • **Toda Bheem** 9461109501 • **Malpura** 9929583595 • **Deoli** 9829635316 • **Kakod** 9783084398 • **Nagarfort** 9001400588 • **Niwai** 9929179673 • **Phagi** 9667871667 • **Andhi** 9602665562 •**Sarna-Doongar** 8209301092 • **Vatika** 9929113475 • **Kanota** 9610451480 • **Kishangarh renwal** 9928882764 • **Kishangarh** 7023003330 • **Tijara** 9414680941 • **Kotkasim** 9929030532 • **Bansur** 9694973216 • **Govindgarh** 9413066423 • **Ramgarh** 9982250025 • **Sodawas** 9928672728 • **Neemrana** 9460128602 • **Shahjahanpur** 9460604888 • **Barodamev** 6350623122 • **Khairthal** 8290650506 • **Rajgarh** 8955512183 • **Bibirani** 9929030532 • **Kherli** 8385828170 • **Bhagwadi** **9928214918** • **Jurehra** 9352928700 • **Bhusawar** 9887581897 • **Nadbai** 9887002030 • **Kaman** 9414401228 • **Deeg** 9351096829 • **Rudawal** 9982774225 • **Kumer** 7976932059 • **Roopbas** 9414654571 • **Bayana** 9782636250 • **Halena** 8290752702 • **Saipau** 9413593636 • **Sarmathura** 8058810990 • **Baseri** 9649712111 • **Bari** 9785926605 • **Mania** 7597522182/83 • **Mundawar** 9571461181 • **Narayanpur** 9694973216.


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908